Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

Established 1865

# पायनियर

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-293
रायपुर, रविवार 15 जून 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज

### ई-विधान पारदर्शी विधानसभा की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम : रिजिजू

**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि दिल्ली



विधानसभा में ई-विधान परियोजना की आधारशिला रखना तकनीकी दक्षता और पारदर्शिता को अपनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। रिजिजू ने विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की मौजूदगी में दिल्ली विधानसभा में ई-विधान (पेपरलेस विधानसभा) परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर पर रिजिजू ने कहा, दिल्ली विधानसभा में ई-विधान परियोजना की आधारशिला रखना तकनीकी दक्षता और पारदर्शिता को अपनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। देश के कई राज्यों ने पहले ही इस प्रणाली को सफलतापूर्वक अपनाया है और अब दिल्ली का इस राष्ट्रीय पहल से जुड़ना उत्साहवर्धक है।

### एक्सिओम -4 मिशन का प्रक्षेपण 19 जून को

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री



सुभांशु शुक्ला के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए एक्सिओम-4 मिशन का प्रक्षेपण अब 19 जून को होगा। भारतीय इसरो ने कहा कि फाल्कन नौ प्रक्षेपण यान में तरल आक्सीजन रिसाव की गड़बड़ी को सफलतापूर्वक ठीक कर लिया गया है। इस बीच केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा ''भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन की प्रक्षेपण तिथि को फिलहाल 19 जून के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है।''

### शांतिपूर्ण दुनिया के लिए अभी उठाएं कदमः गुटेरेस

**संयुक्तराष्ट्र।** संयुक्तराष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अंतराष्ट्रीय शांति दिवस के लिए



अपने संदेश में दुनिया के लोगों से शांति के लिए अपनी भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए ' शांतिपूर्ण दुनिया के लिए अभी उठाएं कदम का नारा दिया है। गुटेरेस ने शांति दिवस की तैयारियों को लेकर एक संदेश में विश्व के लोगों से इस सौ दिन की अवधि में दुनिया को और अधिक शांतिपूर्ण बनाने के लिए अपना व्यक्तिगत योगदान करने का आह्वान किया है।

# अहमदाबाद विमान हादसे में 270 शव बरामद

पायनियर संवाददाता < अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुये भीषण विमान हादसे में दुर्घटनास्थल से अब तक 270 शव बरामद किये गये हैं और उनकी शिनाख्त की जा रही है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि एक शव के डीएनए परीक्षण में पहचान पुष्ट होने के बाद सिविल अस्पताल प्रशासन ने उसे परिजनों को सौंप दिया है। अहमदाबाद पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर खोजबीन में अब तक 270 शव मिले हैं और उनकी पहचान की प्रक्रिया जारी है। उल्लेखनीय है कि इस त्रासदी में गुरुवार को अपराह्न 1.39 बजे



अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर विमान एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में चालक दल के 12 सदस्यों सहित 242 लोग थे। उनमें से केवल एक यात्री जीवित बचा है। एयर इंडिया ने विमान में सवार 241 व्यक्तियों के दुर्घटना में मारे जाने की पुष्टि की है। विमान के हॉस्टल पर गिरने से उस समय हॉस्टल में मौजूद और आस-पास के कई लोग भी इस हादसे में हताहत हुये थे।

## अन्य राज्यों में बढी गर्मी की छुट्टियां छत्तीसगढ़ में भी छुट्टियां बढ़ाने की मांग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ राज्य में 16 जून से स्कूल फिर खुलने जा रहे हैं। वहीं देश के विभिन्न राज्यों ने भयावह गर्मी के चलते स्कूल की छुटियां बढ़ा दी गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 16 जून से खुलने जा रही स्कूलों में गर्मी के चलते रोक लगा दिया है। यूपी सरकार ने गर्मियों की छुटटी में 15 दिन की वृद्धि कर दी है। अब यहां स्कूल 1 जुलाई से खुलेंगे। सरकार ने इसके लिए आदेश भी जारी कर दिया है। दरअसल इस समय पूरे देश में उमस भरी गर्मी का प्रकोप है, इससे बच्चों के स्वास्थ्य में प्रतिकूल प्रभाव पड सकता है। जिसके कारण उत्तर प्रदेश सरकार ने गर्मी की छुटियों में वृद्धि की है। वहीं दूसरी ओर इस भीषण गर्मी में छत्तीसगढ में 16 जून से स्कूल खुलने जा रहे है। राज्य में इन दिनों भीषण गर्मी और उमस का मौसम है ऐसे में यहां भी स्कूल को 1 जुलाई से खोलने की मांग की जा रही है। बहरहाल छत्तीसगढ सरकार ने अभी तक गर्मी की छुटियों में वृद्धि नहीं की है। जिसके चलते बच्चे और अविभावक खासे चिंतित हैं।

### कांग्रेस ने जताई आपत्ति छुट्टी बढ़ाने की मांग

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सरकार के इस कदम से सहमत



नहीं है। उन्होंने गर्मी की छुट्टियां जुलाई तक बढ़ाने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश में पड़ रही गर्मी और उमस का हवाला दिया है। दीपक बैज ने जुलाई से स्कूलों को खोले जाने की मांग करते हुए बच्चों को राहत देने की बात कही है।

## परिवार के पांच सदस्यों ने खाया जहर, तीन मासूमों ने तोड़ा दम, माता-पिता का इलाज जारी



पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

कांकेर ज़िले के परतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चन्दनपुर अंतर्गत ग्राम पी. व्ही. 70 शांतिनगर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों ने ज़हर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। इस दर्दनाक घटना में परिवार के तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई है। मृत बच्चों की पहचान वर्षा बैरागी (उम्र 11 वर्ष), दीप्ती बैरागी (उम्र 7 वर्ष) और देवराज बैरागी (उम्र 5 वर्ष) के रूप में हुई है। माता-पिता ने भी ज़हर खाकर जान देने की कोशिश की, लेकिन उन्हें समय रहते सिविल अस्पताल पखांजूर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। अभी तक ज़हर खाने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्राथमिक तौर पर मामला घरेलू परेशानी हो सकता है। पूरा मामला परतापुर थाना क्षेत्र का है और पुलिस द्वारा विस्तृत जांच जारी है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आत्म हत्या का कारण क्या है।

## रायपुर के उरला औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री में लगी भीषण आग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर जिले के उरला औद्योगिक क्षेत्र में एक डामर फैक्ट्री में भीषण आग लग गयी। घटना दोपहर करीब 12 बजे घटित हुयी। घटना के समय फैक्ट्री में कर्मचारी काम कर रहे थे। उरला थाना प्रभारी बी.एल. चंद्राकर ने बताया कि आग वेस्टर्न तार प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड नामक फैक्ट्री में लगी थी, जहां डामर और तार निर्माण का कार्य होता है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली की तार से चिंगारी ने जल्द ही आग का रूप ले लिया और फैक्ट्री में रखे ज्वलनशील पदार्थों के कारण तेजी से फैल गयी। फैक्ट्री प्रबंधन ने सतर्कता दिखाते हुए तत्काल सभी कर्मचारियों और आसपास मौजूद लोगों को बाहर निकाल लिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। इसके बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचित किया गया। फिलहाल उरला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पीएम मोदी 15-18 जून के बीच तीन देशों की यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 से 18 जून के बीच कनाडा,



साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा पर जाएंगे और वह कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मोदी पहले चरण में साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स के निमंत्रण पर 15-16 जून, 2025 को वहां की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यह पहली यात्रा होगी। निकोसिया में रहते हुए मोदी क्रिस्टोडोलिड्स के साथ बातचीत करेंगे और लिमासोल में व्यापारिक नेताओं को संबोधित करेंगे। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने और भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

## नीट यूजी 2025 का परिणाम घोषित, 12.36 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी हुए उत्तीर्ण

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने अंडरग्रेजुएट मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया, जिसमें 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस साल राजस्थान के महेश कुमार ने 99.99 परसेंटाइल हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरा स्थान मिला है। लड़कियों में अविका अग्रवाल ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं। एनटीए ने नीट-यूजी 2025 के लिए ने सभी श्रेणियों के लिए कटऑफस्कोर भी जारी किया है। इस वर्ष सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कटऑफस्कोर 686 से 144 के बीच निर्धारित किया गया है। वहीं, सामान्य/ आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग, दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह कटऑफस्कोर 143 से 127 के बीच है। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के लिए कटऑफस्कोर 143 से 113 के बीच निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि नीट-यूजी 2025 की परीक्षा चार मई को आयोजित की गई थी।

## ईरान के अराश ड्रोन ने इजरायल के ठिकानों पर किया हमला

एजेंसी < तेहरान
www.dailypioneer.com



ईरान के अराश कामिकेज़ ड्रोन ने सटीक निशाना साधते हुए इजरायल में ठिकानों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया। ईरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने अपनी रिपोर्ट बताया है कि अराश एक मानव रहित हवाई वाहन या फिर ड्रोन है जिसकी परिचालन सीमा 2,000 किलोमीटर से अधिक है। इसे ईरान के सैन्य विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसने इज़रायल में सैन्य केंद्रों और हवाई ठिकानों सहित कई लक्ष्यों के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया है। ईरान ने इजरायल के हवाई हमलों के बदला लेने के लिए इसे शुरू किया है। गौरतलब है कि इजरायल की ओर से किये गये हमले में ईरान के कई शीर्ष रैंकिंग वाले सैन्य कमांडर, प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक और निर्दोष नागरिक मारे गए थे। ईरान की सेना ने कहा है कि कई अराश कामिकेज़ ड्रोन ने सफलतापूर्वक कब्जे वाले क्षेत्रों में प्रवेश किया और अपने लक्ष्यों को निशाना बनाया। गौरतलब है कि ईरान ने कब्जे वाले फ़िलिस्तीन में इजरायल के कई ठिकानों पर कम से कम पाँच बैलिस्टिक मिसाइल दागे हैं। इसके कारण देर रात से शनिवार तड़के तक इज़रायल में अलर्ट सायरन लगातार बजते रहे। ईरानी मीडिया में फुटेज में कब्जे वाले क्षेत्रों में व्यापक मलबे को दिखाया गया है। वहीं, इज़राइल की मीडिया ने इस तबाही को इतिहास में अभूतपूर्व बताया है। ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों के पहले हमलों के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआईजीसी) ने कहा कि कम से कम 150 सैन्य और खुफिया ठिकानों के साथ ही हथियार निर्माण केंद्रों को निशाना बनाया गया है। बाद के मिसाइल हमलों के बाद कोई और बयान नहीं आया है। कुछ इज़राइली मीडिया संस्थानों ने यहूदी इकाई पर वारहेड्स को 'भयानक' बताया। उधर, इजरायल की मीडिया और नेताओं ने ईरान की ओर से किये गये हमले में तीन लोगों के मारे जाने की बात कही है। इज़रायल में विपक्षी दल के नेता यायर लैपिड ने तीन इज़रायली नागरिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, इज़रायल के लिए यह भारी रात थी। उन्होंने कहा, हम एक मजबूत सेना के साथ एक मजबूत लोग हैं। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा है कि देश की वायु सेना ईरान में लक्ष्यों पर हमला करने के लिए तैयार है। इस बयान के जारी होने से थोड़ी देर पहले, आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफलेफ्टिनेंट जनरल इयाल ज़मीर और इजरायली वायु सेना प्रमुख मेजर जनरल तोमर बार ने संयुक्त स्थिति का आकलन किया।

## नक्सल विरोधी अभियान में सफलता, चार नक्सली ढेर



पायनियर संवाददाता < बालाघाट
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सलनिरोधक अभियान के तहत बड़ी सफलता पाते हुए चार नक्सलियों को ढेर कर दिया। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने बताया कि बालाघाट जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच कल रात से मुठभेड़ जारी थी। इसी बीच सुरक्षा बलों ने चार नक्सलियों को ढेर कर दिया, जिनमें एक पुरुष और तीन महिला नक्सली शामिल हैं। मुठभेड़ स्थल से हथियार भी बरामद हुए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार घटना स्थल पर लगातार बारिश के बीच भी नक्सलनिरोधक अभियान जारी है। मकवाणा ने सुरक्षाबलों को इस सफलता पर बधाई दी है।

## देश में कोरोना संक्रमण से नौ मरीजों की मौत, कुल सक्रिय मामले 7400

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से नौ और मरीजों की मौत होने से इस वायरस से मरने वालों की कुल संख्या 87 हो गयी और 269 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ कुल सक्रिय मामले 7400 हो गये हैं। इससे पहले शुक्रवार को कोरोना सक्रिय मामलों की कुल संख्या 7131 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में महाराष्ट्र में कोराना संक्रमण से चार, केरल में तीन और राजस्थान और तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत हो गयी है। राष्ट्रीय राजधानी, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में सबसे ज़्यादा मामले सामने आ रहे हैं। गत 22 मई को देश में कोराना के मामले सिर्फ़ 257 सक्रिय थे जो आज बढ़कर 7400 तक पहुंच गए। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान 11967 मरीज कोरोना के संक्रमण से से ठीक हो गये हैं। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के सबसे अधिक सक्रिय मामले गुजरात से 79, कर्नाटक से 132, केरल से 54 और मध्य प्रदेश से 20 मामले सामने आये है और दिल्ली में 42, आंध्र प्रदेश में 15 और महाराष्ट्र में 16 मामले कम हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार संक्रमण के नये उभरते वेरिएंट, विशेष रूप से एलएफ7, एक्सएफजी, जेएन.1 और हाल ही में पहचाने गये एनबी.1.8.1 सबवेरिएंट के कारण हो रहा है। इन वेरिएंट्स की जांच चल रही है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश के 28 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में कोरोना के सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है, जबकि तीन राज्यों मिजोरम, हिमाचल प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश में कोरोना संक्रमण का अभी कोई सक्रिय मामला नहीं है। केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में सक्रिय मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

संक्रमण के मामले में केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य है, आज सुबह तक 54 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ इसका आंकड़ा 2109 तक पहुंच गया है और राष्ट्रीय राजधानी में 42 मामले घटने से संक्रमितों की कुल संख्या घटकर 672 रह गई। गुजरात में 79 सक्रिय मामले बढ़ने से कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढकर 1437 पहुंच गयी है।

### सिंधी समाज की सेवा भावना को मुख्यमंत्री ने सराहा

## संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर जांच ही रोगों से बचाव का मूल मंत्र : साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपदा है। यदि हम संतुलित आहार लें, नियमित रूप से व्यायाम करें और समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच कराएं, तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर के केनाल रोड स्थित झूलेलाल धाम में आयोजित भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को संबोधित कर रहे थे। पूज्य बाबा गुरुदास राम की 94वीं जयंती के अवसर पर इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पूज्य शदाणी सेवा मंडल, पूज्य बाबा गरीबदास सेवा मंडल, पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत, भारतीय सिंधु सभा तथा पूज्य कंधकोट पंचायत द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में



नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराई और आयुष्मान कार्ड भी बनवाए। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अनियमित जीवनशैली, मिलावटी खानपान और प्रदूषित वातावरण के कारण बीपी और डायबिटीज जैसी बीमारियाँ अब आम हो चुकी हैं। यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों के मेहनतकश लोग भी अब इन बीमारियों से अछूते नहीं हैं। ऐसे में इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन अत्यंत सराहनीय पहल है। मुख्यमंत्री साय ने सिंधी समाज की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समाज प्रारंभ से ही सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहा है। उन्होंने स्मरण करते हुए कहा कि जब वे रायगढ़ से सांसद थे, तब से वे सिंधी समाज के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इस अवधि में स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में चौतरफा विकास हुआ है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिहाज से छत्तीसगढ़ आज मेडिकल हब के रूप में उभर रहा है। राज्य निर्माण के समय जहाँ केवल एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं अब शासकीय एवं निजी क्षेत्र मिलाकर 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। निजी क्षेत्र में सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की स्थापना भी हुई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों की चिकित्सा व्यवस्थाएं सुदृढ़ हुई हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी प्रारंभ किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को बेहतर इलाज की सुविधा देने हेतु केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

## मनोहर लाल, सैनी ने किया निर्माणाधीन परमाणु बिजली संयत्र का दौरा

पायनियर संवाददाता < फतेहाबाद
www.dailypioneer.com



केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को फतेहाबाद जिले के गोरखपुर गांव में बन रहे परमाणु बिजली संयंत्र 'गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना' (जीएचएवीपी) की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मनोहर लाल ने कहा कि इस संयत्र में देरी के पीछे कई तकनीकी एवं प्रशासनिक कारण रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2031 में इसकी दो यूनिट और बाकी दो यूनिट 2032 में शुरू होंगी। इनसे 2800 मेगावाट बिजली मिलेगी, इसकी 50 फीसदी बिजली हरियाणा को मिलेगी। बाकी केंद्र सरकार को दी जायेगी। सैनी ने कहा कि यह परियोजना न केवल हरियाणा, बल्कि समूचे उत्तर भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि यह परमाणु ऊर्जा परियोजना भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और परमाणु ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि परियोजना पर अब तक 42 हजार करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। गौरतलब है कि गोरखपुर अणु विद्युत परियोजना का निर्माण कार्य न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी 2014 को इस गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना संयंत्र का शिलान्यास तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने किया था।

## चीन ने प्राकृतिक आपदाओं की एकीकृत निगरानी के लिए उपग्रह प्रक्षेपित किया

वार्ता < जिउक्वान
www.dailypioneer.com



चीन ने एक विद्युत चुम्बकीय निगरानी उपग्रह प्रक्षेपित किया जिससे देश की बड़ी प्राकृतिक आपदाओं की एकीकृत निगरानी बेहतर होने की उम्मीद है। एकीकृत निगरानी में 'अंतरिक्ष-वायु-भूमि' शामिल है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार, लांग मार्च-2डी वाहक रॉकेट ने उत्तर-पश्चिम चीन के जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से उड़ान भरी और झांगहेंग 1-02 उपग्रह को सफलतापूर्वक उसकी नियोजित कक्षा में पहुंचाया। उपग्रह की तैनाती देश की अंतरिक्ष आधारित भूभौतिकीय क्षेत्र अवलोकन क्षमता को बेहतर बनाने में नवीनतम उपलब्धि को दर्शाती है और इससे प्रमुख प्राकृतिक आपदाओं के लिए अंतरिक्ष-वायु-भूमि एकीकृत निगरानी क्षमता को और मजबूती मिलेगी। प्रशासन ने कहा कि झांगहेंग 1-02 के लिए 2019 में चीन और इटली के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था। चाइना डेली की रिपोर्ट के अनुसार, छह वर्ष के लिए डिजाइन किए गए इस उपग्रह में नौ वैज्ञानिक पेलोड हैं, जिनमें चीन और इटली द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एक विद्युत क्षेत्र डिटेक्टर और इटली द्वारा विकसित एक उच्च ऊर्जा कण डिटेक्टर भी शामिल है। यह अंतरिक्ष यान वैश्विक विद्युत चुम्बकीय क्षेत्रों, विद्युत चुम्बकीय तरंगों, आयनमंडल और तटस्थ वायुमंडल के वास्तविक समय की माप करेगा।

# किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम दिलाने राज्य सरकार प्रतिबद्ध : यादव

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की बेहतरी के लिये सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किये जाने संबंधी निर्णय लेकर प्रस्ताव केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को भेजा है। किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द के उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 19 जून से प्रारंभ होगा। इस संबंध में संबंधित विभाग एवं एजेंसियों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये कृषि आधारित उद्योग लगाने में भी मदद कर रही है। किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम दिलाने के लिये प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने किसान संघों से हुई चर्चा में आश्वस्त किया कि हम सब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य की बेहतरी के लिये डबल इंजन की सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। उन्होंने कहा है कि सरकार किसानों को अगली फसल के लिये भी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को उन्नत बीज और उन्नत कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश में निरंतर कृषि मेलों का आयोजन कर रही है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कृषि लागत एवं मूल्य आयोग भारत सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8682 रूपये प्रति क्विंटल और उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7400 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। राज्य किसान कल्याण एवं कृषि विभाग द्वारा केन्द्र को भेजे गये प्रस्ताव में किसानों का पंजीयन, उपार्जित फसल की गुणवत्ता, परिवहन, भुगतान के साथ प्रचार-प्रसार की कार्य-योजना भी प्रेषित की गई है। प्रदेश के 36 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक मूंग फसल कटाई और प्रदेश के 13 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक उड़द फसल की कटाई की जाती है। प्रदेश में मूंग का संभावित क्षेत्राच्छादन 14.35 लाख हेक्टेयर, संभावित उत्पादन 20.23 लाख मीट्रिक टन है। इसी प्रकार उड़द का संभावित क्षेत्राच्छादन 0.95 लाख हेक्टेयर, संभावित उत्पादन 1.24 लाख मीट्रिक टन है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जाने वाली मूंग एवं उड़द के लिये संबंधित किसानों को पंजीयन के लिये किसान की फसल का नाम, आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, आईएफसी कोड सहित भूअधिकार ऋण पुस्तिका की स्व-प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगी।

# राज्य सरकार भीषण गर्मी में सुनिश्चित करें आवश्यक इंतजाम : गहलोत



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य सरकार को भीषण गर्मी के चलते हर तरह की परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने चाहिए। गहलोत ने शनिवार को अपने बयान में कहा कि इस भीषण गर्मी में स्वयं का बचाव ही सबसे अच्छा उपचार है। पिछले चार दिन में केवल सवाई मान सिंह अस्पताल में ही लू के 1900 से अधिक मरीज आ गए हैं। बाकी जिलों में भी कमोबेश यही स्थिति है। उन्होंने कहा कि मीडिया के मुताबिक अस्पताल में बेड तक कम पड़ रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि भीषण गर्मी के इस दौर में अपनी सेहत का ख्याल रखें तथा दोपहर में आवश्यक कार्य होने पर ही बाहर निकलें। जल पीते रहें तथा बेजुबान पशु पक्षियों का भी ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को भी हर तरह की परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने चाहिए।

# भविष्य के युद्ध की तैयारी में जुटी सेना

पायनियर संवाददाता ◄ जैसलमेर
www.dailypioneer.com



ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना भविष्य के युद्ध की तैयारी में जुट गयी है, इसी क्रम में सेना अपनी मारक क्षमता को और मजबूत करने एवं भविष्य की चुनौतियों के मद्देनजर छोटे-छोटे महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास कर रही है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना के बेटल एक्स डिवीजन ने राजस्थान के तपते रेगिस्तान में 'फ्यूचर रेडी' विषय पर आधारित एक बेहद अहम सैन्य अभ्यास किया। इसमें अभियानोन्मुखी प्रशिक्षण, अत्याधुनिक हथियारों और तकनीकी प्रणालियों का समावेश करके रेगिस्तानी युद्ध की संभावनाओं पर गंभीरता से काम किया गया। सूत्रों ने बताया कि इस सैन्याभ्यास में ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली और आधुनिक हथियारों की बड़ी तैनाती के साथ दिन-रात युद्ध रणनीति का अभ्यास किया गया। साथ ही मानव रहित थल वाहन और इलेक्ट्रोनिक प्रणाली का इस्तेमाल, रेगिस्तानी क्षेत्रों में रीयल टाइम ऑपरेशन की तैयारी, टैंक, इन्फैंट्री और आर्टिलरी इकाईयों के संयुक्त अभ्यास को अमलीजामा पहनाया गया। सूत्रों ने बताया कि यह युद्धाभ्यास भारतीय सेना के कोनार्क कोर द्वारा किया जा रहा है, जिसे दक्षिणी पश्चिमी कमान का सबसे सक्रिय और रणनीतिक संगठन माना जाता है। इस अभ्यास में न केवल रेगिस्तानी इलाके में युद्ध संचालन की तकनीकों को दुहराया गया, बल्कि हाल ही में सेना में शामिल किये गये युद्ध क्षमता को कई गुना बढ़ाने वाले आधुनिक हथियारों और उपकरणों का भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। भारतीय सेना की कोणार्क कोर ने बताया कि भारतीय सेना अब भविष्य के संभावित युद्धों को ध्यान में रखकर अपनी रणनीति और प्रशिक्षण में व्यापक बदलाव कर रही है। इक्कीसवीं सदी के युद्ध केवल टैंक और राइफल तक सीमित नहीं रह गये हैं, बल्कि अब ये युद्ध कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, साइबर युद्ध, रियल टाइम डेटा और अत्याधुनिक निगरानी उपकरणों पर आधारित हो गए हैं। इसी कड़ी में रेगिस्तानी इलाकों में सेना के बैटल एक्स डिवीजन द्वारा किए गए सैन्य अभ्यास का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य रेगिस्तानी इलाकों में संचालन तैयारी को परखने के साथ नव समाहित उपकरणों और गतिमान तोपखाने का व्यवहारिक उपयोग करना था, साथ ही दिन और रात के समय में युद्ध रणनीति का परीक्षण भी करना है।

# छात्रों पर लाठीचार्ज : असिस्टेंट प्रोफेसर राधेश्याम निलंबित

एजेंसी ◄ हिसार
www.dailypioneer.com



हरियाणा के हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के मामले में एक असिस्टेंट प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय की जांच में असिस्टेंट प्रोफेसर राधेश्याम को छात्रों पर लाठी चलाने का दोषी पाया गया है। दरअसल, एक वीडियो सामने आया था, जिसमें राधेश्याम लाठी लिए छात्रों के पीछे दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। इससे पहले चार सुरक्षा कर्मियों बिजेंद्र, अनूप, जगमेश पूनिया और नरेन्द्र को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। छात्रों का धरना हालांकि जारी है और उनकी मांग है कि कुलपति धरने पर आकर माफी मांगें। छात्रों पर लाठीचार्ज करने वालों की गिरफ्तारी की मांग भी की गयी है। दूसरी तरफ प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर बी आर कम्बोज ने मामले में छात्रों से बातचीत के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनायी है। इस कमेटी के अध्यक्ष शोध निदेशक डॉ राजबीर गर्ग और डीन (पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज) और डीन (एग्रीकल्चर) डॉ एस के पहुजा शामिल हैं।

# मोदी जी के नेतृत्व में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने को अग्रसर है देश : अरूण कुमार

**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद अरुण कुमार सिंह मां शीतला देवी गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित कर नरेंद्र मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां को गिनाया । उन्होंने कहा कि मोदी जी के कुशल नेतृत्व देश निरंतर प्रगति कर रहा है। विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था की और देश अग्रसर है । जापान को हमने पीछे छोड़ दिया है।

देश में विस्तृत एक्सप्रेसवे नेटवर्क तैयार किया गया।

# चोरी की तीन बाईक के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले की पुलिस ने चोरी की तीन बाइक के साथ चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। सदर अनुमंडल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि हाल के दिनों में दरभंगा शहर के विभिन्न जगहो पर लगातार मोटरसाईकिल चोरी की घटनाएँ हो रही थी। चोरी की घटनाओं पर विराम लगाने एवं चोरी की बाईक से शराब तस्करी एवं अन्य घटनाओं को रोकने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। कुमार ने बताया कि गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) टीम द्वारा लगातार आसूचना संकलन करते हुये वेलवागंज बंगाली टोला के रोड नं0-4 स्थित एक खण्डहरनुमा मकान में छापामारी किया गया। मौके से चोरी की एक बाईक के साथ रवि कुमार को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसकेअन्य साथी भागने में सफल रहे। एसआईटी टीम द्वारा लगातार छापामारी करते हुये गिरफ्तार रवि की निशानदेही पर फरार तीन अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी। गिरफ्तार चारो अपराधकर्मियो से पूछताछ के दौरान पता चला कि इनका एक अंतरजिला नेटवर्क है जो अपने गिरोह के सहयोग से दरभंगा, मधुबनी तथा समस्तीपुर में मोटर साइकिल चोरी करते है तथा उक्त चोरी के मोटरसाइकिल से शराब तस्करी एवं अन्य अपराधों को अंजाम देते है।

# राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने सीआरपीएफके शहीद जवान सत्यवान कुमार सिंह को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com





झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची के सेक्टर-2, धुर्वा,के 133 बटालियन स्थित शहीद स्मारक उद्यान पहुंचकर सी0आर0पी0एफ0 के शहीद जवान सत्यवान कुमार सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री सोरेन ने शहीद जवान सत्यवान कुमार सिंह के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि सुबह चाईबासा स्थित झारखंड एवं ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से सी0आर0पी0एफ0, 134वीं बटालियन के ए0एस0आई0 सत्यवान कुमार सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे, बेहतर इलाज के लिए उन्हें राउरकेला स्थित एक अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के क्रम में वे वीरगति को प्राप्त हुए।

# बालू लदा डंपर टेंपो पर पलटा, महिला समेत तीन की मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के हंडिया कोतवाली क्षेत्र में दोपहर में बालू उतारते समय एक डंपर असंतुलित होकर पास से गुजर रहे टेंपो पर पलट गया जिससे उसमें सवार एक महिला समेत तीन यात्रियों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हंडिया कोतवाली क्षेत्र के सैदाबाद वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर सिरसा मोड़ के पास निर्माणाधीन मकान के लिए हाइड्रोलिक से बालू नीचे गिराते समय डंपर सड़क पर बगल से गुजरते टेंपो पर पलट गया। टेंपो अंतड़िया बाजार से सैदाबाद सवारी लेकर आ रहा था। क्रेन की मदद से डंपर को उठाया गया। इसके बाद नीचे टेंपो में दबे लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में टेंपो बुरी तरह से नष्ट हो गया है। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में टेंपो में सवार खपटिया तिवरानपुर निवासी निवेदिता उर्फगुड़िया तिवारी (40) राजमणि गुप्ता (65) एक बच्चा एस तिवारी ( 06) की मौत हो गई जबकि सियाराम निषाद, जय प्रकाश निषाद और राजन निषाद घायल हो गए। दो यात्री बाल-बाल बच गए। टैंपो में चालक समेत कुल आठ लोग थे। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल लोगों को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर चालक और मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।



# बंटवारे के विवाद में व्यक्ति ने की आत्महत्या

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के करछना क्षेत्र में संपत्ति बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने शनिवार को ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि करछना थाना क्षेत्र में मुगारी गांव निवासी लल्ला यादव (35) का पिता राम पति यादव से शुक्रवार की देर शाम बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था। विवाद में पिता ने लल्ला यादव की पिटाई कर दी थी। आक्रोशित लल्ला यादव ने सुबह बसरिया रेलवे लाइन पर आ रही ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। उन्होंने बताया कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।




# विदर्भ, मराठवाड़ा के लिए ऑरेंज, कोकण क्षेत्र के लिए रेड अलर्ट जारी

**मुंबई।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि कोकण क्षेत्र के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मुंबई में हालांकि 15 जून तक भारी बारिश होने का अनुमान है। कल देर शाम से ही शहर में बादल छाये हुये हैं, जिससे शहरी और उपनगरीय क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और आर्द्रता 87 प्रतिशत थी, जबकि आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवायें चल रही थीं, जिसके परिणामस्वरूप गर्म, आर्द्र मौसम के साथ बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने तापमान न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस से लेकर अधिकतम 31 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान जताया है।

# विमान दुर्घटना के मृतकों के लिए मुंबई के मंदिर में की गयी विशेष प्रार्थना



एजेंसी ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com

गुजरात के अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में मारे गए लोगों के लिए शनिवार को मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वाह्न साढ़े आठ बजे से दोपहर तक मृतकों की आत्मा की शांति के लिए हवन और पूजा की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गौरतलब है कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन के लिए उडान भरने के कुछ ही मिनटों बाद विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। राहत एवं बचाव दलों द्वारा कुछ और शवों के बरामद किये जाने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 274 हो गई है।

# अगले 10 साल में जैविक उत्पाद के बाजार में 20 प्रतिशत का ग्रोथ संभव : शिल्पी नेहा तिर्की

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड में पहली बार जैविक उत्पाद को बढ़ावा देने और बाजार उपलब्ध कराने की सोच के साथ बायर एंड सेलर मीट 2025 का आयोजन किया गया । ओफाज के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में केन्या के साथ साथ भारत के कई राज्यों की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लेते हुए इसे सफल बनाया। बायर एंड सेलर मीट 2025 का उदघाटन राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया । मंत्री तिर्की ने इस मौके पर कहा कि देश में जैविक उत्पाद का बहुत बड़ा बाजार है । अगले 10 वर्षों में जैविक बाजार में 20 प्रतिशत तक के ग्रोथ की संभावना है। ऐसे में ये जान लेना जरूरी है कि झारखंड इस दौड़ में कहां रहेगा ? का आयोजन एक छोटी सी शुरुआत जरूर है पर इसका उद्देश्य बहुत बड़ा है। झारखंड के जैविक उत्पादों को खरीददारों से जोड़ने का प्लेटफॉर्म ओफाज ने मुहैया कराया है। इसमें क्रेता -विक्रेता और सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है । झारखंड जैसे राज्य जहां 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है , वहां जैविक खेती की अपार संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है । बायर एंड सेलर मीट का आयोजन जैविक उत्पाद की वर्तमान स्थिति , चुनौती और बाजार को समझने के साथ भविष्य की योजना तैयार करना है । मंत्री तिर्की ने कहा कि सिक्किम ने जैविक उत्पाद राज्य के तौर पर अपना नाम दर्ज करा लिया है। पहले से कई और राज्य भी इस दिशा में बेहतर काम कर रहे है । झारखंड के किसानों के लिए एक एस ओपी तैयार कर ऐसे राज्यों का दौरा कराना चाहिए । ओफाज को इस दिशा में काम करने की जरूरत है । जैविक खेती को लेकर किसानों को मानसिकता बदलने की जरूरत है और ये तभी संभव होगा जब किसान जैविक कृषि की बारीकियों को नजदीक से देखेंगे और समझेंगे । मंत्री ने कहा कि जैविक उत्पाद के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की जरूरत है और ये काम एफपीओ के जरिए ही संभव है। जैविक उत्पाद किसान के घर तक सीमित ना रहे , बल्कि उसे बाजार तक पहुंचाने और उससे अधिक से अधिक आर्थिक लाभ पहुंचाने पर काम करना होगा ।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि एफपीओ को प्रोसेसिंग यूनिट मोहैया कराने के लिए ओफाज को कार्य योजना बनाना होगा ।

जिसमें सब्सिडी के तहत एफपीओ को प्रोसेसिंग यूनिट तैयार करने में मदद पहुंचाई जा सकती है।

# भाषा के नाम पर राज्य की जनता को लड़वा रही राज्य सरकार : अमित मंडल

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com




झारखंड की हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल ने आज कहा कि हेमंत सरकार भाषा के नाम पर राज्य की जनता को लड़वा रही है। मंडल ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हेमंत सरकार की मंशा नहीं है कि राज्य के बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिले।

उन्होंने कहा की यह सरकार अबुआ नहीं बबुआ सरकार है। कहा कि भाषा और पहचान से हेमंत सरकार ने खिलवाड़ किया है। मंडल ने कहा कि झारखंड की मूल संस्कृति, भाषाओं और जनजातीय पहचान को खत्म करने की साजिश हेमंत सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की स्थानीय भाषाओं को नजरअंदाज कर हटाया गया, खूंटी से मुंडारी,पलामू-गढ़वा से भोजपुरी, गोड्डा से अंगिका और कुड़ुख, जनगणना फॉर्म से इन भाषाओं को बिना जनसंख्या गणना किए हटाया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी भाषा के विरोध में नहीं, लेकिन अंगिका, भोजपुरी और मुंडारी जैसी भाषाओं को हटाने के इस कृत्य का हम कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि जब कुरमाली को हटाया गया तो जेएलकेएम चुप क्यों रहा? इसका मतलब साफ है कि इनका आंदोलन सिर्फ चुनावी लाभ और महागठबंधन को मदद पहुँचाने का माध्यम था। उन्होंने कहा कि जे-टेट 2025 में भी भाषा के आधार पर अन्याय, पहले जब भाजपा की सरकार थी तब मंत्री मिथिलेश ठाकुर और सांसद निशिकांत दुबे के प्रयास से भोजपुरी क्षेत्रीय भाषा में जोड़ी गई थी, लेकिन आज फिर उसे हटाकर युवाओं के साथ अन्याय किया गया।

# एल्यूमेक्स इंडिया' प्रदर्शनी नयी दिल्ली में होगी आयोजित

एजेंसी ◄ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

,एल्यूमेक्स इंडिया' नामक तीन दिवसीय प्रदर्शनी 11 से 13 सितंबर तक नयी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित की जायेगी। एलईएमएआई के अध्यक्ष जितेंद्र चोपड़ा ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में बताया एल्युमीनियम एक्सट्रूज़न मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलईएमएआई), भारत के एल्युमीनियम एक्सट्रूज़न उत्पादन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली अग्रणी उद्योग संस्था है। इस संस्थान द्वारा एल्युमीनियम एक्सट्रूज़न उद्योग को समर्पित देश के पहले और सबसे व्यापक मंच 'एल्यूमेक्स इंडिया' प्रदर्शनी के प्रथम संस्करण का आयोजन करने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। प्रदर्शनी में वैश्विक स्तर के लीडर, इनोवेटर और अन्य अग्रणी हितधारक ज्ञान के आदान- प्रदान, बिज़नेस नेटवर्किंग और स्थानीय क्षेत्र के विकास के उद्देश्य से एकसाथ एक ही मंच पर एकत्र होंगे। चोपडा ने कहा, 'एल्यूमेक्स इंडिया' का उद्देश्य भारत को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार उत्पादन के लिए भविष्य के लिए तैयार केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इसके अलावा, यह मेगा इवेंट एल्युमीनियम एक्सट्रूज़न, प्रोफाइल और सेक्शन उत्पादों में विकास, इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के अपने मिशन में एएलईएमएआई का समर्थन भी करता है। इस प्रदर्शनी में मुख्य प्रदर्शकों में एल्युमीनियम एक्सट्रूज़न मशीन और कच्चे माल के आपूर्तिकर्ता, फैब्रिकेटर, एक्सट्रूडर, एनोडाइजर, हार्डवेयर आपूर्तिकर्ता और संलग्नित उद्योग जैसे कि आर्किटेक्ट, ऑटोमोटिव कम्पोनेंट उत्पादक, सौर पैनल और इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादक शामिल होंगे। उन्होंने कहा, 'एल्यूमेक्स इंडिया 2025 एक ऐतिहासिक पहल है', जो भारतीय एल्युमिनियम एक्सट्रूज़न उद्योग की ताकत और क्षमता को दर्शाती है। यह प्रदर्शनी वास्तव में व्यापार वृद्धि को गति देने, नवीनता को बढ़ावा देने और आयात पर देश की निर्भरता को कम करने के लिए एक रणनीतिक मंच के रूप में कार्य करता है। साथ ही यह इवेंट, वैश्विक एल्युमिनियम एक्सट्रूज़न बाज़ार में एक अग्रणी खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूती देगा। भारत और विदेश के अग्रणी उद्यमियों को एक साथ लाकर, एल्यूमेक्स इंडिया का लक्ष्य उद्योग के भविष्य को बेहतर आकार देना है। इस सम्मेलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सदस्यों को सामूहिक भागीदारी के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करने तथा समुदाय के भीतर अधिक सहभागिता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष 'गुजरात कनेक्ट' बैठक आयोजित की गयी थी।

# संतकबीरनगर में दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर** । उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के थाना दुधारा पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने यहां बताया कि थाना दुधारा पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 204/2025 धारा 69 बीएनएस के मामले मे वांछित अभियुक्त मो. आसिफ पुत्र सहाबुद्दीन निवासी महुआरी थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को ग्राम साफ्यिाबाद के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त द्वारा पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने संबंध मे वादिनी द्वारा थाना दुधारा पर 13 जून को अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना दुधारा पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।



# अंबेडकर छात्रावास में एनएसयूआई को राजनीतिक कार्यक्रम की अनुमति देने के मामले में डीडब्ल्यूओ निलंबित

एजेंसी ◄ दरभंगा
www.dailypioneer.com




बिहार सरकार ने दरभंगा जिले में मोगलपुरा के राजकीय अंबेडकर कल्याण छात्रावास में राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने की कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) को अनुमति देने के मामले में जिला कल्याण पदाधिकारी (डीडब्ल्यूओ) आलोक कुमार को आज तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। जिला प्रशासन ने शनिवार रिपीट अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग से जारी आदेश के हवाले से बताया कि नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से संविधान एवं सामाजिक न्याय नेतृत्व कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति मांगी गई थी। डीडब्ल्यूओ कुमार ने इस आवेदन को 13 मई को विभाग के मुख्यालय भेज दिया और कार्यक्रम के लिए छात्रावास परिसर में पंडाल लगाने की भी अनुमति दे दी जबकि विभाग की पहले से जारी दिशा-निर्देश (07 अप्रैल 2022) के मुताबिक, किसी भी कल्याण छात्रावास परिसर में राजनीतिक कार्यक्रम करने की सख्त मनाही है। कुमार को 16 मई 2025 को कारण बताओ नोटिस दिया गया, जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि आयोजकों के लगातार अनुरोध पर आवेदन आगे भेजा गया था और टेंट भी 14-15 मई 2025 की रात में लगाया गया। लेकिन, उनके जवाब को विभाग ने अस्वीकार्य माना और इसे लापरवाही तथा प्रशासनिक विफलता करार दिया। वहीं, इस क्रम में दरभंगा के जिलाधिकारी ने भी 15 मई को इस पूरे मामले में कुमार के खिलाफ आरोप पत्र गठित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई की सिफारिश की थी। इन सभी बातों की जांच के बाद अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग ने आलोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

# हर नागरिक को मिले बेहतर स्वास्थ्य सेवा : देवेश कुमार ध्रुव

## कलेक्टर ध्रुव ने दोरनापाल और पेंटा में स्वास्थ्य सुविधाओं और पीडीएस दुकान पेंटा का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कोंटा विकासखंड के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा हेतु निरीक्षण दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दोरनापाल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), पीडीएम भवन, उप स्वास्थ्य केंद्र पेंटा सहित कई स्थानों पर निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कलेक्टर ध्रुव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोरनापाल में पहुंचकर मौसमी बीमारियों के मद्देनजर जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित निपटान किया जाए जिससे संक्रमण की संभावना न हो। इसके साथ ही उन्होंने मरीजों के लिए कार्डियो, ईसीजी मशीन, ऑक्सीजन सिलेंडर और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर जैसे अत्यावश्यक उपकरणों की जल्द उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। प्रसव कक्ष में बेहतर रोशनी व्यवस्था के लिए एडजस्टेबल लाइट लगाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ध्रुव ने स्वास्थ्य केंद्र में टीबी रोगियों के इलाज को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही गई। उन्होंने निर्देश दिया कि टीबी मरीजों की पहचान और इलाज की प्रक्रिया नियमित और प्रभावी ढंग से होनी चाहिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र की सुरक्षा और संचालन व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से बाउंड्रीवाल निर्माण के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी वार्डों में स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। सीएचसी दोरनापाल में ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने और नियमित संचालन के निर्देश दिए। वहीं, टीकाकरण कक्ष में आवश्यक संसाधनों की पूर्ति और सुधारात्मक कार्य शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ध्रुव ने कहा कि यदि कोई स्कूली छात्र अस्पताल में भर्ती होता है, तो उसके साथ एक संरक्षक की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि बच्चे को मानसिक और भावनात्मक सहयोग मिल सके। उन्होंने अस्पताल परिसर में आगजनी जैसी आपात स्थिति से निपटने हेतु समुचित फायर सेफ्टी प्रबंधन करने और कर्मचारियों को इसके प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए।

**उप स्वास्थ्य केंद्र पेंटा का निरीक्षण** - निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ध्रुव ने उप स्वास्थ्य केंद्र पेंटा में साफ-सफाई विशेष रूप से शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने की सुविधा के लिए पीडीएस दुकान से संपर्क कर बना सकते है इसे अधिक से अधिक लोगों को जानकारी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीडीएम नागलगुंडा और पेंटा केंद्रों में दवाइयों के भंडारण, वितरण और पंजीयन प्रक्रिया की भी जानकारी ली और अधिकारियों को समयबद्ध रिकॉर्ड अपडेट रखने के निर्देश दिए।

# किसानों को कृषि की उन्नत तकनीक और शासन की योजनाओं की दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में 29 मई से 12 जून 2025 तक रथ के माध्यम से गाँव- गाँव जाकर खरीफ फसल हेतु कृषकों से सम्पर्क किया गया। इस दौरान 80 प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जिले के किसानों को कृषि के विभिन्न आयामों तथा शासकीय योजनाओं से अवगत कराया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, कोंडागांव व अन्य सहयोगी कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु विभाग व मत्स्य विभाग के अमले के साथ विकसित कृषि संकल्प अभियान कोंडागांव जिले में तीन मार्ग बना कर गाँव गाँव जाकर उन्नत खेती, जैविक खेती, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इन प्रशिक्षण में प्रमुखता से नई तकनीक के प्रसार हेतु आधुनिक कृषि यंत्रों, ड्रोन, स्मार्ट खेती और सिंचाई के उन्नत तरीकों की जानकारी दी गई। योजनाओं से जोड़ने किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, आत्मनिर्भर कृषि अभियान आदि सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और स्थानीय स्तर पर किसानों की समस्याओं को समझकर उनका समाधान किया गया। यह अभियान किसानों की आमदनी को दोगुना करने तथा समावेशी और सतत कृषि विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह अभियान न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाता है, बल्कि उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से भी जोड़ता है। इससे उत्पादकता बढ़ती है, लागत घटती है और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश समस्त प्रशिक्षण के दौरान जलवायु परिवर्तन की चुनौती को देखते हुए टिकाऊ कृषि, मृदा स्वास्थ्य सुधार,जैविक स्ट्रेस प्रबंधन, सूक्ष्म जीवों के प्रयोग एवं जैव उत्पादों के प्रभाव पर प्रकाश डाला, साथ ही किसानों को मछली उत्पादन से जुड़े विभिन्न आयामों के बारे में अवगत कराया एवं संसाधनों के समुचित उपयोग पर जोर दिया। केंद्र के उद्यानिकी विशेषज्ञ डॉ. सुरेश कुमार मरकाम ने फसल विविधीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती जल प्रबंधन, यंत्रीकरण और वैज्ञानिक फसल योजना के महत्व को रेखांकित किया। डॉ हितेश कुमार मिश्रा, पशुपालन विशेषज्ञ ने कृषकों को समेकित खेती करने तथा सफल मॉडल के बारे में बताया तथा पशु में वर्षा ऋतु में रोग व उसके निदान टीकाकरण आदि के बारे में बताया। दिनेश सिन्हा, कार्यक्रम सहायक कीट विज्ञान ने पौधों में रोगों के लक्षण व उनके निदान के बारे में बताया साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में किसानों को दी।

# किरन्दुल में सर्पदंश से गाय को बचाने लगाया गया इंसानों का एंटीवेनम



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

गौमाता की जान बचाने के लिए इंसानों के उपयोग में लाने वाले एंटीवेनम को लगाया गया हैं। बता दें शुक्रवार किरंदुल की गौशाला में एक गौमाता को जहरीले करैत साप ने काट लिया था। जैसे ही घटना की खबर मिली, गौसेवक वहां पहुंचे और सर्पमित्रों की मदद से साप को तो पकड़ लिया। इसके बाद गाय की हालत खराब होने लगी। गौ सेवकों ने तत्काल पशुचिकित्सकों से संपर्क साधा तो पता चला कि वहां मवेशियों के लिए एंटीवेनम नहीं है। इसके बाद सभी ने एनएमडीसी अस्पताल से लेकर जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा तक संपर्क साधा। वहां भी यह उपलब्ध नहीं था। गौसेवको ने एनएमडीसी के अस्पताल से इंसानों के लिए रखी गई एंटी-वेनम ली, वो भी इस शर्त पर कि बाद में दवा वापस करनी होगी। इसके बाद इस वेनम को गौ माता में इंजेक्ट किया गया। अभी हालत स्थिर है। गौ सेवक गाय की हालत पर नजर रखे हुए हैं।

# घरेलू आपसी विवाद के चलते छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



12 जून को प्रार्थी मनीराम सोरी पिता स्व. सुकडूराम सोरी निवासी ओण्डरी थाना माकड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 जून के शाम को घर मे ही था रोज की तरह दुर्जन सोरी दारू पीकर आया और घर में हल्ला कर रहा था कुछ देर के बाद बिरेन्द्र सोरी आया ओर दोनों काम को लेकर बहस कर रहे थे कुछ देर मे दोनो आंगन मे पटका-पटकी हो रहे थे, तो प्रार्थी और उसकी पत्नी दोनों उन्हे अलग किये फिर दोनो वहां से चले गये। फिर सभी लोग खाना खाकर सो गये। कुछ समय के बाद चीखने की आवाज आया तो प्रार्थी उठकर देखा तो बिरेन्द्र कमरा के अंदर से बाहर भाग रहा था। अंदर जाकर देखा तो दुर्जन के सिर से खून निकल रहा था और गैती उसके सिर मे फंसा हुआ था। तब प्रार्थी घरवालों को उठाया और आसपास वालों को बुला कर दुर्जन को ईलाज कराने के लिए गाड़ी व्यवस्था किये तभी बिरेन्द्र घर मे आकर बोला कि अस्पताल में डॉक्टर पूछेंगे कि कैसे चोंट पहुंची तो बताना कि मोटर सायकल से गिरकर चोंट आया है। मेरा नाम लोगे तो मैं पूरे घरवालों को मार दूंगा बोलकर भाग गया। दुर्जन को तुरंत ईलाज हेतु जिला अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर द्वारा चोंट के बारे में पूछने पर एक्सीडेंट होना बताये। अगले दिन डॉक्टर साहब द्वारा बताए की हालत गंभीर है डिमरापाल मेडिकल कॉलेज ले जाओ कहने पर वहां से एम्बुलेंस से डिमरापाल पहुंचने वाले थे कि दुर्जन खत्म (मौत) हो गया। जिसे अस्पताल में जाकर डॉक्टर से दिखाये जो मृत होना बताया। तब पुलिस के पास जाकर वही एक्सीडेंट वाली बात को बताये और पीएम कराये। पीएम कराने के बाद गांव में लाकर अंतिम संस्कार किये है। बिरेन्द्र सोरी द्वारा दुर्जन के सिर में गैती से मारने से आई गंभीर चोट के कारण ही उसका मौत हो गयी है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना माकड़ी में अपराध क्रमांक 20/2025 धारा 103 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान वाय. अक्षय कुमार (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव के निर्देशानुसार एवं कौशलेन्द्र देव पटेल अति. पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव तथारूपेश कुमार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव के मार्गदर्शन में माकड़ी पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर घटनास्थल पहुंचकर आरोपी के सकुनत पर दबिश देकर आरोपी बिरेन्द्र सोरी पिता मनीराम सोरी उम्र 21 वर्ष निवासी ओण्डरी नयापारा थाना माकड़ी, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया, जिसे 12 जून को गिरफ्तार किया गया। जिसे आज 13 जून को न्यायालय कोण्डागांव के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# रासायनिक खाद के अवैध भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने की कार्यवाही 12 हजार से अधिक बोरी खाद जब्त



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

केशकाल अनुविभाग अंतर्गत ग्राम गमरी में बिना वैध दस्तावेज के खाद भंडारण पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की गई है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश एवं मार्गदर्शन में केशकाल एसडीएम अंकित चौहान के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा एक गोदाम समेत 3 ट्रकों को सीज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात जिला प्रशासन, बाँसकोट पुलिस एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने तीन जगहों पर छापेमार की कार्यवाही के दौरान भंडारण किए गए लगभग 12,000 बोरी से अधिक यूरिया खाद जप्त किया गया है। जप्त खाद की बाजार में कीमत 31 लाख रुपए है।

# एडीईओ परीक्षा 15 जून को, जिले के 4065 परीक्षार्थी होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा रविवार 15 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई। उक्त परीक्षा में जिले के 04 हजार 65 परीक्षार्थी शामिल होंगे, इसके लिए कोण्डागांव में 14 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में सुबह 10 बजे के बाद तथा मूल पहचान पत्र के बिना प्रवेश वर्जित रहेगा। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे परीक्षार्थी का सत्यापन उनके मूल पहचान पत्र से किया जा सके। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन को ही उत्तर अंकित करने हेतु उपयोग में लाएं। किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी पर्स, पाउच, स्कार्फ या अन्य सामग्री को लाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी. प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। उक्त निर्देशों का पालन नहीं करने पर वीक्षक अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित कर सकेंगे।

**परीक्षा केन्द्रों में इमरजेंसी एलईडी बल्ब की व्यवस्था** - कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में इमरजेंसी एलईडी बल्ब लगाई गई है, जिससे परीक्षा के दौरान विद्युत अवरोध की स्थिति में परीक्षाओं को परेशानी न हो और परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# प्लास्टिक हटाओ, कपड़े का थैला अपनाओ अभियान से गूंजा शहर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भविष्य की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाते हुए ऑल इंडिया लीनेस क्लब एवं ग्रीन आर्मी के संयुक्त तत्वावधान में शहर में प्लास्टिक हटाओ कपड़े का थैला अपनाओ जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर रामू रोहरा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों के बीच कपड़े से बने थैले निःशुल्क वितरित किए गए, जिससे उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में प्लास्टिक और पॉलिथीन के हानिकारक उपयोग से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सभी उपस्थितों ने प्लास्टिक का बहिष्कार करने और पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाने की सामूहिक शपथ भी ली। इस जागरूकता पहल में लीनेस क्लब की अध्यक्ष जानकी गुप्ता, सचिव श्रेया ठाकुर, लीनेस सदस्य साक्षी वाधवानी, चेतना रणसिंह सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से मौजूद रहे। महापौर रामू रोहरा ने इस अवसर पर कहा प्लास्टिक प्रदूषण एक वैश्विक संकट है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम अपनी आदतों में बदलाव लाएं। कपड़े के थैले सिर्फ पर्यावरण के लिए बेहतर नहीं हैं, बल्कि हमारी संस्कृति और आत्मनिर्भरता के भी प्रतीक हैं। कार्यक्रम के दौरान शहरवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। बच्चे, युवा और नागरिक सभी ने इस मुहिम को खुले दिल से समर्थन दिया। आयोजकों ने इस प्रयास को एक सतत आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

## सुकमा राजीव भवन अटैच

# कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार सहित ईडी का फूंका पुतला

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले मे प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने कार्रवाई करते हुए सुकमा के कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन को अटैच कर लिया है जिसे लेकर कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार एवं ईडी का पुतला दहन कर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करने के मामले को लेकर विरोध जताया और कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से भाजपा सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय ईडी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निकले। इसके बाद गांधी मैदान पहुंचकर पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास भी किया। लेकिन कांग्रेसियों ने पुतला फूंक दिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के इशारे पर केन्द्रीय एजेंसिया अपनी सीमाओं को लांघ रही है। सुकमा जिला कांग्रेस भवन को एवं पूर्व मंत्री कवासी लखमा के परिजनों की संपत्ति ईडी द्वारा अटैच किया जाना बेहद आपत्तिजनक है। ईडी की यह कार्यवाही भाजपा के राजनैतिक षडयंत्र का हिस्सा है। कांग्रेस को जिला कार्यालय बनाने के लिये फंड कहाँ से आया, हम तो एक-एक पैसे का हिसाब दे देंगे। कांग्रेस ने 15 साल विपक्ष में रहने के दौरान अपने कार्यकर्ताओं और जनता के सहयोग से राजीव भवन बनाया था। जन सहयोग से कांग्रेस भवन बनाना कांग्रेस की परंपरा रही है। धमतरी का पुराना ऐतिहासिक कांग्रेस भवन के साथ-साथ नए राजीव भवन का निर्माण कार्यकर्ताओं के सहयोग से किया गया हैं। प्रदेश मुख्यालय रायपुर का ऐतिहासिक कांग्रेस भवन भी आजादी की लड़ाई के दौरान छेर-छेरा पुन्नी के त्योहार के दौरान मांगे गये दान से बनाया गया था जहां से कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ा था। कांग्रेस अपने भवनों के बनाने के खर्च के एक.एक पैसे का हिसाब दे देगी। ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ रू की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे का रुपया कहां से आया इसकी जांच करे। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फाईव स्टार होटल की तर्ज पर बनाया गया है। उसकी लागत कहां से आई क्या ईडी जांच करेगी। राजधानी रायपुर में ही भाजपा के कार्यालय एकात्म परिसर की जमीन राजनैतिक दल के कार्यालय के लिये भाजपा ने 1 रू में हासिल किया था। एकात्म परिसर को व्यवसायिक कांपलेक्स में तब्दील कर दिया गया जहां से 1.5 करोड़ रूपया किराया भाजपा वसूलती है। ईडी उसकी जांच करेगी। भाजपा के धमतरी जिला सहित अन्य जिला कार्यालयों की लागत का भी ईडी हिसाब मांगेगी। भाजपा के पितृ संगठन आरएसएस ने 500 करोड़ की लागत से दिल्ली में अपना दफ्तर बनाया है। इस रकम के स्त्रोत की ईडी जांच क्यों नहीं करती है। ईडी ने भाजपा के अनुषांगिक संगठन की भांति काम कर रही है। कांग्रेस कार्यालय की जांच हो सकती है तो भाजपा के कार्यालयो की जांच क्यों नहीं होना चाहिए। ईडी ने कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री कवासी लखमा की उनके परिजनों की कुछ संपत्ति भी अटैच किया है। यह आदिवासी नेता को परेशान करने की साजिश है। ईडी की कार्यप्रणाली शुरू से ही संदेह के दायरे में रही है।

# म्यूल अकाउंट पर थाना कोण्डागांव एक और कार्यवाही



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

साइबर पोर्टल के समन्वय एप के माध्यम से साइबर सेल कोण्डागांव को म्यूल अकाउंट का शिकायत प्राप्त हुआ की द्रुपद दीवान के द्वारा अपने पंजाब नेशनल बैंक और सेंट्रल इंडिया बैंक के खाते को साइबर ठगों को किराए पर दिया जा रहा है और उस खाते में लगभग 03 लाख की ठगी की रकम आया है और उस खाते का इस्तेमाल ठगी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है कि रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 212/25 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार से निर्देश प्राप्त हुआ कि प्रकरण में विधिवत कार्रवाई करें जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रुपेश कुमार के पर्यवेक्षण में मामले की विवेचना प्रारंभ की गई तथा द्रुपद दीवान से पूछताछ करने पर बताया कि आरोपी द्रुपद दीवान पिता स्व कँवलनाथ दीवान उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गिरोला थाना कोण्डागांव द्वारा अपराध कारित करना स्वीकार्य करने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से रिमांड प्राप्त कर जेल दाखिल किया जा रहा है।

# वसूलीबाज निज सहायक कर रहा अधिकारी की छवि धूमिल

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले के अधिकारियों का विश्वास हासिल कर व्यक्ति, उनका निज सहायक के रूप में जब पदस्थ हो जाता है तो उसके भाव बढ़ जाते हैं और अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अधिकारी के नाम पर वसूली भी की जाती है। इसी कड़ी में एक अधिकारी के निज सहायक द्वारा पिछले लंबे समय से अपने चेंबर में अधिकारियों को बुला-बुलाकर उन्हें प्रताड़ित कर उनसे अपनी स्वार्थपूर्ति कर रहा है। वसूलीबाज इस निज सहायक के बड़बोले बोल किसी अधिकारी को यह कहना कि साहब आपसे नाराज हैं, आपको यह काम करना है, इस तरह अनेक ऐसे बातों को बताकर आगंतुक अधिकारियों को डरा-धमकाकर स्वयं स्वार्थपूर्ति करते नजर आ रहा है जिसकी खासी चर्चा है। जिसके कारण वरिष्ठ अधिकारी की छवि धूमिल हो रही है। यह क्रम लंबे समय से जारी है। अब तो अधिकारी इसके कक्ष में जाने से भी कतराते नजर आ रहे हैं। यही नहीं उक्त निज सहायक अगर कोई अधिकारी उनके चेंबर में नहीं जाते तो उन्हें फोन कर अधिकारी को चेंबर में आने के लिये आदेश करने से भी बाज नहीं आ रहा है। निचले क्रम से लेकर ऊपर क्रम तक ऐसे कर्मचारी जो अधिकारी के विश्वासपात्र बन जाते हैं, उनके द्वारा पद संभालने के बाद से शासकीय कार्यों के लिये उसके कक्ष में पड़ी फाईलों को संबंधित विभागों को न भेजकर अपने टेबल में रखकर किसी न किसी प्रकार की त्रुटि निकालता है और फोन कर उक्त अधिकारी को अपने कक्ष में बुलाकर ऐन-केन प्रकारेण फाईल पर टीका-टिप्पणी कर अपनी स्वार्थपूर्ति करने की कोशिश की जाती है। जिले के एक अधिकारी के अधीन कार्यरत इस निज सहायक के कारनामों से अधिकारियों की छवि धूमिल हो रही है। वसूलीबाज इस निज सहायक से विभाग के ऐसे अनेक लोग हैं जो पीड़ित हैं जिन्होंने नाम नहीं छापने की शर्त पर उसकी सारी करतूतों को उजागर किया। कहा तो यह भी जाता है कि यह निज सहायक जान बूझकर अपने कक्ष में अधिकारी के पास यह फाईल को तत्काल नहीं भेजता और स्वयं मनन कर ऐसा चक्रव्यूह बनाकर उक्त फाईल में कुछ न कुछ त्रुटि बताते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी को अपने चंगुल में फांस लेता है और उससे स्वार्थपूर्ति करता है। इससे पूर्व भी इस निज सहायक की कारस्तानियां तत्कालीन अधिकारी के समक्ष पहुंची थी जिसे लेकर उन्होंने उक्त निज सहायक को चेतावनी देते हुए ऐसा कृत्य नहीं किये जाने की बात कही थी। बताया जाता है कि तत्कालीन अधिकारी के स्थानांतरण के पश्चात इस निज सहायक ने फिर से अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है जिसके कारण अधिकारी की छवि धूमिल हो रही है। यही क्रम लगभग अधिकांश विभागों में भी जारी है जहां पदस्थ अधिकारी कार्यालय को अपने निज सहायक के भरोसे छोड़कर चले जाते हैं। लेकिन इन निज सहायकों की गतिविधियों को लेकर वे गंभीर नहीं है। ये निज सहायक अधिकारी के दौरे पर रहने अथवा कार्य में व्यस्त का नाजायज लाभ लेकर फाईलों को अधिकांश समय अपने टेबल में रखे रहता है और जिन्होंने इनको भेंट पूजा नहीं चढ़ाई, उसकी फाईल में जान बूझकर कुछ न कुछ त्रुटि दर्शाकर अपने वरिष्ठ अधिकारी से डांट खिलाये जाने का प्रयास किया जाता है। इस निज सहायक की कारस्तानियां समूचे विभाग में चर्चित हो चुकी है जिनके द्वारा कुछ न कुछ गल्तियां निकालकर उससे स्वार्थपूर्ति की कोशिश की जाती है। यही कारण है कि कलेक्टोरेट में इस निज सहायक की गतिविधियां आम हो गई हैं। इनके बारे में यह भी कहा जा रहा है कि पहले जब यह मोटर सायकल में अपने कार्यालय पहुंचते थे तो सभी का काम आसानी से हो जाया करता था। सारी फाईलें समय पर अधिकारी के टेबल में पहुंच जाया करती थी। लेकिन अब निज सहायक की कार्यशैली जनचर्चा का विषय बन चुकी है। उक्त निज सहायक के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि मीडिया मैनेजमेंट के नाम पर भी इनके द्वारा अधिकारियों से वसूली करने की शिकायत मिल रही है। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि पूर्व निज सहायक के सेवा निवृत्त होने के पश्चात वर्तमान कर्मचारी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। इनकी नियुक्ति के बाद पहले मोटर सायकल से कार्यालय पहुंचते थे आज लग्जरी कार जैसी बेशकीमती वाहनों में ये सफर करते हैं जिनके बारे में इसे लेकर अनेक लोगों ने टीका-टिप्पणी करते हुए आरोप लगाया कि निज सहायक बनते ही इनकी संपत्तियों में भारी इजाफा हुआ है और इसकी शिकायत कुछ बाहरी लोग ईओडब्ल्यू से करने की तैयारी कर रहे हैं। खबर तो यह भी है कि यह निज सहायक शासन के महत्वपूर्ण आदेश, निर्देश, उनके पत्रों को सार्वजनिक रूप से अपने परिचितों को बताकर भी उन्हें सावधान करने के एवज में भी भारी राशि वसूल करता है। निज सहायक की इस संदिग्ध गतिविधियों से न सिर्फ वरिष्ठ अधिकारी की छवि धूमिल हो रही है बल्कि शासन के महत्वपूर्ण गोपनीय पत्रों की भी गोपनीयता भंग हो रही है जिससे कभी भी अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। इसे लेकर जागरूक नागरिकों ने वरिष्ठ अधिकारी के इस निज सहायक को हटाये जाने की वकालत की है।

# वन विभाग ने 50 हजार रुपये के अवैद्य ईमारती लकड़ी किया जब्त




पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशन में लगातार वन और वन्यजीव अपराध पर कड़ी निगरानी कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोनाखान परिक्षेत्र में सर्च के दौरान एक बाड़ी में रखे 67 नग चिरान मूल्य लगभग 50 हजार जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिक्षेत्र सोनाखान ग्राम चिखली में सर्च के द्वारा तिलक राम पिता दुवारू कर्ष के घर एवं बाड़ी में तलाशी किया गया। तलाशी के दौरान सागोन एवं बीजा चिरान 67नग अवैध रूप से रखा हुआ पाया गया।परिक्षेत्र सहायक सोनाखान, नवागाव एवं वन कर्मचारियों तथा सुरक्षा श्रमिकों द्वारा तलाशी किया गया जब्त वनोपज की अनुमानित कीमत 50000 पचास हजार रूपये है। अभियुक्त के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत कार्यवाही किया गया है। वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने वन्य प्रेमियों व नागरिकों से अपील की है कि वे वनों और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए अवैध कटाई, अवैध शिकार अन्य अपराधों को रोकने के लिए वन विभाग को तत्काल सूचित करे। कार्यवाही के दौरान एससीएफओ योगेश कुमार साहू, बीएफओ खगेश्वर ध्रुव, मुकुल बघेल, बुद्धेश्वर दिवाकर तथा सुरक्षा श्रमिक एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शान्ति सरोवर में सात दिनी योग महोत्सव

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 15 से 21 जून तक विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर में योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का शुभारम्भ रविवार, 155 जून को सुबह 7 बजे होगा। विषय हैः एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग। समारोह में राजस्व, आपदा प्रबन्धन, युवा एवं खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा, योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम और पं. रविशंकर शुक्ला वि.वि. के कुलपति प्रो. सच्चिदानन्द शुक्ला भाग लेंगे। मूल वक्तव्य ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी का होगा और अध्यक्षता रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी करेंगी। उल्लेखनीय है कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विगत 39 वर्षों से माह के तीसरे रविवार को पूरे विश्व के 140 देशों में एक साथ और एक ही समय पर सामूहिक योग किया जाता रहा है। इस दिन शाम को 6.30 बजे सारे विश्व में सभी ब्रह्माकुमार और ब्रह्माकुमारियाँ मिलकर राजयोग के अभ्यास के द्वारा सारे विश्व में शान्ति के प्रकम्पन फैलाते हैं।

## 22 जून से नि:शुल्क राजयोग अनुभूति शिविर

राजयोग सीखने के इच्छुक लोगों के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर और चौबे कालोनी स्थित सेवाकेन्द्र में प्रतिदिन दो सत्रों में सुबह 7 से 8.00 एवं शाम को 7 से 8.00 बजे निःशुल्क सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन किया गया है। अपनी सुविधानुसार किसी एक सत्र का चयन कर लाभ लिया जा सकता है।

# आदिवासी क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की बेहतर पहुंच के लिए 15 जून से शुरू होगा धरती आबा अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत धरती आबा जागरूकता और संतृप्तिकरण अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। यह अभियान 15 से 30 जून तक चलेगा। बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि अभियान के तहत जिले के 46 जनजातीय बाहुल्य गांवों का चयन किया गया है। जहाँ पात्र लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने विशेष शिविर लगाये जाएंगे। इसमें विकासखण्ड कसडोल के 21 गांव, बलौदाबाजार के 13, भाटापारा के 10 एवं विकासखंड सिमगा के 2 गांव शामिल हैं। कलेक्टर ने बताया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा चयनित गांव का भ्रमण कर योजनाओं से छूटे हुए हितग्राहियों का गेप आइडेंटिफीकेशन की प्रक्रिया जारी है जो 14 जून तक पूर्ण कर की जाएगी। इसके बाद 15 जून से 30 जून तक चलने वाले अभियान में हितग्राहियों को पात्रातानुसार सभी योजनाओं से लाभान्वित करने की कवायद शुरू होगी। उन्होंने कहा कि अभियान अंतर्गत लगाये जाने वाले शिविरों में राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वयोवृद्ध कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र,पीएम उज्जवला गैस कनेक्शन, जनधन खाता, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन योजना, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, मातृ एवं शिशु कल्याण, टीकाकरण, आंगनबाड़ी से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। एनसीसी कैडेट करेंगे सिकल सेल और थेलेसीमिया के प्रति जागरुक अभियान के दौरान 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स की मदद से सिकल सेल और थेलेसीमिया के प्रति जागरुक करने अभियान चलाया जाएगा। बैठक में जुड़े नई दिल्ली स्थित नेशनल कैडेट कोर के मुख्यालय के प्रतिनिधि ने बताया कि इस आशय के निर्देश सभी एनसीसी निदेशालयों को दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से एनसीसी कैडेट्स को सिकल सेल और थेलेसीमिया मित्र बनाने प्रशिक्षण दिया जाएगा। एनसीसी निदेशालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले एनुअल ट्रेनिंग कैम्प और कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैम्प में कैडेट्स को सिकल सेल और थेलेसीमिया की जाँच के साथ इस बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी और कैडेट्स को सिकल सेल और थेलेसीमिया मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। एनसीसी कैडेट्स अपने क्षेत्र में लोगों की काउंसलिंग इत्यादि कर जान जागरूकता की इस मुहिम में सहयोगी बनेंगे।

## माँ गंगाबाई को मिला राहत का आशियाना, महापौर ने किया समाधान



**धमतरी।** नगर के विंध्यवासिनी वार्ड निवासी माँ गंगाबाई पिछले कई वर्षों से आवास की समस्या से जूझ रही थीं। कई बार आवेदन देने के बाद भी उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया था। जब यह मामला महापौर रामू रोहरा के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तुरंत अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दस्तावेजों की जाँच करवाई और पात्रता सुनिश्चित होने पर तत्काल योजना के तहत लाभ दिलाया। महापौर रामू रोहरा ने मौके पर कहा कि हर नागरिक को सिर पर छत मिलना उसका अधिकार है और हमारी जिम्मेदारी है कि पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे। माँ गंगाबाई की आँखों में खुशी के आँसू छलक आए जब उन्हें बताया गया कि जल्द ही उन्हें आवास योजना के अंतर्गत घर मिल जाएगा। इस कार्य के लिए उन्होंने महापौर रामू रोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ऐतिहासिक मान्यता के स्कूल को मर्ज किए जाने के विरोध में होगा उग्र आंदोलन : विनोद चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



ऐतिहासिक मान्यता के स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के नाम पर अन्य स्कूलों में मर्ज किए जाने का विरोध करते हुए पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने सरकार के इस कृत्य को जनभावनाओं से खिलवाड़ बताया है। साथ ही आगामी 16 जून को प्रवेशोत्सव के दिन उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। चंद्राकर ने बताया कि ग्राम खटटी के प्राथमिक शाला का स्थापना ब्रिटिश शासन काल के दौरान सन 1899 में हुआ है। इस स्कूल में अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किया। ग्राम के बुजुर्गों के अनुसार इस स्कूल के लिए यहां के मालगुजार डागा परिवार द्वारा भूमिदान किया था। स्कूल स्थापना के बाद खटटी सहित क्षेत्र के 40 ग्रामों के छात्र यहां अध्ययन करने आते थे। स्कूल की ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए 1999 में इस स्कूल के शताब्दी वर्ष मानने के लिए शासन ने 50 हजार रुपए प्रदान किए थे। साथ ही इस स्कूल के ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए शासन ने इसे ऐतिहासिक धरोहर मानकर 4 लाख 95 हजार रुपए अनुदान स्वरूप प्रदान किया था। ताकि स्कूल का रखरखाव सुव्यवस्थित रूप से हो सके। ऐसे ऐतिहासिक स्कूल को किस आधार पर कन्या शाला के साथ मर्ज किया जा रहा है, इस पर प्रशासन अपनी नियत स्पष्ट करें। क्योंकि युक्तियुक्तकरण नियम के कंडिका क्रमांक 6 में स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी ऐतिहासिक, पुरातन मान्यताओं से जुड़े स्कूलों को मर्ज नहीं किया जाए। यदि खटटी के इस ऐतिहासिक स्कूल को शासन के आदेश पर युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज किया जा रहा है तो यह भाजपा सरकार की दोहरी चरित्र को दर्शाती है, इससे भाजपा सरकार की कथनी और करनी में फर्क स्पष्ट नजर आ रहा है। भाजपा को लोगों की आस्था, उनकी भावनाओं से कोई सरोकार नहीं। और यदि शासन के आदेशों का उल्लंघन कर प्रशासनिक अधिकारी अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की नियत से इस ऐतिहासिक स्कूल को मर्ज करने में तुली है तो इस तानाशाही पूर्ण कार्रवाई से यही सिद्ध होता है कि प्रशासन को सरकार का भय नहीं है। सरकार का प्रशासन पर अंकुश नहीं है। अधिकारी अपना अलग शासन चला रहा है। नियमों अनदेखी कर ऐतिहासिक स्कूल को मर्ज किया गया तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

# छोटे बालक महाराणा वीर प्रताप के लिए छलका महापौर का वात्सल्य लोगों ने देखा रामू रोहरा का संवेदनशील रूप

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



आमतौर पर प्रशासनिक कार्यों और विकास योजनाओं में व्यस्त रहने वाले महापौर रामू रोहरा का एक अलग ही रूप देखने को मिला, जिसने हर किसी का दिल छू लिया। उनके कार्यालय में जब लोग मुलाकात के लिये आए तो उनमें एक छोटा सा बालक भी शामिल था। वह बड़ी बेबाकी के साथ महापौर के पास आकर खड़ा हुआ, तो महापौर ने झुककर न सिर्फउसे गोद में उठा लिया, बल्कि उसके माथे को चूमते हुए उसे अपने पास कुर्सी में स्थान देते हुए स्नेह से भर उठे। यह दृश्य जैसे ही कैमरों में कैद हुआ और सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, लोगों ने महापौर की मानवीय संवेदनशीलता की सराहना की। जहां एक ओर नेता आमतौर पर गंभीर और व्यस्त नजर आते हैं, वहीं महापौर का यह बचपन से जुड़ा स्नेहिल रूप जनता के बीच चर्चा का विषय बन गया। कार्यालय में मौजूद लोगों ने बताया कि महापौर बच्चों के प्रति पहले से ही विशेष स्नेह रखते हैं। लेकिन इस तरह सार्वजनिक रूप से उनका वात्सल्य देखने को मिलना अपने आप में एक अनोखा अनुभव था। नेतृत्व केवल निर्णय लेने का नाम नहीं, बल्कि संवेदना और मानवीय जुड़ाव भी उतना ही आवश्यक है। यह प्रतिक्रिया एक वरिष्ठ नागरिक की थी, जो उस वक्त वहां कार्यालय में मौजूद थे। महापौर का यह व्यवहार साबित करता है कि प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ यदि दिल में सच्चा स्नेह और संवेदना हो, तो नेतृत्व और अधिक प्रेरणादायक बन जाता है।

## थाना प्रभारियों ने भी अपराध के विरुद्ध कमर कस ली है

# कोतवाली टीआई के सूझबूझ से एक बड़ी अप्रिय घटना होने से टला

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर सूरज सिह परिहार ने जबसे पदभार संभाला है, और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा द्वारा शहर के भीतरी इलाकों में अडडेबाजी करने वालों के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है, इन अधिकारियों के नक्शे कदम पर चलते हुए तब से थाना प्रभारियों ने भी अपराध के विरूद्ध कमर कस ली है और वे ऐसे तत्वों की हरेक हरकतों की जानकारी रखकर समय समय पर इन्हें चेतावनी, समझाईश देकर छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में अपने वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल निर्देशन पर बीते दिनों दो समुदाय के बीच हुए विवाद की जानकारी जैसे ही कोतवाली निरीक्षक राजेश मरई लगी, उन्होंने बिना विलंब किये उक्त विवादित स्थल पर जाकर दोनो पक्षों को जिस तरह समझाईश देकर अलग किया, उसकी शहर में सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। जागरूक नागरिकों का मानना है कि अगर सिटी कोतवाली प्रभारी समय रहते ठोस एवं उचित निर्णय नहीं लेते तो शहर में एक बार फिर सांप्रदायिक विवाद होना तय था।

ईतवारी बाजार स्थित परिसर में कुछ युवाओं के द्वारा सिगरेट पीने की बात को लेकर वाद विवाद प्रारंभ हुआ जिसमें दोनों पक्ष के लोगों के बीच हाथापाई भी हुई। इसकी जानकारी जैसे ही नगर निरीक्षक मरई को हुई, उन्होंने बिना विलंब किये घटना स्थल की ओर रवाना हुए। साथ ही साथ उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक परिहार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रा को देते हुए विवाद कर रहे युवकों के बीच पहुंचे। उनके पीछे-पीछे विभाग के अधिकारी, कर्मचारी भी पहुंच चुके थे। दोनों समुदाय के युवकों के बीच चल रहे हाथापाई, धक्का मुक्की और इस घटना की जानकारी लगने पर शहर के भीड़ के बीच पहुंच कर दोनों पक्षों को अलग कराया और उन्हें विभाग के माध्यम से थाना सिटी कोतवाली भेजा गया किंतु इस अवधि में वहां उपस्थित भीड़ को अलग करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी जिसके कारण यह विवाद आगे नहीं बढ़ पाया। ऐसा माना जा रहा था कि यह विवाद शहर की शांत फिज़ा को अशांत करने वाला था। लेकिन टीआई की चतुराई से ऐसी स्थिति निर्मित नहीं हो पाई जिसकी शहर में सर्वत्र चर्चा है और टीआई के सूझबूझ से एक बड़ी अप्रिय घटना टल गई। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की प्रशासनिक सूझबूझ के साथ निरीक्षक की भूमिका की शहर में जबरदस्त प्रशंसा हो रही है।पुलिस अधीक्षक परिहार के पदभार संभालते ही इन्होंने अपने अधिनस्थों की बैठक लेकर अपराधजनित क्षेत्रों के साथ साथ अड्डेबाजी करने वालों, जरायमपेश लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने, जुआ, सट्टा, शराब जैसे अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। इसी तरह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा द्वारा शहर एवं शहर के भीतरी इलाकों में गश्त की जा रही है जिसका नेतृत्व वे स्वयं कर रहे हैं, वरिष्ठ अधिकारियों के नक्शे कदम पर चलते हुए थाना प्रभारियों द्वारा भी ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्ती के साथ कार्यवाही किये जाने का भय अब शहर के मुख्य सड़कों के साथ साथ भीतरी इलाकों में भी देखा जा रहा है और ऐसी किसी भी अप्रिय घटना को लेकर पुलिस विभाग द्वारा त्वरित एवं मुस्तैदी के साथ कार्यवाही की जा रही है जिससे पूर्व वर्षों की तुलना में इस वर्ष अपराध की खासकर चाकूबाजी की घटनाओं में कुछ हद तक अंकुश लगा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा जो मुस्तैदी ईतवारी बाजार में घटित घटना को लेकर दिखाई गई, उससे यह घटना, बहुत बड़ा मामला नहीं बन पाया। टीआई की सूझबूझ का परिणाम है कि शहर के ईतवारी बाजार में जो विवाद बढ़ चुका था, उसे नियंत्रित करने में इनकी बहुत बड़ी भूमिका रही है। इसे लेकर शहरवासियों ने पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के साथ साथ निरीक्षक को भी धन्यवाद ज्ञापित किया है। हालांकि अभी उक्त मामले को लेकर निरीक्षक द्वारा सीसी टीवी कैमरा से फुटेज निकाला जा रहा है ताकि घटना की वास्तविकता का पता चल सके।

# अकलाडोंगरी में आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प सभा : मोनिका देवांगन

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



विकसित भारत का अमृत काल एवं देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत भाजपा गंगरेल मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष मोनिका ऋषभ देवांगन के नेतृत्व में मंडल के अंतिम छोर पर बसे हुए सुदूर डूबान क्षेत्र अकलाडोंगरी के सामुदायिक भवन में शनिवार दिनांक 14 जून को विकसित भारत का संकल्प सभा का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी गंगरेल मंडल के पदाधिकारीगण जनप्रतिनिधिगण एवं अकलाडोंगरी और आसपास के ग्रामों के उत्साही ग्रामीणजन एकेंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही उपस्थित रहेंगे। गंगरेल मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका ऋषभ देवांगन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अद्वितीय एवं यशस्वी 11 वर्षों के कार्यकाल पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 11 वर्ष के प्रधानमंत्री के कार्यकाल में देश के अंतिम व्यक्ति से लेकर राष्ट्र को शिखर तक पहुंचाने का कार्य विभिन्न योजनाओं और दूरदर्शी नीतियों के माध्यम से किया है। उनका मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश के कोने.कोने में जमीनी स्तर पर क्रियान्वित एक जन आंदोलन है। पीएम मोदी ने समाज के हर वर्ग हर क्षेत्र और हर गांव के विकास को प्राथमिकता दी है जिससे भारत विश्व पटल पर एक नई पहचान बना रहा है। अकलाडोंगरी में आयोजित यह संकल्प सभा न केवल प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों के युगांतकारी परिवर्तन एवं ऐतिहासिक कार्यकाल के उपलब्धियां को जन.जन तक पहुंचाने का माध्यम होगा बल्कि आने वाले समय में आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के प्रति एकजुटता और संकल्प को दोहराने का भी एक प्रेरणादायी मंच बनेगा। संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को सुचारू रूप से क्रियान्वयन करने हेतु गंगरेल मंडल के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के अलग.अलग प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। मंडल संयोजक के रूप में मुकेश यादव सहसंयोजक मो अहमद खान, उमेंद्र सिन्हा, वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रभारी ऋषभ देवांगन, सह प्रभारी नरेश यादव, बुद्धेश्वर कंवर, जयंती हेमराम ध्रुव, विकसित भारत संकल्प सभा प्रभारी चंद्रहास जैन, सह प्रभारी रमेश निषाद, योग दिवस कार्यक्रम प्रभारी हेमंत साहू, सह प्रभारी टिकेश्वर देवांगन, अजय गार्डिया, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस प्रभारी तामेश साहू, दयाराम सिन्हा, रूपाली ध्रुव, ग्राम पंचायत स्तरीय चौपाल कार्यक्रम प्रभारी ग्राम पंचायत में निवासरत पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों को बनाया गया है।

# बिना लाइसेंस के दुकान संचालित करने वालो के विरुद्ध होगी कार्यवाही : महापौर

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार द्वारा राजस्व विभाग प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर के मौजूदगी में वार्डवार वसूली को लेकर राजस्व विभाग की क्लास ली।कहा कि, वसूली में गति लाने टीम बनाकर बड़े बकायादारों के पास डोर टू डोर संपर्क करे। व्यवसायिक एवं बड़ी संस्थानों में जाकर वसूली करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में निगम द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया है। डाटा सेंटर सभागार में आयोजित राजस्व वसूली से संबंधित समीक्षा बैठक में महापौर अलका बाघमार ने कहा कि अधिकारी 16 जून से 16 जुलाई से सभी रुकावटों को दूर करते हुए लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहें। निगम राजस्व वसूलने के लिए लगातार निगरानी करें इस स्थिति में राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा। टैक्स लेने निकले तो रजिस्टर साथ लेकर चलें,करदाताओं के नाम और मोबाइल नंबर भी लिखें,बिना लाइसेंस के दुकान संचालित करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करें। इस दौरान राजस्व अधिकारी आरके बोरकर और बाजार अधिकारी शुभम गोइर ने बताया की राजस्व वसूली 50 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है।

युद्व स्तर पर अभियान चलाकर शत प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के दुकान संचालित करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करें। महापौर ने टैक्स वाली के समय किसी भी की न सुने बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की वसूली के निर्देश दिए। प्रत्येक सहायक राजस्व निरीक्षकों की डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्ति करदाता के संबंध में मांग पंजी से मिलान सहित रजिस्टर लेकर चले और मांग पंजी मिलान करें। प्रत्येक वार्ड सहायक राजस्व निरीक्षक घर-घर जाकर वसूली करे,अगर कोई करदाता टैक्स वाली देने में आना कानी करते है तो नोटिस जारी कर नियमनुसार ताला बंदी और नल कनेक्शन की कार्यवाही करेंगे। सख्त निर्देश वसूली में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी। समीक्षा बैठक मे नामांतरण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे और भवन पूर्णता के आधार पर संपत्तिकर अधिरोपित करें। जिससे करों में वृद्धि हो सके।उन्होंने कहा कि जल विभाग से समांजस्य कर नये घरों से जलकर की वसूली करे। उन्होंने कहा इसी प्रकार भवन शाखा से नये मकानों की जानकारी लेकर सम्पत्तिकर, जलकर व समेकितकर की वसूली करे। जिससे शतप्रतिशत वसूली हो सके। उन्होंने ये भी कहा कि बड़े बकायादारों से कडाई से वसूलना सुनिश्चित करे तथा प्रतिदिन की वसूली की जानकारी लेवे।उन्होंने कहा कि हर एक वॉड मे एआरआई रोजना 20 घरों का टारगेट दिए है। महापौर अलका बाघमार ने निजी हॉस्पिटलों, कॉलेज, स्कूलों में फायर सीप की जांच के साथ साथ टैक्स वसूली की कार्वाही करें, साथ ही फायर सीप इन जगहों पर नही पाए पर जुर्माना की कार्रवाही करने की बात कही। उन्होंने यूजर चार्ज में बढ़ोतरी करने की बात कही।उन्होंने कहा कि यूजर चार्ज में कोई समझौता नही होगी। राजस्व बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी राजकमल बोरकर, निशांत यादव, बाजार अधिकारी शुभम गोइर, निशांत यादव थानसिंह यादव,विनोद उपाध्यय,लव कुश,शिवा, लक्ष्य गोइर,पवन नायक, सत्येन्द्र, निखिल, धनवर्धन,नीरज मौजूद रहें।

# राजा नहीं संन्यासी का मान होता है छत्तीसगढ़ में : परदेशी

## खचाखच भरे सभागार में वैराग्य की गाथा "भरथरी" को मिली खूब तारीफ

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से संस्था 'रंगसरोवर' की प्रस्तुति लोकनाट्य उत्सव में वैराग्य की गाथा "भरथरी" का मंचन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में शुक्रवार 13 जून की शाम को भी हुआ। लगातार दूसरे दिन भी कला मंदिर का पूरा सभागार खचाखच भरा रहा। प्रख्यात लोक गायिका और "भरथरी" की पुरोधा स्व. सुरूज बाई खांडे को समर्पित इस मंचीय प्रस्तुति के समापन पर दर्शकों ने खड़े होकर तालियों की गूंज के साथ कलाकारों का अभिवादन किया। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित वरिष्ठ नाचा कलाकार पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, पंथी नर्तक डॉ. राधेश्याम बारले, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा और भजन-गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने लोकगायिका स्व. सुरूजबाई खांडे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर ने रंग सरोवर की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इतनी सधी हुई प्रस्तुति बहुत कम अवसर पर होती है। वह स्वयं मंच के कलाकार हैं और "भरथरी" जैसी उत्कृष्ट प्रस्तुति उन्होंने अपने जीवन में बहुत कम देखी है। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि यह इस मंचीय प्रस्तुति का सम्मोहन है कि वह लगातार दूसरे दिन इसे देखने आए हैं।

उन्होंने कहा कि राजा भृतहरि (भरथरी) की कथा अलग-अलग रूप में देश के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित है लेकिन छत्तीसगढ़ में राजा भरथरी के संन्यासी स्वरूप को ही मान मिला। भरथरी की सिद्ध कलाकार स्व. सुरूज बाई खांडे राजा के इसी संन्यासी स्वरूप को देश और दुनिया में घंटो गाकर सुनाती रहीं। क्योंकि छत्तीसगढ़ में राजा नहीं संन्यासी का मान होता है। राजीव लोचन के रूप में छत्तीसगढ़ राजा राम नहीं बल्कि संन्यासी राम की पूजा करता है। भजन-गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने भी बेहतरीन प्रस्तुति के लिए रंग सरोवर की पूरी टीम को बधाई दी। आलेख, गीत, संगीत एवं निर्देशन की जवाबदारी संभालने वाले वरिष्ठ रंगकर्मी भूपेन्द्र साहू ने सभी उपस्थित लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, डीपी देशमुख, मणिमय मुखर्जी-सुचेता मुखर्जी, जेपी नायर, विभाष उपाध्याय-अनिता उपाध्याय, गुलाम हैदर मंसूरी, तुलसी साहू, श्रवण, योगेंद्र सिंह, महेश वर्मा और राजेंद्र साहू सहित कला-संस्कृति के क्षेत्र के कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# डुंडेरा स्कूल में लगातार चोरी की घटना, पुलिस गश्त बढ़ाने व चोरों को जल्द पकड़ने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



उतई थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डूंडेरा के शासकीय स्कूल इन दिनों चोरों का अड्डा बना हुआ है, स्कूल में लगातार चोरी की घटना घटित हो रहीं है, कुछ दिन पूर्व प्राथमिक शाला से स्मार्ट टीवी, लैपटॉप सहित अन्य सामग्री को चोर उड़ा ले गए थे उसके बाद शुक्रवार रात को 8 बंडल लोहे के छड़ को चोर पार कर दिए है। स्कूल में लगातार चोरी की घटना को लेकर नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने लिखित शिकायत कर पुलिसिंग गस्त बढ़ाने व चोरों को जल्द पकड़ने की मांग की है।तरुण बंजारे ने कहा कि चोर शिक्षा के मंदिर को भी नही छोड़ रहे है लगातार स्कूल में ही चोरी की घटना हो रही है जो कि गंभीर विषय है, साथ ही पिछले बार प्राथमिक शाला में चोरी के घटना में शामिल चोर भी अभी तक पकड़ा नही गया है जिसके चलते चोरों के हौसला बुलंद है और लगातार स्कूल को ही टारगेट में लेकर चोरी कर रहे है,पुलिस को चाहिए कि स्कूल के आस-पास लगातार पेट्रोलिंग कर निगरानी सुदा चोरों की गिरफ्तारी करने व स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरा को चालू कराने स्कूल प्रशासन को निर्देशित करे।

# विश्व रक्त दान दिवस पर जिले में रक्त दान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन

## 33 यूनिट रक्त संग्रहित, समाजसेवियों और रक्त मित्रों का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बेमेतरा एवं जिला चिकित्सालय बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी के सह-अध्यक्ष रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एवं रेडक्रॉस जिला संगठक के सदस्य उपस्थित रहे। शिविर में कुल 33 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर के साथ-साथ समाजसेवियों और रक्त मित्रों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं अतिथियों ने स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और समाज के सभी वर्गों से आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की।

# धरती आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत 30 जून तक लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में 30 जून 2025 तक धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति को पात्रता अनुसार व्यक्तिगत लाभों/हक से संतृप्त किया जाना और इस अभियान के प्रति जनजागरूकता की जाएगी7 बेमेतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत झालम में पंचायत भवन में 16 और 27 जून को शिविर आयोजित होगा। इसी तरह साजा विकासखंड के ग्राम पंचायत कामकावड़ा के ग्राम बुड़ेरा प्राथमिक शाला में 19 और 20 जून को आयोजित होगा। साजा विकासखंड के ग्राम पंचायत पिपरिया के ग्राम कोरवाय में प्राथमिक शाला में 26 और 27 जून को शिविर लगेगा। धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बोईकछार में 23 और 24 जून को शिविर आयोजित होगा। इस अभियान में ग्राम स्तर/क्लस्टर स्तर पर शिविरों के माध्यम से स्थल पर लाभ जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, सिकल सेल स्क्रीनिंग, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, किसान केडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, पी एम जनधन खाता, फसल बीमा, पी एम जीवन ज्योति बीमा योजना, पी एम सुरक्षा बीमा योजाना, पेंशन योजना (वृद्धा पेंशन, विधवा पेशन, दिव्यांग पेंशन), मनरेगा, जौब कार्ड, पी एम विश्वकर्मा, मुद्रा लोन, महिला एवं बालविकास विभाग की विभिन्न योजना सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, श्रम कार्ड/ई-श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना (एल.पी. जी.), प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, बाड़ी विकास, जल जीवन मिशन अन्तर्गत नल कनेक्शन/सामुदायिक नल जल, जन्म प्रमाण पत्र, प्रत्येक घरों में विद्युत उपलब्धता, पोषण वाटिका, प्रधानमंत्री आवास योजना/ व्यक्तिगत शौचालय/सामुदायिक शौचालय निर्माण तथा कौशल प्रशिक्षण सेवाओं के प्रदाय हेतु कार्यवाही किया जाना है।

# ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले योग महाकुम्भ-योग को उत्सव का होगा आयोजन

## 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा योग महाकुंभ-योग

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार 15 जून से 21 जून तक योग महाकुम्भ-योग को उत्सव के रूप में मनाने एवं अधिक से अधिक जनसामान्य को प्रेरित करने हेतु योग सप्ताह के रूप में विविध योग संबंधी विधियों का आयोजन प्रातः 07:00 बजे से 08: 00 बजे जशपुर जिले के निम्नानुसार ग्राम पंचायतों में अलग अलग तिथियों में किया जाना है। विकासखंड जशपुर- जशपुर के मंगल भवन, शा. हाई स्कूल लुईकोना, शा.हाई स्कूल पील्खी, शा.प्रा.शाला कदम टोली, लोदाम (मा.शा.भवन), शा.प्रा.शालातेलीटोली, शा.हाई स्कूल पोरतेंगा, दरबारीटोली आयुष क्लिनिक, आई.टी.आई आरा, भागलपुर डाइट जशपुर, प्राथमिक शाला इचकेला, हाई स्कूल नीमगांव, शा.उ.मा.वि. गम्हरिया, विकासखंड मनोरा- शा. हाई स्कूल बहरना, शा.प्रा.शाला रजला, शा.प्रा.शाला सराईडीह, शा.प्रा.शाला सोनक्यारी, शा.प्रा.शाला आमगांव, शा.प्रा. शाला गिधा,शा.प्रा.शाला बेलडीह, शा.प्रा.शाला डुमरटोली, सेजश हिन्दी माध्यम स्कूल मनोरा, शा.प्रा.शाला घाघरा, शा. हाई स्कूल गजमा, शा.प्रा.शाला अलोरी बगीचा विकासखंड- शा.उ.मा.वि. बगीचा, शा.प्रा.शाला. चुन्दापाठ, शा.प्रा.शाला सन्ना, शा.प्रा.शाला गुडलु, शा.प्रा.शाला रेंगले, शा.प्रा.शाला पोरकट, शा. हाई स्कूल चम्पा,। शा.प्रा.शाला सराईपानी, शा. हाई स्कूल सरबकोम्बो, शा.प्रा. शाला गायबुडा, शा.प्रा.शाला एकम्बा, शा.प्रा.शाला महुआडीह, शा. हाई स्कूल रनपुर, शा.प्रा.शाला ढोढरअम्बा, शा.प्रा.शाला भडिया, शा.प्रा.शाला डोभ, शा. हाई स्कूल सामबहार, शा.प्रा.शाला मुढी, शा.प्रा.शाला कवई,।शा.प्रा.शाला घुघरी, शा.प्रा.शाला बम्बा, शा.प्रा.शाला सुलेशा, शा.प्रा. शाला खेडार, शा.प्रा. शाला कुरोंग कांसाबेल विकासखंड-शा.उ.मा.वि. कांसाबेल,शा.उ.मा.वि. बटईकेला, शा.उ.मा.वि. छेराघोघरा, शा.उ.मा.वि. टांगरगांव, शा.उ.मा.वि. चोंगरीबाहर, शा.उ.मा.वि. पोंगरो।

# जिला कांग्रेस भवन सुकमा को ईडी द्वारा अटैच किए जाने को लेकर कांग्रेस ने भाजपा और ईडी का पुतला फूंका

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी भवन सुकमा को प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा कवासी लखमा प्रकरण में अटैच किए जाने के विरोध में बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में बेमेतरा के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड में भाजपा तथा ईडी के नाम का पुतला फूंका गया इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा आम जनता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा नेतृत्व के पास आज जनता को दिखाने के लिए कोई काम नहीं रह गया है जनहित में आवाज उठाने वालों की आवाज दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है भाजपा को इतना डर सताने लगा है कांग्रेस से की जिला कांग्रेस कमेटी भवन सुकमा को भी कवासी लखमा प्रकरण में संपत्ति के रूप में दिखाकर अटैच किया गया है जब से छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है आम जनता के काम नहीं हो रहे हैं लोगों ने जिस सोच के साथ सत्ता परिवर्तन किया गया था आज आम जनता पछता रही है यही हाल केंद्र की भाजपा सरकार का है अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए भाजपा के द्वारा प्रवर्तन निदेशालय ईडी का भरपूर दुरुपयोग किया जा रहा है लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा के इन काले कारनामों से डरने वाले नहीं हैं जनहित की आवाज हमेशा बुलंद करते आए हैं और करते रहेंगे इस कार्यक्रम में शशि प्रभा गायकवाड जिला पंचायत सदस्य मिथिलेश वर्मा मिंटा नामदेव मनोज शर्मा ललित विश्वकर्मा प्रांजल तिवारी राजू साहू जोगेंदर छाबड़ा राम ठाकुर तोकेश्वर साहू प्रकाश ठाकुर रघु तिवारी नरेश सिंह परपोड़ी लाला साहू भिखम साहू रवि गुप्ता अतुल साहू ऋतिक तिवारी कौनेन अली उत्पल गायकवाड़ उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रणजीता स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने रणजीता स्टेडियम का निरीक्षण किया और तैयारी की जानकारी ली विदित है कि रणजीता स्टेडियम में आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जशपुर जिले में भी राज्य स्तरीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिससे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी शामिल होंगे और योगाभ्यास करेंगे। कलेक्टर ने रणजीता स्टेडियम में तैयारी का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने योगाभ्यास के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए वाटरफ्रुफपंडाल लगाने के लिए कहा है। उन्होंने योगाभ्यास के लिए पर्याप्त संख्या में योग मेट, अतिथियों की बैठक व्यवस्था, पार्किंग, बेरिकेडिंग, पानी, बिजली साउंड सिस्टम, सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, एसडीएम ओंकार यादव और सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

**योग का महत्व**-योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का एक माध्यम है।इसका अभ्यास मानसिक शांति,आत्म-जागरूकता और समग्र स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होता है।

**शारीरिक लाभ**-शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। रक्त संचार और पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है। रीढ़ की हड्डी और मांसपेशियों को स्वस्थ रखता है।

**मानसिक लाभ**-तनाव, चिंता और अवसाद को कम करता है। एकाग्रता और स्मरण शक्ति को बढ़ाता है। नींद की गुणवत्ता में सुधार करता है।

**आध्यात्मिक लाभ**-आत्मचिंतन और ध्यान के माध्यम से सहायता करता है।जीवन में संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करता है। योग के लिए आवश्यक सामग्री योग करने के लिए बहुत अधिक संसाधनों की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन कुछ बुनियादी चीजें सहायक होती हैं. योगा मैट फिसलन रहित और आरामदायक मैट योगाभ्यास के दौरान स्थिरता प्रदान करता है। योग एक संपूर्ण जीवन शैली है जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। इसे नियमित अभ्यास का हिस्सा बनाकर हम जीवन में संतुलन, स्वास्थ्य और शांति पा सकते हैं।

## कार्यक्रम में शामिल हुए वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन व महापौर अल्का बाधमार

# भारतीय मजदूर संघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अधिवेशन का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com






भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अधिवेशन के शुभारंभ अवसर पर वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ एक विचारधारा है इसके कार्यकर्ता जमिनी स्तर पर कार्य करने वाले होते है.दुर्ग निगम महापौर अल्का बाधमार ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय मजदूर संघ की एकता सराहनी है. प्रदेश के निकायो में स्वायत्तशासी अपने अधिकारी एवं कर्मचारियों के हितो की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहता है. छत्तीसगढ़ में प्ररूर मात्र में खनीज सम्पदा है.प्रदेश की उन्नति और प्रगति में निकाय के कर्मचारी अपनी अहम भूमिका निभा रहे है जिसके लिए में मजदूर संघ को बधाई देती हूं. दुर्ग के स्वामी विवेकानंद सभागार पदमनाभपुर में आयोजित किया गया है दो दिवसीय त्रैवार्षिक अधिवेशन में देश एवं प्रदेश के नगरीय निकायो में कार्यरत स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य एकत्र हुए है। अधिवेशन का शुभारंभ विधायक रिकेश सेन, महापौर दुर्ग अल्का बाधमार,भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम. पी. सिंह, सुखविन्दर सिंह डिक्की, स्वायत्तशासी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश मण्डली, महामंत्री सुरेश तिवारी, प्रदेश महामंत्री शरद दुबे, भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नारायण तिवारी, जिलाध्यक्ष मिथलेश विश्वकर्मा, जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी,विष्णु चन्द्राकर, अमरनाथ दुबे अनिल सिह, संजय मिश्रा, ईश्वर वर्मा,दुर्गेश गुप्ता, शशिकान्त यादव, सत्यनारायण शर्मा,राजू बक्शी ने भगवान विश्वकर्मा भारत माता तथा दंतोपंथ ठेंगडे जी तैल्य चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवति कर किया. अधिवेशन में दो दिनो तक निकायो में व्याप्त अधिकारी कर्मचारी की समस्याओ पर विचार विर्मश कर केन्द्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया जाऐगा. अधिवेशन में राजू बक्सी, गोपाल सिन्हा, कृष्णा देशमुख, रामवृक्ष यादव, रोहित बंजारे, अनिल वाजपेयी, रामबिहारी शर्मा, रामावतार साहू, रीता चतुर्वेदी, शशिभूषण मोहंती, रोहित बंजारे, संतोष कुमार सोनी सहित प्रदेश एवं देश से आये प्रतिनिधि उपस्थित रहे!

# पत्थलगांव बस स्टैंड में लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय की सुविधा है







**जशपुरनगर।** संबंधित विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्थलगांव विकास खंड के बस स्टैंड में लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिसमें महिला प्रसाधन भी है महिला प्रशाधन के लिए कोई भी शुल्क नहीं ली जाती है। पूर्व में बस स्टैंड में एक ओपन यूरिनल था जिसे डिस्मेंटल किया गया था वर्तमान में बस स्टैंड कंपाउंड में जगह खाली नहीं होने के कारण से ओपन यूरिनल बनाया जाना संभव नहीं है।

## संपादकीय

### गिरती प्रजनन दर अवसर और चुनौतियां

**भारत की जनसंख्या संरचना** गिरती प्रजनन दर के साथ बदल रही है और इसके साथ नए अवसर और चुनौतियां आ रही हैं। एक समय जनसंख्या विस्फोट का सामना कर रहे भारत के समक्ष अब नई जनसंख्या संरचना से चुनौती आ गई है। यह समस्या बहुत अधिक जन्म के बजाय बहुत कम जन्म की है। 'यूएनएफपीए स्टेट आफ वर्ड पापुलेशन 2025' रिपोर्ट के अनुसार, भारत की कुल प्रजनन दर 1.9 हो गई है जो 2.1 की रिप्लेसमेंट दर से कम है। इसका अर्थ है कि औसतन भारतीय महिलाओं के कम बच्चे होंगे जिससे समय बीतने के साथ जनसंख्या का वर्तमान स्तर नीचे गिरेगा। हालांकि, भारत अब भी 1.46 बिलियन के साथ दुनिया का सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है, पर विकास की प्रकृति में परिवर्तन आ रहा है। बड़े परिवारों के दिन लद गए हैं और छोटे परिवारों तथा कम जन्मों के साथ एक मौन पर व्यापक परिवर्तनकारी प्रवृत्ति दिख रही है। भारत की प्रजनन में यह कमी रातोंरात नहीं आई है।

यह दशकों की सामाजिक प्रगति और बदलाव का परिणाम है। अब ज्यादा लड़कियां अपनी शिक्षा पूरी कर रही हैं। गर्भ निरोधकों और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का विस्तार हुआ है। शहरीकरण ने जीवनशैलियों व आकांक्षाओं में परिवर्तन किया है। ऐसे सांस्कृतिक मानकों का विकास हो रहा है जिनमें ज्यादा महिलायें देर से शादी कर रही हैं, कार्यबल में शामिल हो रही हैं तथा प्रजनन निर्णयों पर स्वायत्तता की मांग कर रही हैं। 1960 में औसत भारतीय महिला के लगभग 6 बच्चे होते थे, पर आज उनकी संख्या गिर कर दो से कम रह गई है। यह परिवर्तन जनसंख्या संरचना की प्रवृत्ति से आगे बढ़ कर महिला सशक्तीकरण का स्पष्ट संकेत है। गिरती प्रजनन दर के अपने कुछ सकारात्मक प्रभाव हैं। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से यह व्यक्तिगत पसंद, खासकर महिलाओं की पसंद के विस्तार का संकेत देती है। इससे संकेत मिलता है कि ज्यादा से ज्यादा लोग यह तय कर रहे हैं कि कब और कितने बच्चे होने चाहिए। जीवन प्रत्याशा वर्तमान समय में महिलाओं के लिए 74 तथा पुरुषों के लिए 71 है। इसके बढ़ने के साथ अपरिहार्य रूप से भारत को बढ़ती वृद्ध जनसंख्या का सामना करना पड़ेगा।

लेकिन इसके नकारात्मक प्रभाव भी होंगे। देश को ऐसे भविष्य का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए जहां कुछ युवा कामगार ज्यादा बड़ी बुढ़ाती जनसंख्या का सहारा बनेंगे। इससे सार्वजनिक स्वास्थ्यरक्षा, समाज कल्याण व्यवस्थाओं तथा परिवार संरचना पर असर पड़ेगा। गिरती प्रजनन दर के कारण श्रमबल में कमी आएगी जिससे समय बीतने के साथ आर्थिक उत्पादकता एवं प्रगति बाधित हो सकती है। जापान, इटली और दक्षिण कोरिया जैसे देश पहले ही इन स्थितियों का सामना कर रहे हैं। वर्तमान समय में बेहतर जनसंख्या संरचना वाले भारत को इन देशों के अनुभवों से सबक लेते हुए भविष्य में ऐसी ही समस्याओं में फंसने से बचना होगा। समान रूप से भारत में वर्तमान समय में जारी गहरी क्षेत्रीय व सामाजिक-आर्थिक विसंगतियों को संबोधित करना महत्वपूर्ण होगा। जहां शहरी और शिक्षित परिवार स्वेच्छा से कुछ बच्चे पैदा करने का निर्णय कर सकते हैं, वहीं ग्रामीण और कम आय वाले समुदायों में अनेक महिलाओं की पहुंच अब भी उपयुक्त प्रजनन स्वास्थ्यरक्षा तक नहीं है तथा उनका अपनी प्रजनन पसंद पर सीमित नियंत्रण है। प्रगति के इस मूलाधार तक असमान पहुंच प्रजनन दर में आई कमी से संभावित प्रगति को बाधित कर सकती है। इसलिए भारत की घटती प्रजनन दर को चेतावनी की तरह नहीं देखा जाना चाहिए और न इसके प्रति लापरवाही बरतनी चाहिए। हालांकि, यह संकट नहीं है, पर यह एक संकेत तथा विचारशील नियोजन एवं समावेशी नीति का आह्वान है। भारत में प्रजनन दर में कमी क्षेत्रीय स्तर पर भी समान रूप नहीं है और यह भी विसंगतियों का कारण बन सकती है। यूएनएफपीए रिपोर्ट में इस तथ्य पर उचित ही जोर दिया गया है कि अब जनसंख्या संरचना परिवर्तन से घबराने के बजाय लोगों के सशक्तीकरण पर जोर दिया जाना चाहिए ताकि वे अपने प्रजनन संबंधी जीवन के बारे में सही सूचनाओं के आधार पर स्वतंत्र होकर निर्णय ले सकें।

# विश्वविद्यालयों पर ट्रंप का हमला

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के सर्वाधिक सम्मानित विश्वविद्यालयों व खासकर आईवी लीग संस्थानों के खिलाफ आक्रामक अभियान छेड़ दिया है। इसमें फंड में कटौती, नीतियों की जांच तथा आक्रामक बयानबाजी शामिल है।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



एक विवादास्पद अभियान के रूप में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के सर्वाधिक सम्मानित विश्वविद्यालयों व खासकर आईवी लीग संस्थानों के खिलाफ आक्रामक अभियान छेड़ दिया है। इसमें फंड में कटौती, नीतियों की जांच तथा आक्रामक बयानबाजी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में सर्वाधिक महत्वपूर्ण अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर निशाना लगाया है। पिछले कुछ सप्ताह से उन्होंने 'आइवी लीग विश्वविद्यालयों' के खिलाफ जैसे युद्ध छेड़ दिया है। उन्होंने खासतौर से हार्वर्ड, येल, प्रिंसटन, कोलम्बिया, कार्नेल, ब्राउन, डरमाउथ व पेंसिलवानिया विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों पर निशाना लगाया है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इन कदमों ने अमेरिका के उच्च शिक्षा क्षेत्र को बुरी तरह झकझोर दिया है। अब अकादमिक लोगों को अमेरिकन प्रशासन की ओर से बड़ी चुनौतियों से संघर्ष करना पड़ रहा है। विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षण संस्थानों पर डोनाल्ड ट्रंप के हमलों के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। आम जनता ऐसे कदमों को कंजरवेटिव रणनीति के रूप में देखती है जो उच्च शिक्षा पर उदारवाद का प्रभाव कम करना चाहती है। इसका उद्देश्य डेमोक्रेटिक पार्टी के परंपरागत समर्थन आधार को नुकसान पहुंचाना है जिसे कंजरवेटिव पार्टी की तुलना में छात्रों एवं अकादमीशियनों का व्यापक समर्थन मिलता है।

यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि ट्रंप की फंड घटाने समेत विश्वविद्यालयों के खिलाफ आक्रामक अन्य नीतियों से प्रभावित होने वाले विश्वविद्यालय उन क्षेत्रों में हैं जहां डेमोक्रेटों को मजबूत समर्थन प्राप्त है। इन संस्थानों में से अनेक फंड में कटौती तथा अनुदान सीमित करने से प्रभावित हैं जिससे उनके शोध एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। कंजरवेटिव अक्सर यह शिकायत करते रहे हैं कि इन संस्थानों में पूर्वाग्रह भरे पड़े हैं। कुछ लोग इसे राष्ट्रपति ट्रंप प्रशासन की रणनीति का अंग मानते हैं जो उच्च शिक्षा का स्वरूप बदलने का प्रयास कर रहा है।

कुछ लोगों का अनुमान है कि ट्रंप आइवी लीग संस्थानों का इसलिए विरोध कर रहे हैं कि वे स्नातक की मानद उपाधियां दे रहे हैं तथा अतिथियों को स्नातक छात्रों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं, जबकि उनको व्हार्टन स्कूल से स्नातक उपाधि मिली है। अधिकांश हालिया अमेरिकन राष्ट्रपतियों ने आईवी लीग संस्थानों से स्नातक उपाधि प्राप्त की है जिनमें ट्रंप भी शामिल हैं। ट्रंप ने पेंसिलवानिया विश्वविद्यालय के स्कूल आफ व्हार्टन से स्नातक अध्ययन किया है। 2024 के पिछले कुछ महीनों में ट्रंप प्रशासन ने प्रमुख कालेजों और विश्वविद्यालयों को आक्रामक ढंग से फेडरल फंडिंग से वंचित किया है। इस संबंध में 10 मार्च को प्रशासन ने हार्वर्ड, कोलंबिया, एनवाईयू और 60 अन्य संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की। उसने कुछ संस्थानों और विश्वविद्यालयों के खिलाफ यहूदी-विरोधी उत्पीड़न के कारण नागरिक अधिकार कानून के संभावित उल्लंघनों की जांच भी शुरू की है। ट्रंप के इन प्रयासों के चलते 10 बिलियन डालर से अधिक शोध अनुदान रोके गए हैं। आप्रवास और कस्टम इन्फोर्समेंट विभाग ने अनेक छात्र एक्टिविस्टों को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय छात्रों को हार्वर्ड में प्रवेश के अयोग्य ठहराया गया है जिससे उनका कर-राहत दर्जा भी खतरे में पड़ गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के हार्वर्ड में अध्ययन एवं उसके कार्यक्रमों में भाग लेने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

ट्रंप प्रशासन के इन कदमों से हार्वर्ड का कर-छूट दर्जा भी खतरे में पड़ गया है। प्रशासन की इन कार्रवाइयों से आइवी लीग विश्वविद्यालयों में भारी तनाव पैदा हो गया है। अनेक विश्वविद्यालयों ने शुरू में ट्रंप प्रशासन की नीतियों की अनदेखी करने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने परिसरों में सुरक्षा बढ़ाने तथा कुछ खास विभागों पर निगरानी बढ़ाने का भी निर्णय किया। कोलम्बिया विश्वविद्यालय को प्रशासन की ओर से चेतावनी दी गई कि यहूदी-विरोधी उत्पीड़न की घटनाओं को उपयुक्त तरीके से संबोधित किया जाए तथा ऐसा न करने पर उसकी मान्यता भी खतरे में पड़ सकती है। प्रिंसटन विश्वविद्यालय व पेंसिलवानिया विश्वविद्यालय के शोध अनुदानों में हजारों मिलियन डालर की धनराशि स्थगित कर दी गई। ट्रंप प्रशासन का शिक्षा विभाग दस विश्वविद्यालयों में कथित यहूदी-विरोधी मामलों की जांच कर रहा है, जबकि अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थानों को चेतावनी दी गई है कि उनके खिलाफ भी ऐसी जांचें शुरू की जा सकती हैं। इसके साथ ही शिक्षा विभाग अवैध नस्ल-आधारित परियोजनाओं को अनुमति देने के लिए 52 विश्वविद्यालयों की जांच कर रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकन विश्वविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय छात्रों का प्रवेश सीमित करने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं जिनमें वीसा की संख्या सीमित करना भी शामिल है। ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से हार्वर्ड की आलोचना करते हुए कहा है कि 'हार्वर्ड को अपना व्यवहार सुधारने की आवश्यकता है।' प्रशासन और विश्वविद्यालयों के बीच इस टकराव ने अमेरिका के सबसे पुराने और सबसे अमीर हार्वर्ड विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रपति ट्रंप के बीच नाटकीय संघर्ष को जन्म दे दिया है।

ट्रंप ने एक्स पर कहा, 'सभी जानते हैं कि हावर्ड रास्ते से भटक गया है। हार्वर्ड एक मजाक है जो घृणा और मूर्खता की शिक्षा देता है और अब उसे संघीय फंड नहीं मिलना चाहिए।' हार्वर्ड को वित्तीय व अन्य कारणों से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इनका कारण फंड में कटौती तथा नए संघीय निगरानी नियमों का पालन करने पर सहमति देना है। इन निगरानी नियमों में पाठ्यक्रम, प्रवेश और शोध प्राथमिकताओं की जांच शामिल है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने प्रशासन के इन कदमों के खिलाफ कानूनी कदम उठाए हैं। इन शिकायतों के कारण न्यायिक प्रक्रिया शुरू हो गई है और उसे अस्थाई राहत भी मिली है। संघीय अदालत के एक जज ने ट्रंप प्रशासन की उस नीति को स्थगित कर दिया है जिसके अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय छात्रों को वीसा पाने पर सीमायें आरोपित की गई हैं।

जहां तक ट्रंप द्वारा आइवी लीग संस्थानों पर निशाना लगाने का सवाल है, प्रशासन ने अनेक स्पष्टीकरण दिए हैं। कुछ लोगों का विश्वास है कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान में ट्रंप ने उन कालेजों की फंडिंग और मान्यता में कटौती का वादा किया था जो 'यहूदी-विरोधी प्रचार' में शामिल हैं। 2024 में व्हाइट हाउस में लौटने के बाद ट्रंप ने आईवी लीग स्कूलों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह अभियान इस चिन्ता से प्रेरित है कि ये स्कूल अपने परिसरों में चल रहे यहूदी-विरोधी प्रचार पर समुचित कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। यह चिन्ता गाजा में टकराव बढ़ने के बाद अमेरिकन विश्वविद्यालयों में इस्राइल-विरोधी प्रदर्शन तेज होने से गहरी हुई है।

यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप और अकादमीशियनों के बीच यह टकराव क्या स्वरूप लेगा। यह इस बात पर निर्भर करता है कि प्रभावित संस्थान दबाव कहां तक झेल सकते हैं। क्या वे संघर्ष करेंगे अथवा व्हाइट हाउस का अनुसरण करेंगे। यदि लक्षित विश्वविद्यालय जल्दी अपनी नीतियों में परिवर्तन से इनकार कर दें तो भी वे अपने आप इनमें बदलाव शुरू करेंगे। मिशिगन, ओहियो स्टेट और कैलीफोर्निया विश्वविद्यालयों ने कुछ परिवर्तन किए हैं और दूसरे भी इसी रास्ते पर चल सकते हैं। इन विशिष्ट संस्थानों में प्रवेश की इच्छा वाले अंतरराष्ट्रीय छात्र अब अनिश्चितता का शिकार हैं और वे दूसरे देशों में इनके विकल्प खोज सकते हैं। उन्होंने अमेरिकन अर्थव्यवस्था में भारी योगदान दिया है।

इनमें से कुछ दूसरे देशों के विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने पर विचार कर रहे हैं। कहा जाता है कि किसी संस्थान को बनाने में सालों लगते हैं, पर उसे कुछ ही क्षणों में नष्ट किया जा सकता है। टकराव बढ़ रहा है और प्रभावित विश्वविद्यालय ज्यादा कानूनी विकल्पों पर विचार कर सकते हैं। यदि यही स्थिति जारी रही तो अमेरिकन विश्वविद्यालयों को प्रतिभा का नुकसान हो सकता है और यह स्थिति उस समय भी होगी यदि ट्रंप प्रशासन अपनी नीतियां और कार्रवाइयां उलटने पर विचार करे। इस कदम से अमेरिकी लोकतंत्र की छवि भी खराब हो रही है।

# न्यायिक प्रक्रिया में मौन क्रांति

"कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए न्याय तक पहुंच बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभर रही है।"

**विपुल यादव**
(लेखक, पेशे से अधिवक्ता हैं)



भारत में कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए न्याय तक पहुंच बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभर रही है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा शुरू की गई, कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता (अनुच्छेद 21) के संवैधानिक अधिकारों और मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने के राज्य के कर्तव्य (अनुच्छेद 39) को क्रियान्वित करती है।

यह प्रणाली एक सार्वजनिक बचावकर्ता-शैली दृष्टिकोण को अपनाती है, जो अंशकालिक पैनलबद्ध वकीलों पर निर्भर पिछले मॉडल से एक बदलाव है। कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली सुनिश्चित करता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत हर जिले में पूर्णकालिक, वेतनभोगी कानूनी पेशेवरों को तैनात किया जाए।

इन टीमों को आम तौर पर एक मुख्य कानूनी सहायता बचाव परामर्शदाता, उप प्रमुख और सहायक कानूनी सहायता बचाव परामर्शदाताओं के साथ संरचित किया जाता है, जिसका उद्देश्य स्थिरता, जवाबदेही और समर्पित सेवा है।

गौतम बुद्ध नगर में एक कानूनी सहायता बचाव परामर्शदाता के रूप में, लेखक कमज़ोर व्यक्तियों और न्याय प्रणाली के बीच की खाई को पाटने में कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली के व्यावहारिक प्रभाव पर प्रकाश डालता है। उनकी ज़िम्मेदारियाँ अदालत में पेश होने से परे वकालत, रणनीति, परामर्श और समन्वय को शामिल करने तक फैली हुई हैं। वे जमानत आवेदन, संशोधन और अपील का प्रबंधन करते हैं, मामले की प्रगति की निगरानी करते हैं और आपराधिक कार्यवाही के दौरान निरंतर कानूनी सहायता प्रदान करते हैं। जेल अधिकारियों, अदालत के कर्मचारियों, पुलिस और परिवारों के साथ सहयोग भी अभियुक्तों के अधिकारों की रक्षा




के लिए अभिन्न अंग है। कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली का एक प्रमुख घटक अनिवार्य साप्ताहिक जेल विजिट प्रोटोकॉल है। इन मुलाकातों के दौरान, कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली उन विचाराधीन कैदियों की पहचान करते हैं जिनके पास कानूनी प्रतिनिधित्व या उनके मामलों की समझ की कमी है, अक्सर लंबी अवधि के बाद कानूनी प्रणाली के साथ उनकी पहली बातचीत होती है।

वे कानूनी परामर्श देते हैं, जमानत या छुट्टी की संभावनाओं का आकलन करते हैं और आवश्यक कानूनी दस्तावेजों का मसौदा तैयार करते हैं। इसके अलावा, कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली हिरासत में दुर्व्यवहार, अवैध हिरासत या प्रक्रियात्मक देरी जैसे मुद्दों की रिपोर्ट नालसा को देते हैं, जो व्यक्तिगत न्याय और प्रणालीगत पारदर्शिता दोनों में योगदान देता है। व्यावसायिकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए, नालसा की कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली योजना (2022) परिचालन और नैतिक दिशा-निर्देशों की रूपरेखा तैयार करती है। बचाव पक्ष के वकीलों को क्लाइंट की गोपनीयता बनाए रखने, बिना किसी पूर्वाग्रह के काम करने और व्यक्तिगत गरिमा को बनाए रखने की आवश्यकता होती है। केस फाइलों, अदालती आदेशों, जेल विजिट नोट्स और मासिक रिपोर्टों का सावधानीपूर्वक रिकॉर्ड रखना अनिवार्य है, जिसकी समीक्षा डीएलएसए द्वारा की जाती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि एलएडीसी को निजी प्रैक्टिस करने से प्रतिबंधित किया गया है, जिससे उनका पूरा ध्यान कानूनी सहायता पर केंद्रित हो और हितों के टकराव को रोका जा सके। प्रत्येक जिले में एक निगरानी और सलाह समिति भी है जो एलएडीसी के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए जिम्मेदार है, जिसके पास लापरवाही या कदाचार के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करने का अधिकार है।

इस संस्थागत निरीक्षण का उद्देश्य जनता का विश्वास और पेशेवर जवाबदेही को मजबूत करना है। एलएडीसी से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे सहानुभूति और सामाजिक जागरूकता के साथ अपना काम करें, खासकर महिलाओं, किशोरों, विकलांग व्यक्तियों या एससी/एसटी या अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों से जुड़े संवेदनशील मामलों में, न्याय के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा दें। जमीनी स्तर के अनुभव से, एलएडीसीएस ने गौतम बुद्ध नगर में ठोस प्रभाव दिखाया है, जिसमें कई विचाराधीन कैदियों को जमानत, अपडेट और उचित प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है। कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी लाकर, एलएडीसीएस केस बैकलॉग को कम करने और जेलों में भीड़भाड़ कम करने में मदद करता है, साथ ही न्याय प्रणाली में विश्वास बहाल करता है। न्यायालयों को बेहतर तरीके से तैयार बचाव पक्ष के वकीलों से भी लाभ मिलता है, जिससे केस प्रबंधन में आसानी होती है।

यह प्रणाली केवल मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण, नैतिक और सुसंगत प्रतिनिधित्व प्रदान करने के बारे में है। जागरूकता बढ़ाने, कर्मचारियों की कमी को दूर करने और पहुंच का विस्तार करने जैसी चुनौतियाँ बनी हुई हैं, लेकिन कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली भारत में कानूनी सशक्तिकरण का एक आधारभूत स्तंभ साबित हो रहा है, जो संवैधानिक मूल्यों, मानवीय गरिमा और सभी के लिए न्याय के सार की रक्षा कर रहा है।

## आप की बात

### निंदनीय घटना

**जर्जर ट्रेन**, टूटी खिड़की, टूटे दरवाजे, सभी टॉयलेट गंदे व गंदगी से ओतप्रोत, सामान से भरे कोच, कॉकरोचों व कीड़े-मकोड़े से युक्त टूटी सीटें व फटें गद्दे, बिजली व पानी की सुविधा भी नहीं। ऐसी ट्रेन बीएसएफ के 1200 जवानों को अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था हेतु जाने के लिए रेलवे प्रशासन ने मुहैय्या करवाई थी। यह बहुत निंदनीय व शर्मसार कर करने वाली बात है। रेलवे ने एक तरह से जवानों के साथ बहुत ही भद्दा मजाक ही किया है। देश की सुरक्षा व्यवस्था व अन्य सुरक्षा में लगे जवानों की यह कैसी कद्र की गई। ऐसी ट्रेन उपलब्ध कराने से पहले रेलवे प्रशासन को तनिक भी भान नहीं आया कि देश के रक्षक जा रहें हैं। हालांकि, रेल मंत्री ने घटना का संज्ञान लेकर चार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। लेकिन इससे स्पष्ट होता है कि सिविलियन नौकरशाही के एक हिस्से में देश की रक्षा करने वाले सैनिकों व अर्धसैनिक बलों के प्रति सम्मान का अभाव है। ऐसे समय जब पूरा देश आपरेशन सिंदूर के बाद वीर सैनिकों और बीएसएफ जवानों के प्रति प्रशंसा के भाव से भरा है, नौकरशाही का यह अपराध अक्षम्य है। देश की सेना, अर्धसैनिक बलों व पुलिस को सिविल प्रशासन से यथोचित सम्मान मिलना जरूरी है और सरकार को इसे नियमबद्ध करने की दिशा में बढ़ना चाहिए।

**-हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### विमान दुर्घटना

**अहमदाबाद** में हाल ही में हुई विमान दुर्घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। यह हादसा केवल एक तकनीकी खामी नहीं, बल्कि पूरे विमानन तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। जब देश में हवाई यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और हवाई यात्रा आम नागरिकों के लिए भी सहज हो रही है, ऐसे में इस तरह की त्रासदियाँ लोगों के भरोसे को गहरा आघात पहुँचा सकती हैं। भारत इस समय दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है। केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत देश के छोटे शहरों को भी हवाई सेवा से जोड़ा जा रहा है। बीते दशक में एयरपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 159 हो चुकी है। हवाई यात्रा अब केवल अमीरों की सुविधा नहीं, बल्कि आम लोगों की जरूरत बन चुकी है। अप्रैल 2025 में डोमेस्टिक एयर ट्रैवल में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि और 17 नवंबर 2024 को एक ही दिन में 5 लाख यात्रियों का सफर इस बात का प्रमाण है कि भारत में हवाई यात्रा तेजी से लोकप्रिय हो रही है। ऐसे में किसी एक बड़ी दुर्घटना से आम लोगों का भरोसा टूटना देश के विमानन क्षेत्र की प्रगति पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर सकता है। इस भयानक दुर्घटना से समुचित सबक लेकर विमानों का उड़ान से पहले समुचित परीक्षण होना चाहिए।

**- सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### दुर्घटना की जांच

**अहमदाबाद** से लन्दन जाने वाले एयर इण्डिया की विमान दुर्घटना में 260 से अधिक लोगों के मरने की खबर है। एअरपोर्ट के पास रिहायशी इलाके में भवन से टकरा कर जमीन पर गिरते ही विस्फोट हो गया और आग लग गई। बिल्डिंग में सिविल अस्पताल के कुछ डॉक्टर मारे गए व घायल हुए हैं। जांच के बाद दुर्घटना के कारणों का पता चलेगा। विमान हादसे की बारीकी से जांच करानी चाहिए, क्योंकि अभी-अभी हम एक बड़े ऑप्रेशन सिंदूर से निपटे हैं। आशंका है कि कहीं ये दुश्मनों की चाल तो नहीं है। दुर्घटना के आतंकी पहलू पर भी विचार किया जाना चाहिए। विमान उड़ते ही हादसे का शिकार होना अनेक शंकाओं को जन्म दे रहा है, जिनमें रखरखाव की गलतियां, तकनीकी खराबी, आदि शामिल हैं। बोइंग के इस ड्रीमलाइनर विमान को दुनिया का एक सर्वोत्तम विमान माना जाता है, लेकिन इसके उड़ान भरते ही दुर्घटना स्वाभाविक रूप से विमान बनाने वाली कंपनी के लिए भी चिन्ता का विषय होनी चाहिए। दुर्घटना के बाद बोइंग के शेयरों को झटका लगा जो इस कंपनी के विमानों की सुरक्षा के प्रति जनता की चिन्ता प्रकट करता है। अतः विमान की तकनीकी सटीकता के बारे में भी जांच होनी चाहिए।

**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### अमेरिका की छवि

**अमेरिका** की छवि एक विशुद्ध व्यापारी की है। वह न किसी का मित्र है और न किसी का शत्रु। पहलगाम की आतंकी घटना के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने घटना की निन्दा करते हुए कहा था कि वह आंतकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत के साथ खड़ा है। लेकिन इसके बाद उसके सुर बदलते रहे। 14 जून को अमेरिका अपना सैन्य दिवस मना रहा है जिसमें अमेरिका की सेना ने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को अतिथि के रूप में निमंत्रित किया है। यही नहीं अमेरिकी कमाण्ड ने पाक को आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में अपना प्रमुख साझीदार भी बताया है। यह तब है जब दुनिया के अधिकांश देश पाकिस्तान को न केवल आतंकवाद का पोषक और निर्यातक मानते हैं बल्कि वे आतंकवाद से पीड़ित भी हैं। वर्तमान में भी संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा घोषित कई आतंकी सरगना पाकिस्तान में सरकार और सेना के संरक्षण में भारत-विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं। वे भारत में खुलेआम जिहाद और गजवाये हिंद की बात करते हैं। स्पष्ट है कि अमेरिका भारत का उभार रोकने के लिए पाकिस्तान को मुहरा बना रहा है।

**- नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जिंप की पहली सामान्य सभा कि बैठक रही हंगामेदार, आबकारी मार्कफेड और खनिज अधिकारी रहे नदारद, सदस्यों से जताई नाराजगी

## जिंप सदस्य मिथलेश ने सीएमएचओ से पूछा: एनीमिया ग्रसित मरीजों की जांच एवं उपचार के लिए डीएमएफसे स्वीकृत राशि और किस मापदंड के तहत एजेंसी हुई तय

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत बालोद के नवीन कार्यकारिणी के गठन के उपरांत जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्रकार की अध्यक्षता में आयोजित जिला पंचायत के पहली सामान्य सभा की बैठक हंगामेदार रही। बैठक में जिले के सभी सोसायटियों में खाद बीज उपलब्ध कराने जिससे किसानों को भटकने की जरूरत न पड़े, निजी दुकानदार खाद बीज को अधिक दाम में न बेचे, खेती किसानी के पहले किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराने, ईरागुडा से भोथीपार खपरी (ब) के सड़क को तत्काल मरम्मत करने, बटरेल से कुथरेल सडक का मरम्मत करने, मूंदेरा सड़क की जर्जर स्तिथि की मरम्मत करने की बात सदस्यों द्वारा सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को कही गई हैं। वही लोक निर्माण विभाग के अधिकारी से पूछा बटरेल से कुथरेल के लिए राशि उपलब्ध और टेंडर लगने की जानकारी मांगी साथ ही मुंदेरा सड़क कार्य शुरू कराने और गड्ढों को पेंच मरम्मत कर ठीक करने की बात सदस्यों ने कही। वही जिले के मर्रामखेड़ा, और भैंसमुड़ी में अवैध रेत खनन का मुद्दा जोरो से उठा, लेकिन बैठक में खनिज अधिकारी नदारद रहे, जिसपर सभी सदस्यों ने भारी नाराजगी जाहिर की। वही बैठक में डीएमओ, जिला आबकारी अधिकारी, पीएचई विभाग के ईई, डीएफओ भी शामिल नही रहे, जिसपर पर सदस्यों ने नाराजगी जाहिर कर प्रभारी जिला पंचायत सीईओ को नोटिस जारी करने की बात कही। वही चाराचार से पायला रोड़ पर मरम्मत करने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के ईई को कहा गया।

### अवैध शराब बिक्री का उठा मुद्दा

सामान्य सभा की बैठक में आबकारी विभाग के संरक्षण में जगह जगज अवैध शराब बिक्री का मुदद‍ा जोरो से उठा। सदस्यों से कहा कि आबकारी विभाग इसपर अंकुश नही लगा पा रहा है। खुलेआम ढाबों में शराब परोसे जा रहे है। आबकारी एवं पुलिस विभाग कार्यवाही नही करते, और अगर करते भी है तो सिर्फ खानापूर्ति कर दी जाती है। वही सदस्यों से जल संसाधन विभाग से जिले में चल रहे कार्यो की और कितने स्थानों में निर्माणधीन लाइनिंग कार्यों की जानकारी मांगी।

### विमान हादसे में दिवंगतों को दी गई श्रद्धांजलि

जिला पंचायत के सामान्य सभा की पहली बैठक के दौरान बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने गुरूवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में बड़ी संख्या में लोगों के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने विमान हादसे में दिवंगत हुए लोगों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक सहित विभिन्न समितियों के सभापति, जिला पंचायत सदस्यों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### डीएमओ को हो नोटिस जारी : मिथलेश

जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी ने डौंडी ब्लॉक के गावों में एनीमिया की जांच करने पहुची टीम और खनिज न्यास निधि से एनीमिया मुक्त कार्यक्रम के लिए स्वीकृत राशि का मुदद‍ा उठाया और जांच की मांग की। उन्होंने सीएमएचओ से पूछा कि किस मापदंड के तहत एजेंसी तय हुई है, जिसपर सीएमएचओ जवाब नही दे पाए। ग्राम गिधाली में 3 शिक्षक पदस्थ थे, जिसमे एक दृष्टिबाधित है और दूसरा पैर से विकलांग है, और तीसरा शिक्षक जो कि सामान्य है, उसका युक्तियुक्तिकरण के तहत अन्यत्र जगह भेज दिया गया। उस शिक्षक को यथावत रखने कहा गया। इसके अलावा अरमुरककसा में एक शिक्षिका को ग्रामीणों की शिकायत पर हटा दिया गया था, लेकिन अभी युक्तियुक्तिकरण के तहत पुनः उसी गांव में उसी शिक्षिका को भेज दिया गया, जिसका विरोध किया गया। जिला पंचायत सदस्य मिथलेश ने खाद का भी मामला जोरों से उठाया, लेकिन बैठक में डीएमओ की उपस्थिति नहीं होने से उन्होंने भारी नाराजगी जाहिर की और जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ को नोटिस जारी करने की बात कही। वही उन्होंने कुछ दिनों पहले ग्राम ओटेबन्द में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में।मासूम बच्चों से प्लेट धुलवाने का मुदद‍ा भी उठाया। जर्जर आंगनबाड़ीयों को बारिश के पहले मरम्मत कार्य करने की बात अधिकारी को कही।

# टिकेश साहू व सुयश नाहटा विधायक प्रतिनिधि नियुक्त, विधायक ने जारी की संस्थानों में प्रतिनिधियों की सूची



पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

### नगर पंचायत व जनपद में राजनैतिक कसावट के आसार

विधायक दलेश्वर साहू ने संस्थानों में अपने प्रतिनिधित्व के लिए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त कर दिए हैं। जिला पंचायत, जनपद पंचायत व नगर पंचायत सहित विभिन्न शासकीय एवं शैक्षणिक संस्थानों में बहुप्रतीक्षित विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति कर कलेक्टर जिला प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किया है। विधायक दलेश्वर साहू ने जिला पंचायत राजनांदगाँव में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष डोंगरगांव सुयश नाहटा को प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जनपद पंचायत डोंगरगांव में पुर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इसी क्रम में नवीन यदु को कालेज, अखिलेश नखत को नगर पंचायत एवं महेंद्र वैष्णव को सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उपरोक्त समस्त विधायक प्रतिनिधि संबंधित संस्थाओं की बैठकों में हिस्सा लेकर विधायक की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है नगर पंचायत, जनपद पंचायत सहित जिला पंचायत में विपक्ष कांग्रेस समर्थित सदस्यों अथवा पार्षदों के मध्य विधायक प्रतिनिधि की कमी लगातार महसूस की जा रही थी। अब संस्थाओं में राजनैतिक व प्रशासनिक कसावट आने के आसार हैं।

# नारको को-ऑर्डिनेशन, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं नवीन कानून क्रियान्वयन पर समन्वय बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी), सड़क सुरक्षा, नशा मुक्त भारत अभियान, पशु क्रूरता निवारण तथा नवीन कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने की। बैठक में पिछले माह मई में हुई बैठक के बिंदुओं और सुझावों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी रणनीतियों पर चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक ने नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं का भविष्य नशे की गिरफ्त में जा रहा है, जिसे रोकने के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ एक संगठित व समर्पित प्रयास की आवश्यकता है। अब तक नशे के कारोबार से जुड़े कुछ व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई है तथा मादक पदार्थ भी जब्त किए गए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, आबकारी विभाग सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। साहू ने स्कूलों व कॉलेजों में नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। समाज कल्याण विभाग को प्रचार-प्रसार के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने के लिए विशेष कार्यक्रम बनाने के निर्देश दिए गए। नवीन कानूनों के क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा हुई। आबकारी विभाग और नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े ठेले-गुमटियों को व्यवस्थित करें और उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई करें। सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध भी सख्ती से कार्रवाई करने कहा। सड़क सुरक्षा के संदर्भ में जिला परिवहन अधिकारी श्री अरविंद भगत ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्गो और बेरला क्षेत्र में दुर्घटनाओं की संख्या अधिक है। इन क्षेत्रों में ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित कर आवश्यक सुरक्षा उपाय, जैसे स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड आदि लगाए गए हैं। कलेक्ट्रेट के सामने सड़क सुरक्षा को लेकर स्पीड लिमिट बोर्ड, डिवाइडर तथा मस्ट लाइट की व्यवस्था हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग को पत्राचार करने की बात कही गई। पशु क्रूता पर चर्चा के दौरान यह मुदद‍ा सामने आया कि कुछ लोग पशुओं को एकत्र कर बध हेतु अन्य स्थानों पर बेचते हैं। इस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गश्त के दौरान ऐसी गतिविधियों पर कार्रवाई की गई है, और यदि समय पर जानकारी मिलती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मेडल जीतने वाले सूरज की गिरफ्तारी से सनसनी: कबीरधाम पुलिस ने जिम ट्रेनर को शादी का झांसा देकर शोषण के आरोप में पकड़ा





पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्तर पर नेपाल में देश का नाम रोशन करने वाले सूरज ठाकुर को अब कबीरधाम पुलिस ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के गंभीर आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे 13 जून की रात 8:20 बजे कवर्धा से गिरफ़्तार किया। 28 वर्षीय सूरज ठाकुर निवासी ठाकुरपारा, कवर्धा न केवल राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी है, बल्कि कवर्धा नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित एक जिम का ट्रेनर भी है। इसी जिम में व्यायाम के लिए आने वाली एक युवती ने सूरज पर शादी का भरोसा दिलाकर बार-बार शारीरिक संबंध बनाने और बाद में दूसरी लड़की से सगाई कर धोखा देने का गंभीर आरोप लगाया है।

### मामला महिला थाना कबीरधाम में दर्ज

महिला थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 33/2025 के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 376(2)(एन), 313 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी व पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण करवाया और साक्ष्य एकत्र किए। जांच में आरोप पुष्ट होने पर सूरज को विधिवत गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड की मांग की गई है।

### सम्मान से हथकड़ी तक का सफर

महज अप्रैल माह में ही सूरज ठाकुर को नेपाल में पदक जीतने पर पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया था। लेकिन वही हाथ जो कभी मेडल के लिए उठे थे, अब हथकड़ी में जकड़ दिए गए हैं। इस प्रकरण ने पूरे जिले को हिला कर रख दिया है।

### कई और शिकारों की आशंका


यह भी संदेह जताया जा रहा है कि सूरज द्वारा कई अन्य महिलाओं व युवतियों का भी लोकलाज के कारण शोषण किया गया होगा, जिन्होंने अब तक सामने आने की हिम्मत नहीं की। जिम में उसकी पहुँच और प्रभाव को देखते हुए यह एक गंभीर सामाजिक चिंता का विषय बन गया है।

### कबीरधाम पुलिस की सख्ती

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में बिल्कुल भी ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# सीमा पार से सौदागर राज: कबीरधाम के हाट बाजारों में वन उपज और सरकारी चावल की खुलेआम खरीद-फरोख्त, टैक्स चोरी पर जिम्मेदार मौन





**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के सीमावर्ती गांवों और साप्ताहिक हाट बाजारों में इन दिनों बाहरी राज्यों के व्यापारियों का दबदबा देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से वन उपज जैसे महुआ, तेंदूपत्ता, सालबीज के अलावा अब सरकारी उचित मूल्य की दुकानों से मिलने वाले चावलों की भी खुलेआम अवैध खरीद-फरोख्त हो रही है। छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से राशनकार्ड धारियों को जून, जुलाई और अगस्त महीने का एकमुश्त चावल वितरण किया जा रहा है, लेकिन इस वितरण का लाभ आमजन से अधिक अवैध व्यापार करने वाले उठा रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में बाहरी व्यापारी खुलेआम इन चावलों की खरीदी करते देखे जा सकते हैं, जिससे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### नियमों की अनदेखी, टैक्स चोरी और प्रशासनिक चुप्पी

मंडी अधिनियम के तहत हर व्यापारिक लेन-देन पर मंडी टैक्स देय होता है, वहीं जीएसटी कानूनों के अनुसार राज्य और केंद्र सरकार को राजस्व मिलना चाहिए। परंतु यहां स्टेट जीएसटी और सेंट्रल जीएसटी की सीधी चोरी हो रही है। आवश्यक वस्तु अधिनियम और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत इस तरह की खरीद-फरोख्त कानून का उल्लंघन है, फिर भी संबंधित विभाग और अधिकारी मौन साधे हुए हैं।

### संरक्षण या कमीशनखोरी

प्रश्न यह उठता है कि क्या यह पूरा खेल किसी संरक्षण के तहत चल रहा है? कहीं यह नेटवर्क कमीशनखोरी की उपज तो नहीं? या फिर सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून का भय ही खत्म हो गया है? प्रशासनिक निष्क्रियता आम जनता के बीच यही संदेश देती है कि या तो सिस्टम में मिलीभगत है या फिर डर और दबाव में कार्रवाई नहीं हो रही।

### सरकार को तत्काल लेना चाहिए संज्ञान

इस गंभीर स्थिति में राज्य सरकार, वन विभाग, खाद्य विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं जिला प्रशासन को समन्वय कर अविलंब संयुक्त कार्रवाई करनी चाहिए। नियमों और अधिनियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो।

# आयोग ने कहा कि अपनी पत्नी को आयोग की बेटी समझे और अच्छे से रखें, आयोग ने टूटा रिश्ता जोड़ा

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य ओजस्वी मंडावी एवं लक्ष्मी वर्मा ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष जिला बेमेतरा (छ.ग.) में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर पर 324 वीं व बेमेतरा जिला की 04 थी सुनवाई हुई। बेमेतरा जिले में आयोजित जन सुनवाई में कुल 25 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। सुनवाई में प्रकाश कुमार भारद्वाज अपर कलेक्टर एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बेमेतरा उपस्थित थे। सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका को आवास पटटा 2020-21 में मिला है। उस जगह को अनावेदकगण मुरम डाल कर कब्जा कर रहे है जो कि उसका आने जाने के उपयोग में आता है। आवेदिका का कथन है कि अनावेदकगण के पास 40-50 फीट की जगह है, किन्तु अनावेदकगण आवेदिका के पटटा वाले जगह से आना जाना कर परेशान कर रहे है। अनावेदकगण का कहना है कि 2 सरकारी मकान के बीच से उनके आने जाने का रास्ता शासन द्वारा निर्धारित किया गया था। इससे यह स्पष्ट है कि दोनो पक्षों को तहसील कार्यालय से विधिवत सीमांकन कराना होगा। दोनों पक्षों ने अब तक सीमांकन नहीं कराया है। सिर्फ एक दूसरे के खिलाफ आरोप प्रत्यारोप कर विवाद को बढ़ावा दे रहे है। दानों पक्षों का प्रकरण तहसील साजा में 4 वर्षों से जारी है। ऐसी स्थिति में आयोग में इसे दोबारा सुना जाना संभव नहीं है। उभयपक्ष को समझाईश दिया जाता है कि एक दूसरे के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। राजस्व न्यायालय से विधिवत सीमांकन करायेंगे। प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका का तीन वर्ष के बकाया वेतन के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया गया था जिसमें आयोग में प्रकरण दर्ज करने के बाद आवेदिका को बकाया तीन वर्ष का वेतन मिल गया जिसके कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में उभयपक्ष उपस्थित दोनों को विस्तार से सुना गया। दोनों की ढाई वर्ष की एक लड़की है। आवेदिका ढाई वर्ष से अपने मायके मे रह रही है। आवेदिका के सास-ससुर उन्हे पसंद नहीं करते इसलिए अनावेदक भी अपने मा बाप के कहने पर आवेदिका का पसंद नहीं करता था। दोनों की बीच अनुपपुर उ.प्र. में भरण पोषण का मामला चल रहा है। अनावेदक ने आवेदिका को अपनी बच्ची सहित साथ में रखने का प्रस्ताव दिया और यह भी आश्वस्त किया कि वह आवेदिका को परेशान नहीं करेगे और अपनी पत्नी और बच्चे का ध्यान रखेगा। और उसका पूरा खर्च वहन करेगा भविष्य में कभी भी आवेदिका के साथ मारपीट दुवव्यहार नहीं करेगा। आवेदिका को उनके मां बाप किसी भी तरह तंग ना करें। संरक्षण अधिकारी यशोदा साहू इस प्रकरण की लगातार 2 वर्ष तक निगरानी करेगी और 6 माह की निगरानी के बाद ही उभयपक्ष के मामले न्यायालय से समाप्त कराएंगे। यदि अनावेदक के द्वारा आवेदिका को कोई पेरशानी किया जाता है तो आवेदिका न्यायालय से अपने प्रकरणों से अनावेदक के खिलाफ कार्यवाही करा सकेगी इस निर्देश के साथ प्रकरण समाप्त किया गया। अन्य प्रकरण में उभय पक्ष उपस्थित वर्तमान में दोनों आपसी सहमति से एकसाथ रह रहे है आवेदिका ने घरेलू हिंसा का प्रकरण वापस ले लिया है। अनावेदक ने आवेदिका के खिलाफ थाना नवागढ़ में 02.02.2025 को धारा 109 (1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है जिसमें प्रकरण वापस लेने की बात स्वीकार किया गया है। उभयपक्ष एक माह से साथ रह रहे है। ऐसी स्थिति में प्रकरण को आगे जारी नहीं रखकर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदक ने अपने पुत्री का अश्लील काल करने वाले के खिलाफ आयोग में आवेदन किया गया था जिसमें अनावदेक क्रमांक 01 अनुपस्थित है अनावेदक क्रमांक 02 उपस्थित। आवेदक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कवर्धा को लिखित शिकायत किया गया था।

# 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुआ- समाधान टैलेंट सर्च एग्जाम

## समर कैंप के विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय विगत एक माह चल रहे निःशुल्क समर कैंप का समापन समारोह व समाधान टैलेंट सर्च एग्जाम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि एक माह के समर कैंप में विशेषज्ञों द्वारा बताए गए मार्गदर्शन को क्रियान्वित करने पर आने वाले 5 सालों में एक बड़े मुकाम की ओर अग्रसर हो जाएंगे। इसके पश्चात उत्तर प्रदेश राज्य के बागपत जिले के समाजसेवक आशुतोष चैधरी ने बताया कि परिवार व समाज द्वारा प्रदत्त मूल्यों व संस्कार को अपना कर प्रगति की ओर जा सकते हैं। उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू ने कहा कि विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि समर कैंप में सीखे अनुभवों को दैनिक दिनचर्या में लागू करने के लिए प्रेरित किया। आईटी विभाग के विभागाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने बताया कि समर कैंप में सभी क्लासेस फ्लैक्सिबल रूप से संचालित हुई है, जिससे विद्यार्थियों को सीखने में आसानी हुई। समर कैंप के विद्यार्थियों द्वारा समर कैंप में सीखे अनुभवों को साझा किया। छात्रा चांदनी में बताया कि इस कैंप से हमें स्पोकन इंग्लिश, मेगा मेमोरी व करियर गाइडेंस के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। विकास कुमार वर्मा ने कहा कि भविष्य में हमें क्या बनना है व इसके लिए क्या पढ़ाई करनी है? के बारे में पता चला। सूयांश तिवारी ने कहा कि 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क समर कैंप व विशेषज्ञों द्वारा कैरियर गाइडेंस का मार्गदर्शन हमारे लिए उपयोगी रहा। अनिकेत कुमार वर्मा कहना था कि इस कैंप से मुझमें स्टेज फीयर दूर हुआ व आत्मविश्वास में काफी वृद्धि हुई हैं। मेधावी चौबे ने बताया कि हमें स्पोकन इंग्लिश, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, कंप्यूटर स्किल व अवचेतन मन की शक्तियों के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे- गणेश वंदना, एकल नृत्य, गीत व गरबा में प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समर कैंप के आयोजन को तभी सफल माना जाएगा, जब सभी विद्यार्थी अपने करियर का निर्धारण कर लक्ष्य तक पहुंच जाए। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए निरंतर प्रयास व स्व-जागरुकता अनिवार्य हैं। मंच का संचालन मीडिया विभाग से सुभाष निर्मलकर व छात्रा प्रियंका देवांगन द्वारा किया गया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में,12वीं पास विद्यार्थियों के लिए समाधान टैलेंट सर्च एग्जाम का आयोजन कराया गया। टैलेंट सर्च एग्जाम में प्रति संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 100 प्रतिशत, द्वितीय से पंचम को 50 प्रतिशत तथा षष्ठम से दशम को 25 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी व समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ. जी.डी.मानिकपुरी, निधि तिवारी, योगेश्वर सिन्हा, विनीता अग्रवाल, प्रीति शर्मा, अंशु दत्ता, शुभम गजभिये, रेशमा पटेल, रितेश साहू, जोगेंद्र साहू, हुतेंद्र कुमार सिन्हा व धर्मपाल नोन्हारे सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बचाने सबको आगे आना होगा: डॉ अजय यादव



### उतई में छत्तीसगढ़ महतारीं सिरजन दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ‹ उतई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ीया क्रान्ति सेना द्वारा उतई नगर महतारी अँगना में छत्तीसगढ़ महतारीं सिरजन दिवस बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन में नगर पंचायत उतई के सफाई श्रम कमर्चारियों, उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यार्थी एवँ अतिथि स्वरूप पहुँचे छत्तीसगढ़ी कलाकारों का महतारीं फोटोफ्रेम एवँ छत्तीसगढ़ीया गमछा से सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक संगीत मालती निषाद छइयाँ भुइँया की प्रस्तुति हुई। सभी जिला एवँ प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ीया क्रान्ति सेना प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय यादव ने छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी छत्तीसगढ़ीया को बचाने के लिए संदेश दिए। लगातार अवैध कब्जा और उद्योग द्वारा किये जा रहे शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने कि बात कही। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल ने उतई नगर में पार्षद बनाने के लिए आमजनता का आभार प्रगट किया और आने वाले चुनाव में सरकार बनाने के लिए अपील कि ताकि सभी छत्तीसगढ़ीयों को उनका अधिकार मिल सके। युवाओ को रोजगार व्यापार राजनीति में आगे आकर छत्तीसगढ़ीया राज स्थापित करने के लिए आहवान किया। छाया विधायक कामेश्वर साहु ने कहा भाजपा कांग्रेस दिल्ली के भाषा बोलती है हमे अपने भाषा संस्कृति संस्कार को बचाने खुद से सुरुवात करना होगा, छत्तीसगढ़ी संस्कृति भारत का सबसे अलग और बड़का संस्कृति है जिसमे मानवता और धरती प्रेम का बोध होता है। सफल आयोजन के लिए पूरे नगरवासियों का आभार प्रकट किया। हजारों की संख्या में लोगो ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

# कलेक्टर उइके ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## अभियान के तहत जिले के कुल 334 गांवों में 31 शिविरों का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर बी.एस उइके ने आज धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जागरूकता रथ को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ गांवों में जागकर धरती आबा अभियान के संबंध में लोगों को जागरूक करेगा। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने प्रेरित करेगा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर उइके ने कहा कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारम्भ 02 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास तथा अंतिम व्यक्ति को पात्रता अनुसार व्यक्तिगत लाभों से संतृप्त किया जाना है। इसके तहत जिले में 30 जून 2025 तक कुल 31 शिविरों का आयोजन किया जायेगा। 16 जून को ग्राम पंचायत भवन मुड़ागांव एवं कोसमबुड़ा में



शिविर लगेगी। मुड़ागांव के शिविर में क्लस्टर के आठ ग्राम पंचायतों परसदाखुर्द, नवापारा भ, कसेकेरा, बोडराबांधा ब, अकलवारा, अमेठी, अमलोर एवं मुड़ागांव के ग्रामीणजन शामिल होंगे। इसी प्रकार कोसमबुड़ा के शिविर में नागाबुड़ा, बारूला, भुंजियामुड़ा, कोसमबुड़ा, पंडरीपानी, गुजरा, हाथबाय एवं तेंदूबाय ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे। शिविर के लिए चिन्हांकित गांवों में आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर उइके ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजाति बाहुल्य कुल 334 ग्राम का चयन किया गया है। जिसमें विकासखंड-गरियाबंद अंतर्गत 126 ग्राम, मैनपुर अंतर्गत 144 ग्राम, छुरा अंतर्गत 50 ग्राम, फिंगेश्वर अंतर्गत 05 ग्राम एवं देवभोग अंतर्गत 09 ग्राम चयनित किया गया है। इन ग्रामों के ग्राम पंचायत मुख्यालयों में कुल 31 संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसके लिए जिला अधिकारियों को शिविर हेतु नोडल अधिकारी बनाया गया है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 17 मंत्रालयों के 25 योजनाओं से हितग्राहियों को संतृप्त किया जायेगा। इसके तहत लोगों को आवास, संपर्क सड़के, जल आपूर्ति, विद्युतीकरण, नई सौर उर्जा योजना और ऑफ ग्रिड सोलर, मोबाईल चिकित्सा इकाइयां आयुष्मान कार्ड, एलपीजी कनेक्शन आदि योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। शिविर तिथि एवं स्थान - छुरा ब्लॉक अंतर्गत 17 जून को ग्राम पंचायत रसेला, 18 जून को कोरासी, 19 जून को दुल्ला, 20 जून को तौरेंगा में शिविर का आयोजन होगा। इसी प्रकार देवभोग अंतर्गत 21 जून को ग्राम पंचायत माहूलकोट, 23 को गोहरापदर, 24 को सेंदमुड़ा, फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत 25 जून को खैरझीटी, 26 को फुलझर में शिविर लगेगी। गरियाबंद ब्लॉक अंतर्गत 17 जून को महुआभाठा, 18 को मदनपुर, 19 को मालगांव, 20 को डोंगरीगांव, 21 को बिन्द्रानवागढ़, 23 को धवलपुरडीह, 24 को ओढ़, 25 को हरदी, 26 को परसुली एवं 29 जून को ग्राम पंचायत दर्रीपारा में शिविर लगेगी। इसी प्रकार मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत 16 जून को ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत भाठीगढ़, 17 को सगड़ा, 18 को गोना, 19 को शोभा, 20 को इंदागांव, 21 को बुरजाबहाल, 23 को गोहरापदर, 24 को अमलीपदर, 25 को कांडेकेला एवं 26 जून को ग्राम पंचायत भवन उरमाल में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# शोध प्रविधि,गणना सर्वेक्षण एवं विश्लेषण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में शोध प्रविधि पर आधारित कार्यशाला के अन्तर्गत शोध प्रविधि, गणना सर्वेक्षण एवं विश्लेषण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में के डी कॉलेज मुंबई महाराष्ट्र के सहायक आचार्य डॉ बृजेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार वर्मा एवं डॉ बृजेश कुमार के द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीपक प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉक्टर कुमार के द्वारा वर्तमान समय में उच्च शिक्षा में अनुसंधान का महत्व तथा अनुसंधान के विभिन्न तकनीकों के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया गया ।उन्होंने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि के बच्चे परिश्रमी होते हैं पर सही मार्गदर्शन न मिल पाने के कारण वह सफलता से वंचित हो रह हैं, जिसके



परिणामस्वरूप उनमे आत्मविश्वास की कमी देखी जाती है। सफलता के लिए आत्मविश्वास के साथ साथ सतत् प्रयास भी करते रहना चाहिए। आज दैनिक जीवन से लेकर शरीर विज्ञान तक में डाटा का जो महत्व है, महत्व को भी हमको जानना और समझना चाहिए, जिससे हमारा जीवन और बेहतर हो सके। इस अवसर पर सूरजपुर से आए अधिवक्ता प्रियेश विश्वकर्मा के द्वारा बताया गया कि अनुसंधान आज न्यायिक सेवा की महती आवश्यकता है, अनुसंधान से चीजों को आसान बनाया जा सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार वर्मा के द्वारा कहा गया कि हमारे दृष्टिकोण में यदि शोध परक अध्ययन सम्मिलित हो तो हमे चीजों को समझने में बहुत आसानी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अनुसंधान एवं नवाचार पर विशेष बल देती है ।विद्यार्थियों को शोध के लिए सरकार के द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सहायता के बारे में प्राचार्य के द्वारा बताया गया। कार्यक्रम के अन्त में आभार ज्ञापन एम 0ए 0द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अंशुल कुमार मौर्य के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक, शिवकुमार शर्मा, शालिनी केवट ,रवीना मौर्य, हिमांशु गुप्ता, प्रीतम बैगा, प्रिया साहू, रागिनी नामदेव, प्रियंका बैगा, सृष्टि केवट , शुभम सिंह, हिमांशु पटेल, अर्चना जैसवाल, तारकेश्वर रजवाड़े, सीता बैगा, करिश्मा सिंह, ममता यादव, रविचंद्र साकेत, शिवम् अहिरवार, युवराज सिंह, कौशर अली, शिवकुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने अटल परिसर निर्माण कार्य का किया अवलोकन, जनपद अध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों से नगर विकास पर की चर्चा

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने जशपुरनगर के विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों का अवलोकन किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गंगाराम भगत, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नगर पालिका सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने जिला संग्रहालय परिसर के निर्माणाधीन अटल परिसर का अवलोकन किया। जहां जनप्रतिनिधियों के साथ अटल परिसर को लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने हेतु यहां बैठने की व्यवस्था, लाइटिंग आदि व्यवस्थाओं को विकसित करने हेतु चर्चा की। कलेक्टर ने निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए गुणवत्तापूर्ण



रूप से इसे जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात सभी ने नालंदा परिसर हेतु प्रस्तावित भूमि का अवलोकन करते हुए लाइब्रेरी निर्माण पर चर्चा की। जहां कलेक्टर ने लाइब्रेरी के निर्माण हेतु बनाई गई डिजाइन पर जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए आसपास ऑक्सी जोन निर्माण, लाइब्रेरी के संचालन, भवन निर्माण, लेआउट आदि पर विस्तृत चर्चा कर उनके सुझाव भी लिए। उन्होंने निस्तारी वन डिपो को उचित स्थान पर स्थानांतरित करने पर भी जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को लाइब्रेरी के आस पास प्लांटेशन करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने सभी जनप्रतिनिधियों से नगर के विकास के लिए विभिन्न कार्यों एवं समस्याओं पर चर्चा की और जनप्रतिनिधियों ने उनपर अपने सुझाव भी दिए।

# सफलता की कहानीः लालमती ने मजबूत इरादों के साथ बनाई अपनी खुद की पहचान

## शटरिंग प्लेट के कार्य का कर रही बेहतर संचालन

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले के गम्हरिया ग्राम की मती लालमती ग्रामीण क्षेत्र की उन प्रेरणादायी महिलाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपने मजबूत इरादों और शासन की योजनाओं के लाभ से अपने जीवन की दिशा बदली है। पहले मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाली लालमती आज सफल उद्यमी के रूप में गांव में एक नई पहचान बना चुकी हैं। मती लालमती वर्ष 2020 में प्रजापति गौरी स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। वह बताती हैं कि उन्हें जब बिहान योजना के बारे में जानकारी मिली कि इसके माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है, तब उन्होंने समूह से



जुड़ने का निर्णय लिया। इसके बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आने लगे।

लालमती ने सबसे पहले उद्योग विभाग से लोन लेकर छत ढलाई में उपयोग होने वाले शटरिंग प्लेट का व्यवसाय शुरू किया। फिर जनवरी 2025 में उन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण प्राप्त हुआ, जिसमें साधन संस्था द्वारा तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया गया। आज उनके पास 200 से अधिक शटरिंग प्लेट हैं और इस व्यवसाय से फरवरी 2025 से अब तक 35,000 से 40,000 रुपये तक का लाभ हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत वर्तमान में बन रहे आवास से मुझे अधिक से अधिक जगह पर प्लेट्स की माँग है। जिससे मेरी आय में और वृद्धि हुई है। मती लालमती ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया।

# एसपी ने 06 पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

पायनियर संवाददाता बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले के पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल के द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारी को जान माल की रक्षा हेतु मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी निर्देश के परिपालन में जिले के राजपुर थाना अंतर्गत मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई के दौरान 6 पुलिसकर्मियों के द्वारा अवैध वसूली की जा रही थी जिसकी शिकायत पीड़ित पक्ष के द्वारा सीधा जिले के पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत सही पाए जाने पर उन्होंने राजपुर थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक प्रकाश तिर्की, प्रधान आरक्षकों में 268 कलेश पैकरा, 835 शिवलाल कुजूर, आरक्षकों में 773 नरेश तिकी,856 राकेश टोप्पो,966 अजय टोप्पो, को



निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उक्त 6 पुलिसकर्मियों को रक्षित केन्द्र बलरामपुर मे सम्बद्ध किया गया है। उन्होंने जिले में कार्यरत पुलिसकर्मियों को यह शख्स निर्देश दे रखे हैं कि अनैतिक कृतियों की शिकायत मिलने पर संबंधितों के खिलाफकठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई के बाद पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ है।

# शाला स्वच्छता तिहार के माध्यम से सभी स्कूलों आश्रम छात्रावास की साफ-सफाई की गई



पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले में सभी शालाओं आश्रम छात्रावास में विगत दिवस 8 जून से 14 जून तक "शाला स्वच्छता तिहार" का आयोजन जनभागीदारी के माध्यम से किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शनिवार को महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में "शाला स्वच्छता तिहार" का आयोजन किया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, गंगाराम भगत, अध्यक्ष जनपद



पंचायत जशपुर, शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक, सीएसी, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्कूली बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर की साफ़-सफ़ाई की गई।

# कलेक्टर उइके छुरा ब्लॉक के कमार बाहुल्य ग्राम धरमपुर एवं बिरोडार पहुंचे

- पीएम जनमन आवास का निरीक्षण कर हितग्राहियों से की चर्चा,जनमन योजना से पक्के मकान का सपना हो रहा पूरा

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर बी.एस. उइके छुरा विकासखण्ड के कमार बाहुल्य गांवों में पहुंचकर पीएम जनमन आवास योजना का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत खरखरा के आश्रित ग्राम धरमपुर एवं ग्राम पंचायत देवरी के आश्रित ग्राम बिरोडार पहुंचकर विशेष पिछड़ी जनजाति कमार हितग्राहियों के नव-निर्मित आवास एवं निर्माणाधीनआवास का निरीक्षण किया। साथ ही हितग्राहियों से आवश्यक चर्चा भी की। उक्त आवास प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुआ है, जो विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए समर्पित एक महत्वाकां योजना है। यह पहल न सिर्फ सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन में एक नया उजाला लाने का कार्य भी कर रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हितग्राही परिवार से भेंट की और उनके आवास की गुणवत्ता, सुविधा और संतुष्टि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने गांव के अन्य लोगों को भी स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों को तेजी से पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के पीवीटीजी समुदायों को सशक्त किया जा रहा है जो मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे हैं। यह योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, जनपद सीईओ छुरा सतीश चन्द्रवंशी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर उइके ने धरमपुर के मती तीनज बाई कमार, देवलाल कमार एवं बिरोडार के फुलसिंह, मंटोरा एवं हुमन कमार से भी संवाद किया। उन्होंने शासन की महत्वाकां योजना जनमन के तहत आवास की सुविधा के संबंध में चर्चा की। साथ ही खेती-किसानी, आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी से शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और कहा कि शासन-प्रशासन लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने तत्पर है।

# करनौद उद्यान संपन्न हुआ विकसित भारत संकल्प सभा कार्यशाला

पायनियर संवाददाता बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी मंडल बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत करनौद में "संकल्प से सिद्धि पखवाड़ा" के तहत् "विकसित भारत अमृत काल " सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण बीते 11 वर्षो में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, नवाचार और जनकल्याण की ऐतिहासिक उड़ान भरी है। हर क्षेत्र में देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है–चाहे वो आधारभूत संरचना हो, डिजिटली करण हो, सामाजिक सुरक्षा हो या अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' का मंत्र देश की आत्मा बन चुका है और हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है कि हम सब इस परिवर्तन के साक्षी हैं। कार्यक्रम मे मुख्यवक्ता सोनसाय देवांगन ने विकसित भारत मंडल स्तरीय





संकल्प सभा कार्यशाला में केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया गया। इस दौरान जिला मंत्री चेतन महंत एवं प्रदीप सराफ घन्नू डडसेना, भुवन साहू, तुलेश पटेल, संतोष कश्यप, जयशंकर देवांगन, सोनू जायसवाल, मनुराज सिसोदिया, भूपेश तिवारी, राजेन्द्र जायसवाल, रमाकांत साहू, मनीष पटेल, अमित, उमेंद, देवेंद्र बैरागी, आरती लाल, रामजी साहू, दीपक पाल, हितेश साहू, पुष्पा देवांगन, अन्नू जलतारे, गोपेश, सनत साहू, सनत केवट, लोकपाल देवांगन, राजकुमार पटेल, रमेश, जयसिंह चंद्रा, होलिराम, शंकर पटेल, बंधा बर्मन, संतोष, उत्तम, नंदू, प्रेम, नर्मदा प्रसाद, गेंदराम जायसवाल, सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ की गरिमामयी उपस्थिति रहा।

## बिजली पंचायत के चहुंमुखी विकास के लिए कलेक्टर सहित जिला स्तरीय समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों से की चर्चा

# राज्यपाल गोदग्राम बिजली पंचायत का होगा सर्वांगीण विकास : कलेक्टर उइके

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका द्वारा गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकास खण्ड के 05 जून 2025 को ग्राम पंचायत बिजली एवं आश्रित गांव मड़वाडीह को गोद लिया गया है। इस ग्राम पंचायत के सतत चहुंमुखी विकास के लिए आज कलेक्टर बी.एस. उइके, वन मण्डलाधिकारी लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.आर. मरकाम, जले के आला अधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद थे। कलेक्टर बी.एस. उइके ने राज्यपाल रमेन डेका द्वारा ग्राम पंचायत बिजली को गोद लिये जाने की मूल अवधारणा को ग्रामीणों के बीच







विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि इस ग्राम पंचायत का चरणबद्ध तरीके से चहुंमुखी विकास किया जायेगा। इसके लिए शासन प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का सहयोग एवं समन्वय बेहद जरूरी है। इस गांव के विकास के लिए जिला, विकासखण्ड स्तरीय समिति बनाई जायेगी। जिसमें गांव में किये जा रहे कार्यो का सतत मॉनिटरिंग की जायेगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांव में इसी तरह की समिति बनाये और प्रत्येक समिति के लिए ग्राम पंचायत के पंच को अध्यक्ष बनाये और गांव के समुचित विकास के लिए ग्रामीणजन जनसहभागिता के साथ कार्य करे। इसके लिए रोड मैप भी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियों एवं ग्रामीणों द्वारा गांव के प्रत्येक गलियों का भ्रमण कर लोगों को समझाईश दे कि गलियों में जगह छोड़कर अपना मकान निर्माण कराये। जिससे कि गांव में किसी भी प्रकार की आपात स्थिति होने पर एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड सहित अन्य वाहन आसानी से आ जा सके। उन्होंने लोगों को अपील की कि प्रत्येक घरों के व्यर्थ पानी को सोखता गढ्डा में डालने, किचन गार्डन का निर्माण करने एवं गलियों में पानी न बहाने को कहा। इसी तरह अपने-अपने घरों गलियों को स्वच्छ एवं सुंदर रखने के लिए साफ -सफाई पर विशेष ध्यान रखे। साथ ही व्यक्तिगत एवं सामुहिक शौचालय का उपयोग करने को कहा। साथ ही उन्होंने लोगों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण के बचाव के लिए सभी लोगों से अभियान के तहत वृक्षारोपण करने की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि बिजली ग्राम पंचायत में सेंट्रल और स्टेट की फ्लैगशिप प्रोग्राम का हर ग्रामीण तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। जिसका प्रत्येक महीने की प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की जायगी। गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यो की प्राथमिकता तय कर किया जाएगा। गांव के विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप लोगो की होगी। आपका गांव आने वाले समय में आदर्श गांव के रूप में विकसित होगा। जिससे इस गांव को प्रदेश एवं देश में सभी लोग जानेंगे। वन मण्डलाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि गांव के सभी समस्याओं को निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रशासन द्वारा गांव के विकास में कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने घरो, बाड़ियों सहित खाली जगहों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा पौधा लगाने के लिए पौधा भी प्रदाय किया जायेगा। उसे सहेजने कार्य ग्रामीणों को करना होगा। जलस्तर को बनाए रखने जल स्त्रोत को संवर्धित करने की अपील की। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि पंचायत में 15वे वित्त की राशि का उपयोग गांव के विकास में उपयोग में करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिनके घर स्वीकृत हो गये है। वे अपने घरों को शीघ्रता से पूर्ण करें। यदि कोई हितग्राही नींव खुदाई कर लिया है, ऐसे लोग रेत एवं ईंट की व्यवस्था बारिश से पूर्व कर लेवे। ताकि बारिश के दिनों में मकान बनाने में किसी प्रकार की दिक्कते नहीं आये। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों ने गांव में चरणबद्ध तरीके से कराये जाने वाले विकास कार्यो के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर परएसडीएम विशाल महाराणा, सरपंच पदमा निषाद, पंचगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बेमेतरा में जल शक्ति अभियान की समीक्षा: निदेशक अमित कुमार अग्रवाल ने किया स्थलीय निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जल संरक्षण और जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान के अंतर्गत भारत सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के निदेशक अमित कुमार अग्रवाल ने 12 जून से बेमेतरा जिले का तीन दिवसीय दौरा किया। उनके साथ वैज्ञानिक सर्वोदय बारीक भी मौजूद थे। इस दौरान अग्रवाल ने जिले में जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। दौरे की शुरुआत जिला जल शक्ति केंद्र में आयोजित अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक से हुई, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों ने जल संरक्षण योजनाओं की जानकारी दी। इसके उपरांत अग्रवाल ने खण्डसरा से सिंगपुर तक परकोलेशन टैंक, रामपुर में तालाब गहरीकरण, कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित ब्लॉक प्लांटेशन, कृषि विभाग द्वारा निर्मित चेकडेम, समुंदवारा ग्राम में अमृत सरोवर तथा खाती और बैहरसरी ग्राम के एनीकट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इन परियोजनाओं की भौगोलिक स्थिति, निर्माण की गुणवत्ता तथा समुदाय के हित में उनकी उपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संसाधनों का दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित करने हेतु इन कार्यों की नियमित निगरानी की जाए तथा समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नेकासपुर (नवागढ़) एवं साजा विकासखंड के कार्यों का अवलोकन किया। नल-जल योजना के अंतर्गत ग्रामीण घरों में पानी की आपूर्ति की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने स्थानीय महिलाओं से संवाद भी किया। उन्होंने महिलाओं को जल बचत, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज पिट निर्माण एवं वर्षा जल संचयन जैसे उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं जल शक्ति अभियान के नोडल अधिकारी चंद्रशेखर शिवहरे, पीएचई विभाग के जगदीश कुमार गोड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अग्रवाल ने बेमेतरा जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं इन प्रयासों को और अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु विभागीय समन्वय को मजबूत करने की बात कही।

## 13 कि.गांजा तस्करी के दो आरोपी को 8-8 वर्ष का सश्रम कारावास

**सरायपाली।** नारकोटिक एक्ट के लगभग दो वर्ष पूर्व के एक मामले में विशेष न्यायाधीश एनडीपीस पंकज आलोक तिर्की के द्वारा दो आरोपियों को 8-8 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50-50 हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। मिली जानकारी अनुसार थाना बसना के अपराध क्रमांक 473/2023 धारा 20 ख एनडीपीस के प्रकरण में सहायक उप निरीक्षक जयन्त बारीक के द्वारा आरोपी हिरण्य ध्रुवा, अव्यक्त मिश्रा व बगीस साकेत को विगत 07 सितंबर 2023 को पलसापाली बेरियर के पास ऑटो क्रमांक ओडी 17 टी 0867 को पेट्रोलिंग के दौरान रोक कर उससे ऑटो के बीच सीट के पीछे झोले में रखा हुआ 13 किलो गांजा बरामद किया गया था। कार्यवाही उपरांत न्यायालय में उनके द्वारा अभियोग पत्र पेश किया गया।

इसपर विशेष न्यायाधीश तिर्की के न्यायालय द्वारा प्रकरण में दोषी पाते हुए दो आरापियों अव्यक्त मिश्रा और बगीस साकेत को दंडित किया है, जबकि एक अन्य आरोपी हिरण्य ध्रुवा फरार हो जाने के कारण उसके सम्बन्ध में निर्णय स्थगित रखा गया है। उक्त जानकारी विशेष लोक अभियोजक देवेन्द्र कुमार शर्मा ने दी है।

# पुराना बाजार क्षेत्र में विभिन्न कार्य कराने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सी.एस.आर. मद से पुराना बाजार क्षेत्र में विभिन्न कार्य कराने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू सहित पार्षदों ने मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पुराना बाजार क्षेत्र वार्ड नं. 10 से वार्ड नं. 19 तक क्षेत्र जो श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है। शासन प्रशासन की कोई भी योजना यहाँ पर संचालित नहीं होने से यह क्षेत्र विकास की दृष्टि से पिछड़ रहा है। इसी क्षेत्र में बी.एस.पी. प्रबंधन की समस्त लौह अयस्क खदान की पहाड़ियाँ एवं प्लांट संचालित होते हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए राजर खदान प्रबंधन से मांग की गई है कि सुभाष चौक से वीर नारायण सिंह चौक तक बी.एस.पी. की फिल्टर पानी का कनेक्शन प्रदान किया जाए। वार्ड नं. 10 एवं 12 के बीच से गुजरने वाला नाला जो कि डेम साइड में मिलता है, इस नाले के दोनों छोर पर सी.सी.वाल का निर्माण, डडसेना पुलिया तक किया जाए, वार्ड नं. 10, 11 व 12 की बस्ती के अंतिम छोर पर फैसिंग वायर की बाउण्ड्री वाल कराया जाये, यहां प्रतिवर्ष जंगली जानवर बस्ती में प्रवेश कर जाते हैं। हनुमान मंदिर चौक से कोण्डे प्लांट जाने वाली सड़क, पावर हाउस जाने वाली सड़क एवं दुर्गा मंच केम्प नं. 1 तक की सड़क का डामरीकरण किया जाए। वार्ड नं. 10 से वार्ड नं. 19 तक के सभी श्रमिक सेलम बस्ती में प्रत्येक वार्ड में दो-दो बोर कराया जाए। वीर नारायण सिंह चौक से राजहरा प्लांट जाने वाली सड़क एवं डडसेना पुलिया बाय पास सड़क तक हाईमास्क लाईट लगाये जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू, पार्षद सुरेश जायसवाल, वीरेंद्र साहू, तरुण, मोनिका निषाद, निर्मलकुमार, अरुणा बाई, रेखा बाई सहारे, मालती निषाद, रमेश मित्तल, राहुल शर्मा, पुरोबी वर्मा उपस्थित थे।

# खेलगांव खम्हरिया, धनोरा के 23 खिलाड़ी एथलेटिक्स ,खो-खो व कबडडी सेंट्रल जोन स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने नागपुर रवाना

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

एचसीएल फाऊंडेशन द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स फार चेंज के सातवें चरण की मध्य क्षेत्र जोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन नागपुर (महाराष्ट्र) में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में खेलगांव खम्हरिया एवं धनोरा के कबडडी एवं एथलेटिक्स के खिलाड़ी भाग लेने शिवनाथ एक्सप्रेस रेल्वे स्टेशन दुर्ग से रवाना हुए। एथलेटिक्स टीम में टेंकेश्वर साहू, तेजस साहू, आदित्य देशमुख, युवराज साहू शामिल है। वही कबडडी टीम में समीर यादव(कप्तान) लोकेन्द्र प्रसाद साहू, यश कुमार साहू, चन्दन वैष्णव, हरीश ढीमर, विक्रम साहू, उमंग लहरे शामिल है। ये सभी खिलाड़ी छ.ग.राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं कोच के रूप में बी.आर.साहू (अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खिलाड़ी) है। यह सभी खिलाड़ी खेलगांव खम्हरिया में प्रतिदिन नियमित अभ्यास करने कोच बालकदास डहरे (पीटीआई सेजस फरीदनगर भिलाई एवं बी.आर.साहू (अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खिलाड़ी के कुशल मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं। पाऊवारा के खो-खो के 6 बालक खिलाड़ी एवं 1 कोच कुल 7 खिलाड़ी सुमन साहू कोच के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करते हैं। साथ ही साथ दुर्ग की बालिका खो-खो टीम के 7 खिलाड़ी लाडली खिलाड़ी के कुशल मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करते हैं।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, सरपंच दुलारी देशलहरे (ग्राम पंचायत खेलगांव खम्हरिया) रूलेश्वरी बंजारे (सरपंच ग्राम पंचायत धनोरा), चंद्रशेखर बंजारे (अध्यक्ष सतनामी आश्रम दुर्ग एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष दुर्ग), टीकाराम साहू (उपसरपंच खम्हरिया), चंद्रप्रकाश टंडन ( सामाजिक कार्यकर्ता), दुष्यंत कुमार साहू (सहायक क्रीडा अधिकारी), नीलिमा गजपाल (प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा), पुष्पा सिंह (प्रधान पाठक धनोरा), सरस्वती बंजारे (पीटीआई धनोरा), सुमन साहू कोच पाऊवारा, तामेश्वर घंघोरी (पीटीआई पाऊवारा), राकेश हिरवानी (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग), जितेन्द्र टंडन (जनपद सदस्य (खम्हरिया, धनोरा, हनोदा), विद्या रात्रे (शिक्षक एलबी), दिलीप इंगले, दिनेश साहू सहित समस्त पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी खम्हरिया एवं धनोरा ने खिलाड़ी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ग्राम पंचायत पाराडोल में आयोजित ग्राम जल जागरूकता अभियान की ग्राम सभा संपन्न

## पाराडोल के ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण करने का संकल्प

पायनियर संवाददाता ➤ एमसीबी
www.dailypioneer.com




जिले के मनेंद्रगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाराडोल में विगत 13 जून को जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित ग्राम जल जागरूकता अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण और जल स्रोतों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करना रहा। कार्यक्रम का संचालन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ओंकार सिंह, सहायक अभियंता ए.एस. सिदार एवं उप अभियंता मनमोहन सिंह के निर्देशानुसार किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक (मॉनिटरिंग) अनिमेष कुमार तिवारी और आईईसी विशेषज्ञ नवीन कुमार ने अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी ग्रामीणों से साझा की। सभा में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में अब तक की गई प्रगति की जानकारी दी, साथ ही हर घर नल से जल योजना की स्थिति की समीक्षा की गई। जल गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया, सुरक्षित पेयजल के लाभ और उसे अपनाने की विधियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों के संरक्षण और जल अपव्यय को रोकने के विषय पर विशेष बल दिया गया। ग्रामीणों को जल संवाद तंत्र की जानकारी दी गई जिससे वे भविष्य में जल संबंधी शिकायतों का समाधान पा सकें। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, जल बहनी और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक इस सभा में भाग लिया। सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से जल संरक्षण का संकल्प लिया और यह दृढ़ निश्चय व्यक्त किया कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। यह ग्राम सभा शांतिपूर्ण, जागरूकतापूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## समाधान शिविर मे फसल बीमा से राशि मांगने वाले पटवारी की शिकायत, पटवारी का हुआ स्थानांतरण

**सरायपाली।** फसल बीमा के नाम पर किसानों से बीमा के 20 प्रतिशत राशि की मांग करने वाले पटवारी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा उनका स्थानांतरण किया गया है। ज्ञात हो कि विगत दिनों समाधान शिविर गेर्रा में कुछ किसानों हेमंत साहू, जितेन्द्र प्रधान, विद्याधर साहू, लिंगराज बरिहा आदि के द्वारा पटवारी सागर गिरी गोस्वामी और ग्राम सेवक पैंकरा के द्वारा किसानों से फसल बीमा राशि से 20 प्रतिशत वसूली किये जाने की शिकायत की गई थी।

साथ ही किसानों ने कहा था कि इस गैरकानूनी वसूली से उन्हें मानसिक तनाव, आर्थिक नुकसान और प्रशासनिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। अतः शिविर प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए उनके द्वारा निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई थी। कलेक्टर महासमुंद ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सरायपाली को जांच के लिए सौंपा था। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम सरायपाली ने ग्रामीणों से संपर्क कर प्रत्यक्ष रूप से तथ्यों की पुष्टि की। जांच में जबरन वसूली के आरोप साबित होने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पटवारी का स्थानांतरण कर दिया है।

## नए शिक्षा सत्र के पहले संकुल केंद्र दूटीकोना में बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र दूटीकोना में समस्त शालाओं के प्रधान पाठकों की आवश्यक बैठक संकुल प्राचार्य एसके भोई एवं सकुल समन्वयक इंदल पटेल कि संयुक्त तत्वधान में आगामी शिक्षा सत्र 2025-26 की तैयारी हेतु रणनीति बनाने बैठक रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी, गणवेश वितरण, टीबीसी एप में पंजीयन, पाठ्य पुस्तक की स्कैनिंग, एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत समस्त स्कूलों में का पौधरोपण करना एवं उसका ऑनलाइन एंट्री करना, यू डाइस पोर्टल में विद्यार्थियों का प्रोग्रेसन करना, शाला खोलने से पूर्व शाला परिसर की साफ सफाई एवं रंग रोगन पूर्ण करना,सभी शिक्षकों की नियमित एवं समय पर उपस्थिति, शिक्षकों द्वारा शिक्षक डायरी का संधारण, पाठ्यक्रम के अनुसार अध्यापन, समस्त बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाना, अपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया प्रारंभ करना, शाला विकास योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं का सुचारू रूप से संचालन,आदि विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य भोई ने कहा कि इस साल कुछ नया करते हुए अपने शाला, संकुल को एक्टिवेट करें,शाला प्रवेशोत्सव में जन प्रतिनिधियों की सहभागिता बढ़ाएं, इस अवसर पर प्रधान पाठक धनेश्वरी अजेय, उर्मिला साहू, रेशमलाल पटेल, लोकनाथ पटेल, नन्दराम साहू, गिरधारी साहू, खुशराम साहू, दूधनाथ साहू उपस्थित थे।

## मोबाइल टावर मे लगी आग, भीषण हादसा टला, टांसफार्मर अलग से नही होने पर ग्रामीणो मे नाराजगी

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विकासखंड के ग्राम तोषगाँव में मोबाईल टावर में आग लगने से टावर से जुड़े ट्रांसफार्मर में भी ब्लास्ट हो गया। रिहायशी इलाके से लगे ट्रांसफार्मर से धुआं उठता देख पूरे गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आसपास के घरों में आग फैलने से रोका। ग्रामीणों की तत्परता से एक भीषण हादसा टल गया। ग्रामीणों के अनुसार टावर को गांव के ही ट्रांसफार्मर से जोड़ा गया था, जिसके कारण लोड बढ़ गया और उसमें आग लग गई। वहीं जब से ट्रांसफार्मर फटा है, पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। इस हादसे को लेकर ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति भी काफी आक्रोश देखा जा रहा है। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे से अभी देश उबर भी नहीं पाया है कि सरायपाली अंचल के ग्राम तोषगाँव में एक भीषण हादसा किसी तरह टल गया। तोषगांव के सरपंच मोहित रीतिया व ग्रामीणों ने बताया कि यहाँ आइडिया एवं जिओ दोनों कंपनियों का मोबाईल टावर लगा है। इस टावर को विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर से जोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोड अधिक हो जाने के कारण ट्रांसफार्मर फट गया, जिससे पूरे गांव में धुओं फैल गया था। अचानक हुए इस घटना से पूरा गांव दहशत में आ गया और आनन-फानन में आग को घरों की ओर फैलने से रोका गया। ग्रामीणों ने बताया कि मोबाईल टावर तो लगा दिया गया है, लेकिन कंपनियों के अधिकारी या कर्मचारी कभी भी इसके निरीक्षण के लिए नहीं आते हैं। यदि नियमित जाँच होती हो यह हादसा टाला जा सकता था। यहीं मोबाईल टावर के लिए अलग से ट्रांसफार्मर नहीं होने की बात पर भी ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। विद्युत विभाग को भी आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर फटने के बाद भी न तो मोबाईल कंपनी से और न ही विद्युत विभाग से कोई अधिकारी यहाँ पहुंचे हैं। ग्रामीणों की सक्रियता से यहाँ एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। यदि समय रहते इस पर काबू नहीं पाया जाता तो आस-पास के कई घर आग की चपेट में आ सकते थे।

## सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन




पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वार्ड 26 में 11 जून को शासकीय योजना के अंतर्गत सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू, उपाध्यक्ष मनोज दुबे एवं वार्ड की पार्षद टी.ज्योति ने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह कार्य शासन द्वारा स्वीकृत विकास योजनाओं के अंतर्गत कराया जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन एवं जल निकासी की समस्याओं से राहत मिलेगी। यह निर्माण कार्य वार्ड 26 मनसा होटल के पीछे बस्ती क्षेत्र के आस पास किया जाएगा। कार्यक्रम में वार्डवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि जनहित में हर आवश्यक कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाएगा। यह सड़क और नाली निर्माण क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब पूरी होने जा रही है। उपाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाएगा। टी.ज्योति पार्षद ने सभी लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि गांव के विकास में सभी की सहभागिता जरूरी है, तभी हम बेहतर भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। वार्ड में सभी जनता का समस्या का निवारण करने के लिए बिना भेदभाव किए हमेशा खरे उतरूंगी। कार्यक्रम में मौजूद वार्ड के लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और शासन व नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू, उपाध्यक्ष मनोज दुबे व टी.ज्योति पार्षद का आभार जताया।

**दवा दुकानों में सीसीटीवी अनिवार्यता का किया विरोध**

# सीसीडीए प्रतिनिधिमंडल ने औषधि नियंत्रक से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ केमिस्ट्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य औषधि नियंत्रक दीपक अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात किए और प्रदेशभर की रिटेल मेडिकल दुकानों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाने के आदेश पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि संगठन शासन की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मंशा का सम्मान करता है, लेकिन कई छोटे व्यापारी आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं हैं कि वे अचानक सीसीटीवी कैमरे लगाने का खर्च उठा सकें। प्रतिनिधियों ने बताया कि जो दुकानदार सक्षम हैं, उन्होंने पहले ही कैमरे लगा दिए हैं, लेकिन बाकी व्यापारियों पर इस आदेश को लागू करना व्यवहारिक रूप से कठिन है। सीसीडीए ने आग्रह किया कि आदेश को लचीले तरीके से लागू किया जाए और जिन दुकानदारों की आर्थिक स्थिति कमजोर है, उन्हें परेशान न किया जाए। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि वे छोटे व्यापारियों की स्थिति को समझते हुए उचित राहत या चरणबद्ध क्रियान्वयन का रास्ता अपनाएं। इसके जवाब में दीपक अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि विभाग केवल शासन के निर्देशों का पालन कर रहा है, और किसी पर भी जबरदस्ती नहीं की जाएगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई दवा दुकान अनैतिक या अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाई जाती है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही अग्रवाल ने विशेष रूप से यह भी निर्देश दिया कि सभी मेडिकल दुकानों को साइकोट्रॉपिक (मनोदैहिक) और नारकोटिक (नशीली) दवाओं का सही रिकॉर्ड रखना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इन दवाओं का दुरुपयोग एक गंभीर अपराध है और एनडीपीसी एक्ट (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट) के अंतर्गत कड़ा दंड निर्धारित है। इस महत्वपूर्ण बैठक में सीसीडीए के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनमें उमेश सिरोठिया प्रदेश अध्यक्ष, अविनाश अग्रवाल महासचिव, विनोद चंद्राकर, देवव्रत गौतम, नरेश अग्रवाल एवं सीसीडीए के अन्य और जिला स्तरीय प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने यह सहमति व्यक्त की कि वे नियमों के अनुपालन, जनहित की सुरक्षा और छोटे वितरकों के हितों की रक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे।

## नया टांसफार्मर लगाया गया तो ग्रामवासियों ने खुशी जताई



**सरायपाली।** सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम तोषगाँव मे विगत दिनो टांसफार्मर जल जाने से अंधेरा छा गया था। जब नया टांसफार्मर लगाया गया तो ग्रामवासियों ने खुशी जताई।

# हरित भविष्य की दिशा में देशव्यापी पहल : होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर राष्ट्रव्यापी गतिविधियों का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने पर्यावरण सप्ताह 2025 के तहत 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से देशभर में अपनी डीलरशिप नेटवर्क पर कई पर्यावरण जागरूकता और सस्टेनेबिलिटी-केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित कीं। इस पहल का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। यह अभियान गाज़ियाबाद स्थित हिंदन होंडा डीलरशिप पर एक विशेष कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ, जिसमें एचएमएसआई के अधिकारियों शशांक रजदान (जनरल मैनेजर, रीजनल बिजनेस - सेंट्रल) और रविकुमार अन्नासाहेब फिरगण्णावर (जनरल मैनेजर, रीजनल बिज़नेस - सेंट्रल कस्टमर सर्विस) ने भाग लिया। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ' ने एचएमएसआई की जमीनी गतिविधियों की दिशा तय की। सप्ताहभर चलने वाले इस अभियान के तहत, एचएमएसआई की डीलरशिप्स और सर्विस आउटलेट्स ने देशभर में ग्राहकों और स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय भागीदारी की। मुख्य गतिविधियों में डीलरशिप पर आने वाले सभी ग्राहकों को पौधों का वितरण, प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों पर जागरूकता अभियान, और देश के कई शहरों और कस्बों में 1,25,000 से अधिक पौधारोपण शामिल रहे। इसके अलावा, वाहनों के अधिक स्वच्छ और कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल चेक-अप कैंप भी आयोजित किए गए। भारत में 25 वर्षों के संचालन के साथ, एचएमएसआई ने उत्पादन में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 2001 में स्थानीय निर्माण की शुरुआत के बाद से कंपनी ने 7 करोड़ (70 मिलियन) यूनिट्स के संचयी उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। यह मील का पत्थर होंडा की वैश्विक उपलब्धियों में भी जुड़ता है, जहां 1949 से अब तक कंपनी ने 50 करोड़ (500 मिलियन) मोटरसाइकिल्स का वैश्विक उत्पादन पूरा किया है।



उत्पादन के इस विस्तार के साथ, एचएमएसआई होंडा के ग्लोबल विजन के अनुरूप ट्रिपल एक्शन टू जीरो पहल के माध्यम से कार्बन न्यूट्रलिटी, क्लीन एनर्जी और रिसोर्स सर्कुलेशन जैसे मुख्य क्षेत्रों पर केंद्रित रहते हुए, पूरे प्रोडक्ट लाइफसाइकल और कॉर्पोरेट गतिविधियों में पर्यावरणीय प्रभाव को शून्य करने की दिशा में काम कर रही है। एचएमएसआई अपने प्लांट्स और संचालन इकाइयों में क्लीन टेक्नोलॉजी और संसाधन दक्षता को बढ़ावा देते हुए, स्थायी निर्माण प्रथाओं को मजबूती दे रही है। पर्यावरण सप्ताह के तहत चलाए गए इस राष्ट्रव्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों, डीलरों, कर्मचारियों और नेतृत्व की सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा, ताकि एक स्वच्छ, हरित और टिकाऊ भविष्य की नींव रखी जा सके।

# हर कोमल स्पर्श का उत्सव – हिमालया बेबीकेयर ने शुरू किया Gentle As Dad अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत का नंबर 1 डॉक्टर द्वारा अनुशंसित बेबी केयर ब्रांड हिमालया बेबीकेयर, ने फादर्स डे के अवसर पर एक दिल को छू लेने वाली डिजिटल फिल्म (डीवीसी) लॉन्च की है। लोकप्रिय कन्नड़ गीत आई लव यू अप्पा से प्रेरित, सत्तद्गठ्ठह्लह्यद्बह्वह्यष्ठड्डस्र शीर्षक वाला यह अभियान एक पिता और उसकी बेटी के बीच भावनात्मक बंधन को खूबसूरती से दर्शाता है, जब वह एक नवजात से एक युवा महिला बनती है। क्षेत्रीय दर्शकों से गहराई से जुड़ने के लिए, इस प्रिय गीत का अनुवाद छह भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, मराठी और बंगाली में किया गया है, जिससे क्षेत्रीय गूंज और गहरा भावनात्मक जुड़ाव सुनिश्चित हुआ है। जिससे क्षेत्रीय प्रतिध्वनि और भावनात्मक जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। फिल्म की शुरुआत एक सशक्त दृश्य से होती है- एक पिता, जो अब 60 वर्ष का हो चुका है, को आईने के सामने तैयार होते हुए दिखाया गया है और शादी के कपड़े पहने एक छोटी लड़की अप्पा कहकर बुलाती है और एक फोटो एलबम थमाती है। जैसे-जैसे एलबम के पृष्ठ पलटते हैं, दर्शकों को पिता की नजरों से उन रोज़मर्रा के कोमल पलों की यात्रा पर ले जाया जाता है–जैसे बेबी मसाज ऑयल, बेबी साबुन और लोशन का उपयोग करते हुए खेलते-खेलते देखभाल करना- हर दृश्य यह दर्शाता है कि पिता भले ही शांत रहते हैं, लेकिन उनकी स्नेहिल उपस्थिति बेटी के जीवन में निरंतर रहती है। भावनात्मक गीत आई लव यू अप्पा से इन स्मृतियों को और अधिक सजीव बनाता है, और पिता को केवल एक संरक्षक नहीं बल्कि एक सौम्य, स्थिर और प्रेरणादायी उपस्थिति के रूप में स्थापित करता है जो एक बच्चे के हर पल को आकार देती है। इस कहानी के केंद्र में हिमालया बेबीकेयर की विज्ञान-समर्थित रेंज है बेबी मसाज ऑयल, बेबी सोप और बेबी लोशन, जो पिता और बच्चे के बीच साझा अनुभवों के हिस्से के रूप में सहजता से प्रस्तुत होते हैं। अपने विश्वास और विज्ञान-समर्थित हर्बल देखभाल के लिए प्रसिद्ध ये उत्पाद पोषण की इस यात्रा में भरोसेमंद साथी बन जाते हैं, तथा स्नेह, विकास और मार्गदर्शन के हर क्षण में सहायता प्रदान करते हैं। हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर डायरेक्टर, चक्रवर्ती एन.वी. ने अभियान पर टिप्पणी करते हुए कहा, पिता अक्सर बच्चे के जीवन के मूक स्तंभ होते हैं - सौम्य, स्थिर और हमेशा पृष्ठभूमि में मौजूद, जो अपने प्यार और सुरक्षा के माध्यम से अपने बच्चे की दुनिया को आकार देते है। इस अभियान के माध्यम से, हम उस सूक्ष्म शक्ति और स्नेह को सम्मानित करना चाहते हैं जो पितृत्व को परिभाषित करता है।




# पुलिस की डिक्शनरी से हटेंगे उर्दू-फारसी शब्द 109 कठिन पारंपरिक शब्दों की सूची तैयार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आम नागरिकों के लिए पुलिस की भाषा को अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। पुलिस कार्यप्रणाली में प्रयुक्त कठिन उर्दू-फारसी शब्दों को हटाकर उनकी जगह आसान और प्रचलित हिंदी शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा। इस बदलाव की पहल गृह विभाग के प्रभारी उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस विभाग ने ऐसे 109 कठिन पारंपरिक शब्दों की सूची बनाई है, जिनके स्थान पर अब सरल हिंदी विकल्प का उपयोग किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक ने सभी जिलों के एसपी को इस संबंध में आधिकारिक पत्र भेजकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उर्दू-फारसी शब्द जैसे- हलफनामा की जगह - शपथ पत्र, फरियादी की जगह - शिकायतकर्ता, दफा की जगह - धारा, चश्मदीद की जगह - प्रत्यक्षदर्शी, अदम तामील की जगह - सूचित न होना, इंद्राज की जगह - टंकन, खयानत की जगह - हड़पना, गोश्वारा की जगह - नक्शा, नकबजनी की जगह - सेंधमारी, माल मशरूका की जगह - चोरी गई संपत्ति, मुचलका की जगह - व्यक्तिगत बंध पत्र, रोजनामचा की जगह - सामान्य दैनिकी, शिनाख्त की जगह पहचान, जरायम की जगह - अपराध जैसे शब्द का प्रयोग होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जब आम नागरिक थाने में शिकायत दर्ज कराने या एफआईआर पढ़ने जाते हैं, तो वे भाषा की जटिलता के कारण अक्सर भ्रमित हो जाते हैं। यदि पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए है, तो उसकी भाषा भी जनता की समझ के अनुकूल होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल पुलिस और जनता के बीच संवाद बेहतर होगा, बल्कि भरोसा भी मजबूत होगा। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यह आदेश केवल कागज़ों तक सीमित न रहे। सभी थानों, चौकियों और पुलिस कार्यालयों में इन नए सरल शब्दों का वास्तविक उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। सभी अधीनस्थ अधिकारियों को इस नीति से अवगत कराने और लागू कराने की जिम्मेदारी भी तय की गई है।

# सेवा के लिए जुनून जरूरी है, मैट्स यूनिवर्सिटी में एनजीओ मीट 2025 का सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

समाज सेवा हम सब का कर्तव्य है और सेवा के लिए जुनून बेहद जरूरी है। सबसे बड़ा काम है लालच का त्याग करना। यह बातें पद्मश्री फूलबासन बाई यादव ने मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला एनजीओ मीट 2025 के समापन समारोह मन मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। उन्होंने कहा कि समाज सेवा का अर्थ है सिर्फ सेवा, सेवा और सेवा। सुंदरता चेहरे से नहीं दिल से होनी चाहिए। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य के लिए कार्य करें। हमें अहंकार त्याग कर सभी की सेवा दिल से करनी चाहिए और फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित भी किया। इस कार्यक्रम में 102 सामाजिक संस्थाओं ने हिस्सा लिया। समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीनानाथ यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि शासकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय बिलासपुर के सीनियर प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) कमलेश ने सामाजिक संस्थाओं को समाज के सबसे मजबूत स्तंभों में गिनाते हुए कहा, जहाँ सरकारी व्यवस्थाएँ सीमित होती हैं, वहीं सामाजिक संस्थाएं जमीनी स्तर पर असली बदलाव लाते हैं। समारोह की विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि समाज सेवा के लिए युवाओं को जागरूक करना आवश्यक है। सामाजिक विकास को राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है। इस राष्ट्रीय कार्यशाला की थीम थी सीख से सेवा की ओर, जिसका उद्देश्य शिक्षा और सामाजिक सेवा के बीच सेतु बनाना था। इसके पूर्व इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. के.पी. यादव ने उदघाटन भाषण में कहा, विश्वविद्यालय केवल शिक्षा केंद्र नहीं, समाज परिवर्तन का माध्यम होना चाहिए। सेवा-आधारित शिक्षा ही सार्थक है। इस अवसर पर पैनल चर्चा का भी आयोजन किया गया जिसमें सी एस आर फंडिंग की महत्वपूर्ण जानकारियां विशेषज्ञों द्वारा दी गई। इस आयोजन के सफल समन्वय में मैट्स विश्वविद्यालय के सोशल वर्क विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीनानाथ यादव सहित विभाग के प्राध्यापकों और हिंदी विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, विद्यार्थियों व शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। समापन के अवसर पर प्रतिभागियों ने इस आयोजन को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी बताया। मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. के. पी. यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की।





# अमेजन.इन पर टॉप एसी और रेफ्रिजरेटर पर शानदार डील्स के साथ इस मौसम में गर्मी को दें मात

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन.इन पर इस मौसम में गर्मी से जुड़े सामानों की विस्तृत रेंज के साथ ठंडक भरे माहौल में सुकून के साथ रहें। हाई-परफॉर्मेंस एसी और बिजली-बचाने वाले रेफ्रिजरेटर से लेकर, आप कैरियर, गोदरेज, हायर, सैमसंग जैसे टॉप ब्रांड्स के बेहतरीन प्रोडक्ट्स की खरीदारी कर सकते हैं। ग्राहक 20,000 रुपये तक का इंस्टैंट बैंक डिस्काउंट, 3,000 रुपये तक का कूपन डिस्काउंट और एचडीएफसी, एक्सिस, येस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आरबीएल, एचएसबीसी और फेडरल बैंक क्रेडिट कार्ड ईएमआई ट्रांजेक्शन पर 18 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। एलजी 1 टन 4 स्टार डुअल इन्वर्टर स्प्लिट एसी के साथ ठंडक का अनुभव करें। इस एसी में विराट मोड, एंटीवायरस प्रोटेक्शन और एनर्जी-एफिशिएंट कंफर्ट के लिए 6-इन-1 कन्वर्टिबल कूलिंग है। इसे अमेजन पर 34,990 रुपये में खरीदें। एलजी 1.5 टन 5 स्टार डुअल इन्वर्टर स्प्लिट एसी के साथ एनर्जी -एफिशिएंट कूलिंग का आनंद लें, जिसमें एआई कन्वर्टिबल 6-इन-1 मोड, विराट कूलिंग और एंटी-वायरस प्रोटेक्शन के साथ एचडी फिल्टर दिया गया है। इसे अमेजन पर 44,490 रुपये में खरीदें। पैनासोनिक 2.0 टन 4 स्टार प्रीमियम वाईफाई इन्वर्टर एसी यह एसी मैटर सपोर्ट, 7-इन-1 कन्वर्टिबल मोड, एआई और पावरफुल कूलिंग के लिए एडवांस्ड पीएम 0.1 फिल्टर जैसे फीचर्स के साथ आता है। इसे अमेजन पर 55,990 रुपये में खरीदें।

# कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक में विविध मीडिया कोर्स में प्रवेश तिथि निर्धारित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नये अकादमिक सत्र में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए बुनियादी आवश्यकता एवं सुविधाओं के लिए विभागाध्यक्षों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। रायपुर के संभागायुक्त एवं कुलपति महादेव कावरे ने कहा कि मीडिया शिक्षा में असीम संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ के शहरी एवं ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं को न्यूनतम शुल्क में पत्रकारिता की उत्कृष्ट शिक्षा की सुविधा कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में है। कुलपति महादेव कावरे ने छात्रों के पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं कैरियर गाइडेंस के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने निर्देशित किया तथा मीडिया कोर्स के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। समीक्षा में प्रवेश समिति, पाठ्यक्रमों के लिए शुल्क निर्धारण समिति तथा कक्षा व छात्रावास व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय में चल रहीं सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण कुलपति महादेव कावरे ने किया। विश्वविद्यालय के अध्ययन संकाय एवं संबंद्ध महाविद्यालयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीजी डिप्लोमा के विविध मीडिया कोर्स में प्रवेश के लिए वेबसाईट www.ktujm.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र विद्यार्थी अपलोड कर सकते हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रमों में 40 सीटें हैं। महिलाओं, अन्य पिछड़ा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार प्रवेश में आरक्षण तथा पात्रता के आधार पर छात्रवृत्ति सुविधा मिलेगी। प्रवेश के लिए मेरिट लिस्ट 30 जून 2025 को जारी की जायेगी तथा प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 5 जुलाई 2025 होगी। रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 12 जुलाई 2025 को सूची वेबसाइट एवं सूचना फलक पर जारी की जाएगी। अध्ययन संकाय के विभागाध्यक्ष पंकज नयन पाण्डेय, शैलेन्द्र खण्डेलवाल, डॉ. नृपेन्द्र कुमार शर्मा और डॉ. राजेन्द्र मोहंती ने अपने विभागीय एवं पाठ्यक्रम में प्रवेश संबंधित किए गए कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया। समीक्षा बैठक में कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा, उप कुलसचिव सौरभ शर्मा, सहायक कुलसचिव डॉ. देवसिंह पाटिल, वित्त अधिकारी विनय राज ढीढ़ी सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





## पार्षद विशु ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

# रिक्त पदों से रुका विकास, निगम में कर्मचारियों की भारी कमी

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम धमतरी में लंबे समय से कई अहम पद रिक्त चल रहे हैं, जिससे निगम की कार्यप्रणाली और शहर के विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसको लेकर उपनेता प्रतिपक्ष सत्येन्द्र देवांगन विशु ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की गई है। उपनेता प्रतिपक्ष देवांगन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत नगर निकायों में स्वीकृत पद संरचना सेटअप के अनुसार कर्मचारियों की नियुक्ति अनिवार्य है परंतु वर्तमान में नगर निगम धमतरी में कई महत्वपूर्ण पद जैसे कार्यपालन अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सेनेटरी इंस्पेक्टर, उप अभियंता, राजस्व अधिकारी सहित अनेक पद खाली पड़े हैं। इस स्थिति के चलते जनहित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है।



### विकास कार्यों की रफ्तार पर ब्रेक

इन विभागीय पदों की अनुपलब्धता के कारण न तो योजनाओं की निगरानी ठीक से हो पा रही है, न ही जनसेवाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से हो रहा है। नाली-सफाई, पेयजल आपूर्ति, निर्माण कार्य, टैक्स वसूली, सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

### रायपुर में तबादला दौरे पर अधिकारी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निगम के कुछ बचे अधिकारी वर्तमान में रायपुर दौरे पर हैं, जहाँ विभिन्न स्थानांतरण ट्रांसफर संबंधी कार्यवाही चल रही है। इस अवसर का लाभ उठाते हुए उपनेता प्रतिपक्ष देवांगन ने आग्रह किया है कि धमतरी नगर निगम में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए रायपुर स्तर पर स्वीकृति दिलाना आवश्यक है, ताकि फाइलों में नहीं, जमीन पर काम दिखाई दे। इस पत्र की प्रतिलिपि विशेष सहायक मंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्रालय नवा रायपुर एवं संचालक नगरीय प्रशासन मंत्रालय को भी भेजी गई है। उपनेता प्रतिपक्ष सत्येन्द्र देवांगन का कहना है, सेटअप अधूरा है तो विकास अधूरा रहेगा। जब तक निगम में स्टाफ पूरा नहीं होगा, तब तक जनता को समुचित सेवाएं नहीं मिल पाएंगी।


**OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER, MUNICIPAL COUNCIL BIJAPUR, DIST. - BIJAPUR (C.G.)**

S.No./ 321/ NPP/ PWD/ 2025-26 Bijapur, Dated-12-06-2025

**e-procurement Tender Notice (2nd CALL)**

Online Bids invited from Registered Contractors under CG PWD Details as follows -

| S. No. | System Tender No. | Name of Work | Probable amount of Contract (in Lacs) | Earnest Money Deposit | Bid Start & Last date Time for download Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 170012 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM NEW POLICE LINE TO NAYA PARA NALA WARD NO. 15 | 49.93 | 37500.00 | Bid Start Date 13-06-2025 Time17:30 (IST) |
| 2. | 170016 | CONSTRUTION OF CC ROAD FROM SUNIL SAHU HOUSE TO NEAR MASJID WARD NO. 10 & 09 | 20.84 | 16000.00 | |
| 3. | 170017 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM TINGE HOUSE TOWARDS KOSTA DOBRI WARD NO. 01 | 19.92 | 15000.00 | |
| 4. | 170018 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM MILAN CHOUK TO JANKAIYA HOUSE TO CULVERT WARD NO. 01 | 36.21 | 27500.00 | Last date Time for download Tender 28-06-2025 Till 17:30 (IST) |
| 5. | 170020 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM SHANKAR PANDEY HOUSE TO MANJHI PAARA CHOUK WARD NO. 04 | 17.63 | 13500.00 | |
| 6. | 170027 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM MARIYAM HOUSE TO BUDHRAM HOUSE SHANTINAGAR WARD NO. 07 | 12.72 | 9600.00 | |

The Details can be viewed and downloaded online directly from http:eproc.cgstate.gov.in

**CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**MUNICIPAL COUNCIL BIJAPUR**
**DIST.- BIJAPUR (C.G.)**

# बीजेपी ने ली प्रेसवार्ता : लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा, 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प बनाया

## सुशासन को संस्कृति व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता माना

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों के ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी शासनकाल की उपलब्धियों को जन जन तक पहुचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे संकल्प से सिद्धि अभियान के अंतर्गत जशपुर जिला भाजपा कार्यालय प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को मुख्य वक्ता लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने सफ्लतम 11 वर्ष पूर्ण किये हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। मोदी सरकार की हर योजना के केन्द्र में जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने के साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना रही है। नरेंद्र मोदी राजपथ पर नहीं बल्कि कर्तव्य पथ पर चलने वाले प्रधानमंत्री है। आगे उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने भारत की सीमायें सुरक्षित की, अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगने वाले राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया गया। जिससे भारतीय सीमाओं की सुरक्षा और भी मजबूत हुई है। 2014 से पहले भारत अधिकांश रक्षा उपकरण यहां तक की बंदूकों की गोलियों को भी विदेश से आयात करता था।प्रधानमंत्री मोदी की केन्द्र सरकार के मेक इन इंडिया के तहत शासकीय और प्राइवेट कंपनियों ने मिलकर भारत के रक्षा क्षेत्र को बेहतर बना दिया है और विदेशी आयात पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, 'ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल, आइएनएस विक्रांत, तेजस और, प्रचंड' अटैक हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी तकनीकों के साथ अब भारत न केवल आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति के रूप में उभर रहा है बल्कि आज रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहा है। आज भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23,622 करोड़ तक पहुंच गया है। फिलीपींस जैसे देश भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीद रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की रणनीतिक दूरदर्शिता और कूटनीतिक तैयारी का नतीजा हैं। विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त कर यह दिखा दिया कि अब मोदी का यह नया भारत शांति की बातें नहीं बल्कि घर में घुसकर आतंक का सफाया करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को स्पष्ट और सख्त संदेश भी दिया कि आतंक, पानी और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। पूरे विश्व को प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया कि भारतीय धरती पर किसी भी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। संकटकाल के दौरान मोदी सरकार ने अपने नागरिकों को विश्वभर के हर कोने से सुरक्षित निकालकर यह सिद्ध किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार केवल सीमाओं के भीतर नहीं, विश्वभर में भारतीयों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रबोध मिंज ने कहा कि विगत 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने माओवादी आतंकवाद पर सख्त प्रहार किया है। आंतरिक सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती माओवादी आतंक के खात्मे का मोदी जी और अमित शाह जी का संकल्प भी सिद्ध हो रहा है। छत्तीसगढ़ में बीते डेढ़ साल में 425 माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया गया है।

# तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन : भाजपा और ईडी का फूंका पुतला, विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

## कांग्रेस भवन, मुंगेली में हुआ विरोध प्रदर्शन व श्रद्धांजलि कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com





प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के मार्गदर्शन में कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तानाशाही कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसजनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस भवन पड़ाव चैक में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)का पुतला दहन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सुकमा स्थित राजीव भवन को अटैच किया जाना निंदनीय है और यह लोकतंत्र की हत्या जैसा है। इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस, शहर कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, छैन्प, सेवा दल, नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण, पूर्व विधायक, जनपद व जिला पंचायत सदस्य, पूर्व मंडल बोर्ड सदस्यगण, और बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। नेताओं ने चेताया कि यदि इस प्रकार की तानाशाही कार्रवाई नहीं रुकी, तो कांग्रेस सड़कों पर और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

कांग्रेसजन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर संघर्ष को तैयार हैं। पुतला दहन उपरातं श्रद्धांजलि सभा रखी गई, जिसमें अहमदाबाद विमान हादसे में मृत यात्रियों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संजीत बनर्जी, रोहित शुक्ला, आत्मा सिंह क्षत्रिय, श्याम जायसवाल, दिलीप बंजारा, जित्तू श्रीवास्तव, आरिफ खोखर, अभिलाष सिंह, सरूज यादव, याकूब अली, दुर्गा यादव,जलेश यादव,उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, अनीता विश्वकर्मा, विष्णु खांडे, अजय यादव, नवनीत शुक्ला नानू ठाकुर, मुकेश, सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी मौजूद रहे।

# 15 जून को होगी एडीईओ भर्ती परीक्षा, मुंगेली में 06 हजार 221 परीक्षार्थियों के लिए 19 केंद्र, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ-2025) भर्ती परीक्षा 15 जून (रविवार) को प्रदेश भर में एक साथ संपन्न होगी। यह परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक होगी। मुंगेली जिले में कुल 06 हजार 221 परीक्षार्थियों के लिए 19 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने व्यापक प्रशासनिक तैयारियाँ की गई हैं। सभी केंद्रों में पुलिस बल की तैनाती के साथ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण की व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों को प्रातः 9.30 बजे तक केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य है। 10 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रवेश पत्र के साथ एक मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार, वोटर, ड्राइविंग लाइसेंस आदि) अनिवार्य है। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ईयरफोन, कैलकुलेटर सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा की निगरानी हेतु अपर कलेक्टर मेनका प्रधान को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक नोडल अधिकारी रामनाथ गुप्ता ने बताया कि सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. जे.पी. मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली, शासकीय एस.एन.जी. महाविद्यालय मुंगेली, बी.आर. साव शासकीय उच्च. मा. विद्यालय मुंगेली, शासकीय उच्च. मा. विद्यालय करही, जेसीज पब्लिक उच्च. मा. विद्यालय मुंगेली, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दाऊपारा, रैम्बो मेमोरियल इंग्लिश मीडियम उच्च. मा. विद्यालय मुंगेली, शासकीय नगर पालिका उच्च. मा. विद्यालय मुंगेली, शासकीय कन्या उच्च. मा. विद्यालय मुंगेली, सुखनंदन कॉलेज मुंगेली, सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. मा. विद्यालय मुंगेली, सेंट जेवियर्स हाई स्कूल पंडरिया रोड मुंगेली, एस.एल.एस. अकादमिक उच्च. मा. विद्यालय मुंगेली, सोनकर कॉलेज मुंगेली, विवेकानंद विद्यापीठ उच्च. मा. विद्यालय मुंगेली, अगर उच्च. मा. विद्यालय मुंगेली, शासकीय उच्च. मा. विद्यालय सुरेठा, शासकीय उच्च. मा. विद्यालय देवरी और डॉ. भीमराव अंबेडकर उच्च. मा. विद्यालय मुंगेली को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# कलेक्टर ने शाला प्रवेश उत्सव और मिशन 90 प्लस की ली समीक्षा बैठक

## स्कूलों में शत-प्रतिशत उपस्थिति,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर साफ-सफाई पर दिया विशेष जोर

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com





जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, शाला प्रवेश उत्सव को सफल बनाने और मिशन 90 प्लस के लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी,विकास खंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव स्कूलों में बच्चों के भविष्य की नींव रखने का एक सशक्त अवसर है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूलों में 20 जून तक सभी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश का वितरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पढ़ाई की शुरुआत से ही बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

**स्कूल परिसरों में स्वच्छता और सुंदरता पर विशेष ध्यान-** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शाला प्रवेश उत्सव के दौरान स्कूल परिसर, भोजन कक्ष, शौचालय आदि की विशेष साफ-सफाई की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को आकर्षित करने के लिए विद्यालयों को स्वच्छ, सुंदर और सकारात्मक वातावरण युक्त बनाया जाए। साथ ही उन्होंने स्कूलों में वृक्षारोपण अभियान चलाने की बात भी कही, ताकि पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ हरियाली भी बढ़े।

**ड्रॉपआउट बच्चों की वापसी के लिए चलाएं विशेष अभियान-** कलेक्टर कुमार ने स्कूल छोड़ चुके बच्चों (ड्रॉप आउट) के पुनः नामांकन के लिए पालकों से व्यक्तिगत संपर्क करने और बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में पुनः जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। ड्रॉप आउट बच्चों के पालको से संपर्क कर शिक्षा की उपयोगिता के बारे में समझाया जाए। शत प्रतिशत उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश- कलेक्टर कहा कि सभी स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इस हेतु प्राचार्य एवं प्रधान पाठकों को नियमित मॉनिटरिंग करने की सलाह दी गई। मध्यान्ह भोजन को लेकर उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को निर्धारित मेनू के अनुसार स्वादिष्ट और पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए। किसी भी स्थिति में भोजन की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

**कमजोर विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल क्लास, शिक्षकों को नवाचार की सलाह-** बैठक में कलेक्टर ने यह भी कहा कि कमजोर विद्यार्थियों को मुख्यधारा में लाने के लिए रेमेडियल क्लासेस की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए एक विशेष कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल पढ़ाना ही नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान देना आवश्यक है। इसके लिए नवाचार और रचनात्मक शैक्षणिक गतिविधियों को अपनाया जाना चाहिए।

**शिक्षकों की भूमिका को बताया महत्वपूर्ण-**कलेक्टर ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, और इस भविष्य को गढ़ने में शिक्षकों की भूमिका सबसे अहम होती है। शिक्षक अगर मन से पढ़ाएं और बच्चों को प्रोत्साहित करें, तो हर बच्चा उत्कृष्ट परिणाम दे सकता है। उन्होंने शिक्षकों से अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा और ईमानदारी से निभाने की अपील की। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि शिक्षा विभाग यदि सकारात्मक सोच, टीम भावना और नवाचार के साथ कार्य करे।

# लाइवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण प्रदाता से 11 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी मुंगेली द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न सेक्टर्स में प्रशिक्षण हेतु इच्छुक प्रशिक्षण प्रदाता/व्यवसायिक साझेदारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में युवाओं को कुशल बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक प्रशिक्षण प्रदाता 11 जुलाई 2025 की शाम 05 बजे तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है।

## 8 जून को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शिक्षित बेरोज़गार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, मुंगेली द्वारा 18 जून को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप जिला परियोजना कार्यालय, जिला लाइवलीहुड कॉलेज परिसर, ग्राम-जमकोर में प्रातः 11 बजे से सायं 03 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैंप में ग्रीन एंटेक सॉल्यूशन के माध्यम से फील्ड ऑफिसर एवं बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर के कुल 38 पदों पर भर्ती की जाएगी।

इन पदों के लिए 12वीं एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण आवेदकों की नियुक्ति की जाएगी। रोजगार अधिकारी ने सभी योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं स्थान एवं समय पर उपस्थित होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय, मुंगेली से संपर्क कर सकते हैं।

# ग्राम पंचायत कामता में जल संरक्षण के तहत घर-घर वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने के लिए ग्रामीणों ने संकल्प लिया



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कामता आदर्श ग्राम की ओर अग्रसर हो रहा है, यहाँ ग्रामीणों, जल वाहिनी सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने जागरूकता का परिचय दिया है। ग्राम पंचायत कामता में जल संरक्षण के तहत घर-घर वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने हेतु ग्रामीणों ने संकल्प लिया। ग्राम की महिलाओं ने कहा कि हम पक्के घरों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाएंगे तथा खपरैल वाले घरों में टिन की डोंगी लगाकर सोक पिट बनाएंगे ताकि भू-जल स्तर बढ़ सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.डी.मण्डले ने बताया कि ग्राम कामता जल संरक्षण के क्षेत्र में यह प्रयास अन्य ग्रामों के लिए प्रेरणा स्त्रोत होगा। उन्होने ग्रामीणों के इस जल संरक्षण के कार्य की सराहना करते हुए जल संरक्षण अंतर्गत सोख्ता गढ्ढा एवं अधिक से अधिक पौधरोपण की अपील की। इसके साथ ही जलवाहिनी का सम्मान किया गया। इस दौरान विकास विस्तार अधिकारी डी.के.रात्रे नीरज वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा सहित जलवाहिनी सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बेमेतरा जिले में खाद यूरिया, डी ए पी सहकारी समितियों में उपलब्ध कराने की मांग

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन में बताया कि जनसंपर्क के दौरान बेमेतरा जिले के किसानो के द्वारा बेमेतरा जिले के सहकारी समिति में मिलने वाले खाद यूरिया, डीएपी की लगातार कमी की शिकायते प्राप्त हो रही है। खरीफ फसल लगाने का समय अति निकट आ चुका है, बेमेतरा जिला जो मुख्य रूप से कृषि प्रधान जिला है समय पर किसानो को खाद उपलब्ध नहीं होने के साथ दुगनी तिगनी किमत पर निजी दुकानो से खाद की खरीदी कर रहे है वह भी अब मिलना बंद हो चुका है। अगर समय पर शासन द्वारा किसानो के लिए पर्याप्त खाद की व्यवस्था नहीं की गई तो बेमेतरा जिले के किसानो को भारी क्षति होगी जिसे दृष्टिगत रखते हुए आपसे आग्रह है कि इस विषय पर जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक पहल करें।

# आबकारी विभाग मुंगेली की कार्रवाई, ग्राम सिलौटी में दबिश, 7.5 लीटर अवैध शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा 12 जून 2025 को अवैध शराब के खिलाफसघन अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम सिलौटी में दबिश देकर कुल 7.5 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई। कार्रवाई में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर शराब के अवैध निर्माण एवं विक्रय को रोकने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु अभियान लगातार जारी रहेगा। आम जनता से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें, जिससे त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## नारी शक्ति समाज की सजग प्रहरी : एसएसपी शशिमोहन

# सड़क, सायबर सुरक्षा समेत नशा व कुरीति उन्मूलन पर कार्यशाला संपन्न

- सजग समाज, सुरक्षित भविष्य कार्यशाला में एक दर्जन गांव की महिलाएं जुटीं
- जशपुर पुलिस के साथ यूनिसेफ, जय हो की टीम ने ग्रामीणों को किया जागरुक

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पुलिससजग समाज, सुरक्षित भविष्य कार्यशाला में एक दर्जन गांव की महिलाएं जुटीं जशपुर पुलिस के साथ यूनिसेफ, जय हो की टीम ने ग्रामीणों को किया जागरुक के साथ यूनिसेफ के संयुक्त प्रयास से बगीचा के महादेवडांड में सड़क सुरक्षा, सायबर अपराध जागरूकता समेत नशा व कुरीति उन्मूलन पर एक दिवसीय कार्यशाला सजग समाज सुरक्षित भविष्य का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में जशपुर एसएसपी शशिमोहन सिंह ने आमजनों को जागरुक किया। एसडीओपी दिलीप कोसले, जनपद पंचायत अध्यक्ष गायत्री नागेश, डीडीसी मोनिका टोप्पो, यूनिसेफ के जिला समन्वयक तेजराम सारथी विशिष्ट अतिथि के रुप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जशपुर एसएसपी शशिमोहन सिंह के निर्देशन में गांव गांव में सतत जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बगीचा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महादेवडांड शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सजग समाज सुरक्षित भविष्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत यूनिसेफ के जिला समन्वयक तेजराम सारथी ने की जिसमें उन्होंने सजग समाज सुरक्षित समाज विषय पर आयोजित कार्यशाला का परिचय देते हुए इसके उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यशाला का आयोजन सड़क, सायबर सुरक्षा, मानव तस्करी, नशा मुक्ति समेत समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों के विरुद्ध ग्रामीणों का जागरुक करना है। महादेवडांड की महिला समूहों ने मधुर स्वागत गान एवं पारंपरिक नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया।डीडीसी मोनिका टोप्पो के नेतृत्व में महिलाओं ने नुक्कड़ नाटक सब कुछ ठीक है का प्रदर्शन किया जिसे ग्रामीणों ने खूब सराहा।इस नुक्कड़ नाटक में उन्होंने महिला समूहों के साथ समाज व परिवार का जीवंत चित्रण करते हुए यातायात सुरक्षा के प्रति हेलमेट पहनने के लिए लोगों को जागरुक किया। बड़े महानगरों की ओर जाकर मानव तस्करी के दलदल में फंसने वाली पीड़ितों के दर्द को उन्होंने नाटक के माध्यम से दर्शाते हुए अपने बच्चों को इससे दूर रहने की सलाह देते हुए शिक्षा एवं स्वावलंबन के लिए जागरूक किया। एसडीओपी दिलीप कोसले ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी।उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने की सलाह देते हुए कहा कि इसकी शुरुआत हम अपने आप से से अपने घर परिवार से करें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में हम कमी ला सकते हैं।जब हम सुरक्षित सफर करेंगे तो हमारा जीवन भी सुखमय होगा। शासकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर राजीव रंजन तिग्गा ने मानव तस्करी पर स्वरचित गीत का गायन कर लोगों को जागरुक किया। रामकृष्ण आश्रम के संगीत शिक्षक अवधेश पुरी व पीटीआई मधु ध्रुव ने हारमोनियम एवं तबले पर संगत करते हुए सड़क सुरक्षा संबंधी गीत का गायन कर ग्रामीणों को यातायात सुरक्षा का संदेश दिया समाजसेवी योगेश थवाईत ने नशे के भयंकर दुष्परिणामों को बताते हुए नशे से होने वाली वास्तविक नुकसान को गीत के माध्यम से समझाया।उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जब निरामूर्ख गधा जैसा जानवर भी नशा नहीं करता तो फिर समझदार मानव नशा क्यों करता है।उन्होंने शराब एवं गुटखे के दुष्परिणामों को विस्तार से बताया। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नारी समाज की सबसे बड़ी सुधारक होती है। घर, परिवार, समाज, राष्ट्र एवं विश्व के निर्माण में नारियों का अहम योगदान है। कार्यक्रम में महिलाओं की अधिकता को देखते हुए उन्होंने नारी शक्ति को नमन करते हुए कहा कि यह बड़ी बात है कि नारियों ने अपनी शक्ति को पहचाना है और जशपुर पुलिस के साथ मिलकर सजग समाज सुरक्षित भविष्य के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित हुई हैं। उन्होंने बताया कि बड़ी विभीषिकाओं के सामने समाज की सारी सकारात्मक शक्तियां एकजुट होकर कार्य करने में लगी हुई हैं जिससे स्पष्ट है कि आने वाले समय में एक सभ्य सुसंस्कृत समाज की स्थापना होगी। नकारात्मक शक्तियों का नाश होगा।उन्होंने बताया कि सायबर अपराध अदृश्य शक्तियों के रुप में हर किसी को प्रभावित कर रहा है इससे सजग रहने की आवश्यकता है।अपने सुखद भविष्य के लिए हमें आज से ही यातायात नियमों का पालन करना है। जीवन में यदि हम नशे से से दूर होते हैं तो हमारा घर परिवार समाज सुसंस्कृत होगा।

सद्गुणों का विस्तार होगा जो हमें सुखद भविष्य की ओर ले जाएगा।महिलाओं को जागरुक करते हुए घरेलू हिंसा के विरुद्ध बने कानून की जानकारी उन्होंने महिलाओं को दी।एसएसपी शशि मोहन सिंह ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि जागरूकता ही समाज में सबसे बड़ा बदलाव लेकर आने वाला है।स्वयं भी जागरुक रहें औरों को भी जागरूक करें।महादेवडांड में आगामी दिनों में पुलिस चौकी खोले जाने संबंधी मांग पर उन्होंने बताया कि शासन से स्वीकृति मिल चुकी है कुछ औपचारिकताओं के पूर्ण होते ही महादेवडांड में पुलिस चौकी का शुभारंभ हो जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में शिक्षा का नया सूर्योदय अब कोई स्कूल शिक्षक विहीन नहीं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एक नया आयाम स्थापित किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी नीति के चलते आज प्रदेश का प्राथमिक से लेकर हायर सेकण्डरी तक कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं रह गया है। राज्य की एकल शिक्षकीय शालाओं की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी आई है। यह परिवर्तन युक्तियुक्तकरण के माध्यम से संभव हो सका है, जिसका उद्देश्य राज्य के शैक्षणिक संसाधनों का न्यायसंगत उपयोग, शिक्षकों की तर्कसंगत पदस्थापना और शिक्षा के अधिकार अधिनियम व नई शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप शालाओं में आवश्यकता के अनुरुप शिक्षकों की पदस्थापना रहा है। गौरतलब है कि युक्ति -युक्तकरण से पर्व प्रदेश में 453 विद्यालय शिक्षक विहीन और 5936 विद्यालयों में मात्र एक ही शिक्षक पदस्थ था। विशेषकर सुकमा, नारायणपुर और बीजापुर जैसे दूरस्थ और संवेदनशील जिलों में यह समस्या अधिक थी। इस विसंगति को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने जिला, संभाग और राज्य स्तर पर तीन चरणों में शिक्षकों की काउंसलिंग की प्रक्रिया चलाई। इसके परिणामस्वरूप, आज प्रदेश का कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं है और सभी हाई स्कूलों में न्यूनतम आवश्यक शिक्षक नियुक्त किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युक्ति-युक्तकरण के जरिये स्कूलों में शैक्षिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हमने यह ठान लिया था कि छत्तीसगढ़ में अब कोई बच्चा शिक्षक के बिना नहीं पढ़ेगा। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से हम न केवल शिक्षा के अधिकार अधिनियम का पालन कर रहे हैं, बल्कि एक मजबूत और समान शिक्षा प्रणाली की नींव भी रख रहे हैं। यह सिर्फ स्थानांतरण नहीं, यह शिक्षा में न्याय की पुनर्स्थापना है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि एकल शिक्षकीय शालाओं की स्थिति में सुधार सरकार की प्राथमिकताओं में है और आगामी महीनों में पदोन्नति और नई नियुक्तियों के माध्यम से इन विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षक भेजे जाएंगे। राज्य सरकार अब उन 1207 प्राथमिक विद्यालयों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जहां अभी भी एक शिक्षक है। इसके समाधान हेतु प्राथमिक शाला प्रधान पाठकों की पदोन्नति, शिक्षकों की पदस्थापना तथा भर्ती प्रक्रिया को प्राथमिकता देने की रणनीति बनाई गई है। राज्य में एकल शिक्षक वाले प्राथमिक विद्यालयों में बस्तर जिले में 283, बीजापुर 250, सुकमा 186, मोहला-मानपुर-चौकी 124, कोरबा 89, बलरामपुर 94, नारायणपुर 64, धमतरी 37, सूरजपुर 47, दंतेवाड़ा 11, अन्य जिले में मात्र 22 शालाएं है। इन शालाओं में जल्द ही आवश्यकता के अनुसार शिक्षकों की तैनाती की जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास शिक्षा को समावेशी बनाने और हर बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर उपलब्ध कराना है। इस पूरी प्रक्रिया ने यह साबित किया है कि युक्तियुक्तकरण केवल प्रशासनिक कवायद नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक न्याय आधारित शिक्षा सुधार है, जिसके केंद्र में हर बच्चा, हर गांव, हर स्कूल है।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं गोपेश साहू (पार्षद) वार्ड क्रमांक 9 के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन, एवं गोपेश साहू (पार्षद) वार्ड क्रमांक 9 मोती लाल नेहरु वार्ड के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 14 जून शनिवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पार्षद कार्यालय कचना में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें जनरल मेडिसिन से डॉ धनेन्द्र साहू, नेत्र रोग से निधि पाण्डेय और दंत रोग से डॉक्टर बासित अस्पताल जन संपर्क विभाग से चंद्रकांत श्रीवास, वीरेंद्र खुटेल,आकाश, देवेन्द्र एवं नर्सिंग दीपिका, अंजना, मालती एवं पार्षद गोपेश साहू, विनय, नवीन वर्मा, कमल वर्मा, दिलीप साहू तथा अन्य सदस्यगण, वार्डवासी उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, दंत रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी, निःशुल्क दांतों कि सफाई व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन जैसी योजनाओ की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# मां विहार कॉलोनी में शिफ्ट किए प्रगति नगर के रहवासी, तत्काल दिया गया आवास, शिफ्टिंग में सहयोग के लिए प्रशासन की टीमें तैनात

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



प्रगति नगर से विस्थापित हुए परिवारों को जिला प्रशासन द्वारा मां विहार में बने प्रधानमंत्री आवास में शिफ्ट किया जा रहा है। यहां उनके रहने की व्यवस्था की गई है। लोगों के सामान की शिफ्टिंग के लिए नगर निगम की टीमें लगी हुई हैं। लोगों के सामान को लोड कर मां विहार कॉलोनी में उन्हें दिए जा रहे आवासों में कॉलोनी में पहुंचाने का काम नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। यहां शिफ्ट हो रहे लोगों के भोजन की व्यवस्था भी की गई है। मां विहार कॉलोनी में शिफ्ट हुए लल्लू तिवारी ने बताया कि कॉलोनी में सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। यहां हमें पक्के मकान मिल रहे हैं। जिससे मकान की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। यहां पानी, बिजली, नाली की व्यवस्था है। चारों ओर बाउंड्रीवाल है। साफ -सफाई की व्यवस्था भी नगर निगम द्वारा करवाई गई है। उन्होंने बताया कि जहां रह रहे थे वहां रिश्ता करने में भी हमें दिक्कत होती थी। अब एक अच्छे और व्यवस्थित कॉलोनी में रहने को मिलेगा तो परिवार का जीवन भी बेहतर होगा। इसी प्रकार उपाध्याय ने कहा जिला प्रशासन की ओर से रहने के लिए तत्काल मकान दिया गया है। सामान की शिफ्टिंग में हर संभव मदद किया जा रहा है। नगर निगम की टीम हमारे सामान की लोडिंग-अनलोडिंग में सहायता कर रही है। यहां एक सुरक्षित कैंपस में हमें घर दिया गया है। रूपकुंवर श्रीवास ने कहा नगर निगम द्वारा आवास दिया गया है। सामान लाने और यहां चढ़ाने में भी सहयोग दिया जा रहा है। हमें तत्काल पक्का मकान दिया गया है। यहां रहने के लिहाज से नगर निगम द्वारा सारी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रगति नगर से जिन्हें शिफ्ट किया जाना हुआ उनके सहयोग के लिए प्रशासन की टीमें तैनात हैं। मां विहार कॉलोनी में रहने की व्यवस्था की गई है। यहां पहुंचने वाले लोगों को आवास दिए जा रहे हैं। इसके लिए यहां हेल्प डेस्क बनाया गया है। लोगों की शिफ्टिंग के लिए नगर निगम का अमला लोगों का सहयोग कर रहा है।


# रायपुर में फर्जी दस्तावेजों के सहारे रह रहे बांग्लादेशी दंपत्ति गिरफ्तार, 16 वर्षों से अवैध रूप से कर रहे थे निवास

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की राजधानी में फर्जी दस्तावेजों के सहारे अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी दंपत्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दिलावर खान (49) और उसकी पत्नी परवीन बेगम (44) के रूप में हुई है, जो पिछले करीब 16 वर्षो से रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र अंतर्गत धरमनगर इलाके में किराये के मकान में रह रहे थे। 13 जून को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को सूचना मिली कि कुछ विदेशी नागरिक फर्जी पहचान के आधार पर रायपुर में रह रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक डॉ. उमेद सिंह के निर्देश पर एंटी क्राइम यूनिट व टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम ने धरमनगर क्षेत्र में दबिश दी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दिलावर खान से जब दस्तावेज मांगे गए, तो उसने भारतीय पासपोर्ट और कक्षा 8वीं की मार्कशीट प्रस्तुत की। जांच में पाया गया कि मार्कशीट फर्जी है और 35 वर्ष की उम्र में जारी कराई गई है। मोबाइल की जांच में भी कई बांग्लादेशी नंबर मिले, जिसमें उसकी बहन सहित कई संबंधियों के नाम सामने आए हैं। पासपोर्ट से यह भी खुलासा हुआ कि वह चार बार भारत-बांग्लादेश के बीच यात्रा कर चुका है। पूछताछ में दिलावर ने बताया कि वह करीब 15 वर्ष पूर्व भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर रायपुर आया था और अंडा ठेले के जरिए जीवनयापन कर रहा था। बाद में उसने अपनी पत्नी और एक वर्षीय बच्ची को भी अवैध रूप से भारत बुलाया और उनके भी फर्जी दस्तावेज तैयार करवा लिए।

# फादर्स डे पर डॉ. मानसी पत्तेवार की पुस्तक 'The Secrets of Joyful Fatherhood' का विमोचन




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रसिद्ध गर्भसंस्कार विशेषज्ञ एवं फैमिली फिजिशियन डॉ. मानसी पत्तेवार द्वारा लिखित 'The Secrets of Joyful Fatherhood' का विमोचन आगामी 15 जून, अंतरराष्ट्रीय फादर्स डे के दिन किया जाएगा। यह पुस्तक आधुनिक युग के पिताओं के लिए मार्गदर्शक है, जो गर्भावस्था के दौरान अपनी पत्नी और अजन्मे शिशु के साथ कैसे भावनात्मक रूप से जुड़े रहें, यह सिखाती है। डॉ. मानसी कहती हैं, हर कोई माँ को मार्गदर्शन करता है, लेकिन पिताओं के लिए कोई स्पष्ट मार्गदर्शन नहीं होता, जबकि वे भी गर्भावस्था का अहम हिस्सा होते हैं। यह पुस्तक एक पिता की यात्रा को सुंदर और सक्रिय रूप में प्रस्तुत करती है। नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने में माता-पिता दोनों का अहम महत्व है ? यह पुस्तक भावनात्मक, मानसिक और आध्यात्मिक जुड़ाव पर ज़ोर देती है – जो एक बेहतर, सुखद और स्वस्थ पारिवारिक जीवन की नींव बनाता है ।

## अश्लील वीडियो कॉलिंग में फंसाकर ब्लैकमेल किये जाने कारण एक व्यक्ति ने की आत्महत्या

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में अश्लील वीडियो कॉलिंग में फंसाकर ब्लैकमेल किये जाने कारण एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। यह घटना भिलाई के वैशाली नगर थाना क्षेत्र की है। मृतक युवक की पहचान 30 वर्षीय हरविंदर सिंह उर्फसन्नी के रूप में हुयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरविंदर को कुछ अज्ञात लोगों द्वारा अश्लील वीडियो कॉलिंग के जरिये फंसा कर उससे 20 हजार रुपये की मांग की गयी। उसने फोन पे के माध्यम से दो हजार रुपये भी ट्रांसफर कर दिये थे। अपराधियों की ओर से लगातार डाले जा रहे मानसिक दबाव और धमकियों से परेशान होकर उसने रेलवे पटरी पर आत्महत्या कर ली। उसका शव दो टुकड़ों में मिला। बताया जा रहा है कि सन्नी अपने घर से शुक्रवार की सुबह छह बजे गुरुद्वारा जाने के लिए बाइक से निकला था।

# ईडी ने साक्ष्य और तथ्यों के आधार पर की कार्रवाई : अरुण साव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर निवास में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कोंटा में ईडी की कार्यवाही पर कहा कि, छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस के सरकार द्वारा क्रिमिनल सिंडिकेट बनाकर दो हजार करोड़ रुपए से अधिक का शराब घोटाला किया गया। इस मामले में ईडी जांच कर रही है। जांच में साक्ष्य और तथ्य पाए जाने पर कार्रवाई की गई है। आगे उन्होंने कहा कि, शराब घोटाले से संबंधित जितनी प्रापर्टी जांच में सामने आ रही है, ईडी उसे अटैच कर रही है। कांग्रेस के आरोप पर साव ने कहा कि, हर कार्यवाही के बाद कांग्रेस अनर्गल बातें करती है, वास्तविकता यही है कि कांग्रेस कार्यकाल में करोड़ों रुपए का शराब घोटाला हुआ है। उप मुख्यमंत्री साव ने रायगढ़ और अंबिकापुर में बुलडोजर कार्रवाई पर कहा कि, सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा होने पर प्रशासन नियमानुसार नोटिस देकर अवसर देती है, इसके बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटता तो प्रशासन के पास कार्रवाई के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता है। यह अंतिम विकल्प है। साव ने शाला प्रवेश उत्सव पर कहा कि, साय सरकार शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। फिलहाल युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान प्रारंभ किया है। इससे ड्रॉप आउट कम करने का प्रयास किया जा रहा है। शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से जन जागरूकता शुरू किया है। सरकार का उददेश्य प्रत्येक बालक स्कूल आकर पढ़ाई करें, कोई शिक्षा के अधिकार से वंचित ना रहे।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403